**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 22.6 |
| डालटनगंज | 33.4 | 24.3 |
| धनबाद | 32.4 | 25.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 28 अगस्त 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 141 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेल-2030 का दावेदार

**नयी दिल्ली।** भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगा. ये दावेदारी इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित करने के लिए होगी. केंद्रीय केबिनेट ने बुधवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की. पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राष्ट्रमंडल खेल-2030 के लिए बोली पेश करने के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी.

### 15 को पूर्णिया एयरपोर्ट का पीएम करेंगे उद्घाटन

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने 15 सितंबर को एक बार फिर बिहार आएंगे. यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी. उन्होंने बताया कि पीएम मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आएंगे. वे पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही सीमांचल को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे. मोदी के दौरे को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है.

### पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी हुए ढेर

**गढ़चिरौली।** पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं. मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गांव में तलाशी अभियान शुरू किया. तलाशी के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो लगातार जारी थी.

### सीरिया पर ड्रोन हमला छह सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इजरायली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं. यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी. सरकारी टीवी चैनल के अनुसार, दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ. हमले में छह सैनिकों की जान चली गई. वहीं इस हमले पर इजरायली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है.

### गिल की बादशाहत पर नहीं पड़ा असर

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं. वहीं हाल में मकाय में सीरीज के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है. हालांकि सीरीज दक्षिण अफ्रीका ने जीती. गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं. कोहली के 736 अंक हैं.

---



• नीरज सिंह (फाइल फोटो)

## धनबाद : नीरज सिंह हत्याकांड में धनबाद एमपी-एमएलए कोर्ट का आया फैसला

# संजीव समेत सभी आरोपी रिहा

- फैसले के बाद सिंह मेंशन समर्थकों में जश्न, बंटी मिठाइयां, मैंशन के बाहर जमकर आतिशबाजी
- फैसले को लेकर कोर्ट परिसर से लेकर कचहरी रोड में थी सख्त सुरक्षा व्यवस्था

**रिजवान शम्स। धनबाद**

कोयलांचल के बहुचर्चित नीरज सिंह हत्याकांड मामले में विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया. इस सनसनीखेज मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत सभी 10 आरोपियों को बरी कर दिया गया. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने में विफल रहा. यह फैसला 21 मार्च 2017 को हुई पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह और उनके तीन साथियों अशोक यादव, घल्टू महतो और मुन्ना तिवारी की हत्या से जुड़ा है, जिसमें सैकड़ों राउंड गोलियां चलाई गई थीं. फैसले के दिन कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व थी. कोर्ट के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था. कोर्ट तक पहुंचने वाले हर रास्ते में पुलिस की चेकिंग चल रही थी. सिर्फ इतना ही नहीं शहर के हर प्रवेश मार्ग पर पुलिस की तैनाती थी. बावजूद इसके फैसले से पहले कोर्ट के बाहर संजीव सिंह के समर्थकों की भारी भीड़ जमा थी.

जैसे ही कोर्ट ने संजीव सिंह और अन्य आरोपियों को बरी करने का ऐलान किया, समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई. कोर्ट परिसर के बाहर "संजीव सिंह जिंदाबाद" के नारे गूंजने लगे. समर्थकों ने इसे "सत्य की जीत" करार दिया. संजीव सिंह की पत्नी और झरिया की वर्तमान बीजेपी विधायक रागिनी सिंह ने कहा, हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था. आज असत्य पर सत्य की जीत हुई है. नीरज सिंह हत्याकांड कोयलांचल की सियासत में वर्चस्व की लड़ाई से जोड़ा जाता रहा है. नीरज सिंह और संजीव सिंह, जो चचेरे भाई थे, एक ही राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन उनके बीच लंबे समय से तनाव था. इस हत्याकांड ने 2017 में पूरे धनबाद में सनसनी फैला दी थी. संजीव सिंह 2017 से जेल में थे और हाल ही में 8 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी. फैसले के बाद संजीव सिंह के समर्थकों ने धनबाद में जश्न मनाया. एक दूसरे को मिठाई खिलाई और सिंह मैंशन के बाहर जमकर आतिशबाजी भी हुई. रागिनी सिंह ने कहा कि संजीव जल्द ही जनता की सेवा में फिर से जुटेंगे. दूसरी ओर, नीरज सिंह के समर्थकों में निराशा देखी गई.

**कोर्ट ने कहा, अभियोजन आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोप को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा**



समर्थकों की भीड़





प्रशासन मुस्तैद

**ये हुए बरी**

झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह, संजय सिंह, डब्लू मिश्रा, धनजी सिंह, पिंटू सिंह, संजीव सिंह, सोनू उर्फ कुर्बान, सागर उर्फ शिबू, चंदन उर्फ सतीश ,विनोद कुमार सिंह, पंकज सिंह.

### अस्पताल से स्ट्रेचर पर कोर्ट पहुंचे संजीव सिंह

धनबाद। संजीव सिंह को जमानत मिलने के बाद भी उनका इलाज जारी है. जमानत के बाद उनका धनबाद से बाहर इलाज चल रहा था. फैसले को लेकर उन्हें धनबाद पहुंचना था. इस कारण वे धनबाद आए. उन्हें स्ट्रेचर के माध्यम से कोर्ट लाया गया. फैसले सुनाने के बाद उन्हें एंबलेंस के माध्यम से कोर्ट से ले जाया गया. हालांकि समर्थकों ने उन्हें देखकर जमकर नारेबाजी की.



### टाइमलाइन

- 3:29 : अभिषेक सिंह अपने दो भाई व वकील के साथ पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:32 : जेल में बंद तीन अभियुक्तों को वीसी से पेश करने की प्रक्रिया
- 3:35 पंकज व संजय सिंह के अधिवक्ता पंकज प्रसाद पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:38 : फैसला सुनने के लिए कोर्ट रूम के बाहर वकीलों खचाखच भीड़
- 3:39 : पुलिस ने वकीलों को को कोर्ट रूम के अंदर जाने से रोका, हंगामा शुरू
- 3:39 : धक्का–मुक्की शुरू
- 3:41 : एसपी पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:44 : वीसी से बिनोद सिंह की धनबाद जेल से हुई पेशी
- 3:48 : एपीपी सतेन्द्र राय पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:51 : संजीव सिंह को कोर्ट रूम मे लाने के लिए एसएसपी ने बाहर भीड़ को कंट्रोल करने का दिया आदेश
- 3:56 : कुरबान के अधिवक्ता केके तिवारी पहुंचे कोर्ट
- 3:57 : पंकज सिंह, घनजी सिंह और संजय सिंह पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:58 : पिंटू सिंह पहुंचे कोर्ट रूम
- 3:58 : डब्लू मिश्रा पहुंचे कोर्ट रूम
- 4:05 : स्ट्रेचर पर संजीव सिंह को कोर्ट रूम के अंदर पीछे के गेट से कड़ी सुरक्षा में लाया गया



- 4:09 : कार्रवाई हुई शुरू, कोर्ट ने पहले डब्लू मिश्रा का नाम पुकारा. फिर एक एक करके सभी अभियुक्तों का कुर्बान के विषय में पूछा क्यों नहीं आया
- 4:13 : डब्ल्यू मिश्रा शान्त, संजय सिंह मन ही मन कर रहे मंत्र का जाप, चेहरे से बुदबुदाने के आवाज, धनजी भी हाथ जोड़ कर कर रहे थे ईश्वर को याद
- 4:15 : पिंटू के चेहरे पर बेचैनी
- 4:19 : कुरबान अली गूगल मीट के द्वारा कोर्ट में हुए पेश
- 4:20 जज ने फैसला पढ़ना किया शुरू
- 4:23 : कहा, सभी आरोपित किए गए रिहा. अभियोजन आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोप को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा.

### शाम का अंधेरा फैलने से पहले बुझ गए थे चार घरों के चिराग

कोयला राजधानी धनबाद 21 मार्च 2017 की उस भयावह शाम को आज भी नहीं भूल पाई है, जब ठीक शाम 7 बजे शहर की सड़कों पर गोलियों की तड़तड़ाहट ने दहशत का ऐसा मंजर बना दिया था कि लोग सहम उठे थे. अंधाधुंध फायरिंग में नीरज सिंह, उनके करीबी अशोक यादव, निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी और ड्राइवर घोल्टू की मौके पर ही मौत हो गई थी.

शाम का समय था और अंधेरा हो रहा था. इसी बीच सरायढेला स्टील गेट के जिगजैग ब्रेकर के पास नीरज की काली रंग की स्कार्पियो धीमी होती है. इससे पहले ही स्कार्पियो जिगजैग को क्रास करती, तभी उनके चालक को सामने से चलाई गई एक गोली आकर लगती है. इसके बाद फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका गूंज उठता है. स्कार्पियो में नीरज सिंह आगे में चालक के बगल वाली सीट पर बैठे होते हैं, जो गोलियों से छलनी हो जाते हैं और उनके साथ स्कार्पियो पर सवार अन्य तीन लोगों की भी मौत हो जाती है. पुलिस रिकार्ड के मुताबिक शूटरों ने नाइन एमएम पिस्टल से गोलियां चलाई थी. पुलिस के मुताबिक चार शूटर थे और उन्होंने गोलियां खत्म होने के बाद अपने मैगजीन भी बदले थे और फिर फायरिंग की थी. यानी कि पिस्टल की गोलियां खत्म होने के बाद फिर से पिस्टल में गोलियां लोड की गई और फिर गोलियां बरसाई गई थी. एक महिला चश्मदीद जो स्कूटी पर सवार थी, उसने शूटरों को देखा था. उसने वारदात के बाद बताया था कि वो भी ब्रेकर के पास ही गिर गई थी. गोलियां चलने की आवाज पर उसने देखा था कि एक शूटर दनादन फायर कर रहा था. एक बार उसने अपनी पिस्टल का मुंह उस महिला की तरफ भी किया था, तब महिला डर के मारे आंखें बंद कर वहीं सड़क पर ही लेट गई थी. थोड़ी देर बाद जब गोलियों की आवाज बंद हुई तो उसने अपनी आंखें खोली थी. तब तक शूटर वहां से फरार हो चुके थे. तब महिला की जान में जान आई थी.

**जाते–जाते गर्दन पर मारी थी गोली :** शूटरों ने पहले तो वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी. इसके बाद जब उन्हें लगा कि सभी को मौत के घाट उतार दिया है. तब जाकर उनमें से एक शूटर खुद नीरज सिंह की सीट की तरफ गया, वहां जाकर उसने नीरज सिंह को करीब से देखा और फिर अपनी पिस्टल से एक गोली नीरज सिंह की गर्दन पर भी चलाई थी. शूटर का इरादा था कि नीरज सिंह के जिंदा बचने का कोई चांस न हो, और हुआ भी ऐसा ही. गोलियों से छलनी नीरज सिंह की मौत हो गई.

---

## बिहार विस चुनाव से पहले 'पुराने रंग' में लौटा बिहार

# नालंदा में मंत्री और विधायक को खदेड़ा, पटना में थानेदार को पीटा

**शुभम संदेश। पटना**

चुनाव से पहले बिहार पुराने रंग में दिखने लगा है. बुधवार सुबह नालंदा के हिलसा में मंत्री श्रवण कुमार सड़क हादसे में मारे गए नौ लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे. लेकिन वहां उन्हें लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा. लोगों ने मंत्री को खदेड़ दिया और वह जान बचाकर भागे. दूसरी तरफ पटना के गर्दनीबाग में स्कूल छात्रा की ओर से आत्मदाह के प्रयास की जांच करने पहुंचे एसएचओ की लोगों ने पिटाई कर दी.

नालंदा में बिहार के मंत्री श्रवण कुमार व विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया. हमले में मंत्री और विधायक बाल-बाल बच गए, लेकिन बॉडीगार्ड घायल हो गये. घटना हिलसा थाना इ



के मलावां गांव की है. मंत्री-विधायक हादसे में मारे गए 9 लोगों के परिजन से मिलने पहुंचे थे. इसी दौरान मंत्री के काफिले पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया. भीड़ इतने गुस्से में थी कि लोगों ने करीब एक किमी तक काफिले का पीछा किया. मंत्री-विधायक किसी तरह से मौके से भागे. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. दरअसल मंत्री और विधायक वापस लोगों से मिल कर जब लौटने लगे तभी ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया. थोड़ी देर में ही ग्रामीण उग्र हो गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया. इसके बाद मंत्री जी भाग लिए और लोगों ने उन्हें दौड़ा लिया.

**लोगों ने कर दी एसएचओ की पिटाईः** गर्दनीबाग में छात्रा ने स्कूल में खुद को आग लगाने का प्रयास किया. छात्रा अमला टोला बालिका विद्यालय में पढ़ती थी. उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया. इसके बाद लोगों ने गर्दनीबाग बालिका विद्यालय में हंगामा किया. छात्रा को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. पुलिस मामले की जांच के लिए स्कूल पहुंची थी. स्कूल के बाहर लगी भीड़ ने बिल्डिंग के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर दिया और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. इस दौरान गुस्साएं लोगों ने एसएचओ की पिटाई कर दी.

### वैष्णो देवी यात्रा रूट पर भूस्खलन से 34 श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसियां। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से हालात काफी बिगड़ गए हैं. कटरा स्थित माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बुधवार को हुए बड़े भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हुए हैं. कई जगहों पर भूस्खलन के बाद मलबा जमा होने और पत्थर गिरने से जम्मू-कटरा राजमार्ग बंद हो गया है. भारी बारिश के कारण नॉर्दर्न रेलवे ने बुधवार को 22 ट्रेनें रद्द कर दीं और 27 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया. इनमें वैष्णो देवी बेस कैंप से चलने वाली 9 ट्रेनें भी शामिल हैं. पूरे इलाके में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है. इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने इन घटनाओं पर गहरा दुख जताया है. एक्स पोस्ट में मोदी ने कहा, श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण हुई जनहानि दुखद है.

-पेज 12 भी देखें...

## एमके स्टालिन की तमिल स्पीच, हिंदी में समझाता रहा ट्रांसलेटर

# बिहार में वोटर लिस्ट से नाम हटाना आतंकवाद से भी बुरा

- मुजफ्फरपुर पहुंचे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ स्टालिन ने मंच साझा किया

**शुभम संदेश। मुजफ्फरपुर**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन बुधवार को चुनावी रैली के सिलसिले में बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंचे. राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ मंच साझा करते हुए स्टालिन ने तमिल भाषा में मुजफ्फरवासियों को संबोधित किया. इसका अनुवाद एक व्यक्ति हिंदी भाषा में कर रहा था. लोगों की जयकार और सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन ने मुजफ्फरपुर में समां बांध दिया. राहुल गांधी-तेजस्वी यादव के वोट चोरी के आरोपों का समर्थन करते हुए तमिलनाडु के सीएम ने कहा कि मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से मिटाना आतंकवाद से भी बुरा है.

स्टालिन ने कहा कि बिहार का जिक्र होते ही हमें आदरणीय लालू प्रसाद यादव का नाम याद आता है. हमारे नेता करुणानिधि और लालू जी घनिष्ठ मित्र रहे. कितने ही मुकदमे और धमकियां आईं, लेकिन लालू जी भारत के सबसे बड़े नेताओं में बनकर खड़े हैं. उनके ही पदचिह्नों पर तेजस्वी आगे बढ़ते हुए संघर्ष कर रहे हैं. पिछले एक महीने से पूरा भारत केवल बिहार को देख रहा है. तमिलनाडु सीएम ने कहा कि भारत के लोकतंत्र पर जब भी खतरा आया तो क्रांति का बिगुल बिहार से ही बजा. डीएमके अध्यक्ष अपनी बहन और पार्टी सांसद कनिमोझी के साथ पहुंचे. यहां वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, राजद के तेजस्वी यादव और सीपीआई (माले) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य के साथ चल रही मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल हुए. स्टालिन ने कहा कि पिछले एक महीने से पूरा देश बिहार पर नज़र गड़ाए हुए है.

चुनाव आयोग रिमोट कंट्रोल वाली कठपुतली बन गया है. उन्होंने पूछा, क्या 65 लाख लोगों के नाम (ड्राफ्ट मतदाता सूची से) हटाना आतंकवाद से भी बदतर नहीं है? डीएमके प्रमुख ने अपने गठबंधन सहयोगी की सराहना करते हुए कहा, लेकिन आप राहुल गांधी को डरा नहीं सकते. उन्होंने जोर देकर कहा, मैंने तेजस्वी के साथ राहुल की दोस्ती देखी है, जो साथ में बाइक चलाते हैं. यह दोस्ती आम राजनीतिक साझेदारी से कहीं ज़्यादा गहरी है. और मुझे यकीन है कि अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए तो भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए हार जाएगा. स्टालिन ने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत के बाद मैं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए फिर आऊंगा.



### राहुल ने चुनाव आयोग पर फिर बोला हमला, कहा

## गुजरात की गुमनाम पार्टियों को मिला 4300 करोड़ का चंदा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर हमला बोला है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से सवाल किए हैं. राहुल गांधी ने जिस मीडिया रिपोर्ट को साझा किया है, उसमें दावा किया गया है कि गुजरात में कुछ 'अनाम दलों' को 2019–20 और 2023–24 के बीच 4,300 करोड़ रुपये का चंदा मिला है. राहुल गांधी ने आयोग पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या चुनाव आयोग इसकी जांच करेगा या हलफनामा मांगेगा. उन्होंने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की. इसमें दावा किया गया है कि इन दलों ने तीन चुनावों 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में कुल 43 उम्मीदवार उतारे थे, जिन्हें मिलकर सिर्फ 54,069 वोट मिले. वहीं, इनकी चुनाव रिपोर्ट में इन पार्टियों का खर्च 39.02 लाख रुपये दर्ज है, जबकि ऑडिट रिपोर्ट में 3,500 करोड़ रुपये के खर्च का हिसाब दिखाया गया है.

---

## 100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज विषय पर व्याख्यानमाला में बोले मोहन भागवत

# हिंदुत्व का सार सत्य, प्रेम, समाज-जीवन में संतुलन ही धर्म

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व का सार सत्य, प्रेम और अपनापन है. समाज और जीवन में संतुलन ही धर्म है, जो किसी भी प्रकार के अतिवाद की ओर नहीं जाने देता. इसी संतुलन को भारत की परंपरा ने मध्यम मार्ग कहा है और यही दुनिया की सबसे बड़ी आवश्यकता है.

डॉ. भागवत संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां के विज्ञान भवन में 100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज' विषय पर तीन दिवसीय व्याख्यानमाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य किसी के विरोध में नहीं है बल्कि निष्ठा और सज्जनों से मैत्री की भावना के साथ आगे बढ़ा है. संघ स्वयंसेवक सुविधा-भोगी नहीं होता, उसे न कोई प्रोत्साहन मिलता है, न ही लाभ, बल्कि समाज-कार्य में आनंद का अनुभव ही उसका प्रेरणास्रोत है. उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का आधार शुद्ध सात्विक प्रेम है। यह मोह नहीं बल्कि समाज के प्रति श्रद्धा है. ऋषि-मुनियों ने हमें यह सिखाया कि अपने लिए नहीं, बल्कि सबके लिए जीना ही जीवन की सार्थकता है.

**हिंदुत्व किसी संकीर्णता का नाम नहीं :** उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्णता का नाम नहीं है, बल्कि यह सत्य, प्रेम और अपनापन है. यही भावना भारत को विश्व के लिए बड़े भाई के रूप में प्रस्तुत करती है, ताकि





दुनिया जीवन की विद्या भारत से सीख सके. भागवत ने कहा कि बीते तीन सौ वर्षों में जड़वाद और उपभोक्तावादी विचारों ने जीवन की भद्रता को कम किया है. गांधी ने जिन सात सामाजिक पापों की चेतावनी दी थी- काम बिना परिश्रम, आनंद बिना विवेक, ज्ञान बिना चरित्र, व्यापार बिना नैतिकता, विज्ञान बिना मानवता, धर्म बिना बलिदान और राजनीति बिना सिद्धांत- वे आज और बढ़ गए हैं.

**संघ की यात्रा में कई कालखंड पार हुए :** डॉ. भागवत ने कहा कि संघ की 100 साल की यात्रा में उपेक्षा और विरोध के वातावरण में संघ के स्वयंसेवकों ने निष्ठा के बलबूते स्वयं को दांव पर लगाकर संघ को इन सभी कालखंडों से पार किया. इस दौरान कई कटु अनुभव आए, विरोध हुआ इसके बाद भी संपूर्ण समाज के लिए उनके हृदय में शुद्ध सात्विक प्रेम ही रहा और आज भी है. यही संघ है, शुद्ध सात्विक प्रेम ही संघ कार्य का आधार है. उन्होंने कहा कि अब वह समय नहीं रहा और आज अनुकूलता है. समाज की मान्यता है.

**संघ में आकर तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा :** उन्होंने कहा, लोग पूछते हैं कि संघ में आकर हमें क्या मिलेगा? मैं तो जवाब देता हूं कि तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा, तुम्हारे पास जो है वो भी चला जाएगा. हिम्मत है तो करो, ये हिम्मत वालों का काम है. स्वयंसेवक कर रहे हैं और इसलिए करते हैं कि समाज की ऐसी निःस्वार्थ सेवा करने के कारण उनको जो जीवन में सार्थकता प्राप्त होती है. वो जानते हैं कि वह जो कर रहे हैं वो सभी के हित में है. उन्हें तर्क से समझाना नहीं पड़ता. अपने जीवन की सार्थकता और पूरी दुनिया के हित के लिए हम ये काम कर रहे हैं ऐसी अनुभूति उनको इस पथ पर सतत परिश्रमशील रहने के लिए उनको प्रेरित करती है.

बिजली बिल में अनियमितता और गड़बड़ी पर भाजपा ने उठाए सवाल

# समय पर बिल भेजा नहीं जाता, तीन-चार महीने की मनमानी राशि के साथ भेजा जा रहा : अमर बाउरी

**शुभम संदेश। रांची**



रांची में बिजली बिलों में भारी अनियमितता को लेकर एक बार फिर हंगामा मच गया है. इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है. पूर्व मंत्री और भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने जेबीवीएनएल की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अविलंब बिजली बिलों में सुधार की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल नहीं मिलता और जब बिल आता है, तो तीन-चार महीने का एक साथ भेजा जा रहा है, वह भी मनमानी राशि के साथ. बाउरी ने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा बिल में संशोधन की मांग करने पर बिजली विभाग की ओर से उन्हें धमकाया जा रहा है.सर्टिफिकेट केस दर्ज करने या बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी देकर डर का माहौल बनाया जा रहा है.

## जेबीवीएनएल सख्त हुआ, जांच के आदेश

बिजली बिल गड़बड़ी की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने भी सख्त कदम उठाए हैं. मुख्य महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने सभी एरिया बोर्डों के जीएम और सर्किल अधीक्षण अभियंताओं को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि वे संबंधित उपभोक्ताओं के बिलों की जांच करें. साथ ही, जिन ऊर्जा मित्रों और कर्मचारियों पर बिल में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए. आरोप है कि कुछ कर्मचारी और ऊर्जा मित्र जानबूझ कर बिलों में हेराफेरी कर रहे हैं, जिसकी जांच के आदेश दिए गए हैं.

क्या हुआ 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा भाजपा नेता ने राज्य सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला है. इसके विपरीत, राज्य में लगातार बिजली कटौती हो रही है, जिससे लोग बेहद परेशान हैं. उन्होंने मांग की कि सरकार बिजली व्यवस्था में सुधार करे और उपभोक्ताओं को राहत दे.

कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया एटीएस मुख्यालय

# मयंक सिंह से 6 दिनों तक पूछताछ करेगी एटीएस

**शुभम संदेश। रांची**



कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह को झारखंड एटीएस की टीम अपने साथ लेकर रांची स्थित एटीएस मुख्यालाय ले कर आई है. जहां एटीएस की टीम अगले छह दिनों तक मयंक सिंह उर्फ सुनिल मिर्णा से पूछताछ करेगी. बता दें कि बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रामगढ़ जेल से मयंक सिंह को रांची के धुर्वा लाया गया. ध्यान रहे कि अजरबैजान से झारखंड लाने के बाद मयंक को रामगढ़ जेल में रखा गया था. बता दें कि 23 अगस्त को मयंक को एटीएस की टीम अपने साथ लेकर रांची पहुंची थी. मयंक झारखंड का पहला गैंगस्टर है जिसे प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है. मयंक सिंह एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के सबसे विश्वास पात्र बताया जा रहा है. इसके साथ ही उसका लिंक इंटरनेशनल गैंगस्टर लॉरेंस से भी जोड़ा जाता है. बताया जाता है कि वह मृत अमन साहू के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को संभालता था. फिलहाल मयंक को 6 दिनों के रिमांड पर एटीएस की टीम इसी मामले में पूछताछ करेगी. पूछताछ के बाद जो जानकारी एटीएस को मिलेगी, उसके आधार पर एटीएस की टीम उस नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुट जाएगी. मयंक के बारे में बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से देश से बाहर विदेश में रहता था और वहीं से पूरा नेटवर्क को संभालता था. इसके साथ ही वह अपनी कई तस्वीर भी सोशल मीडिया पर डालता था. जिसमें वह खुलेआम हथियार लिए रहता था. उसके झारखंड लाने के बाद एटीएस के अधिकारी ने बताया था कि मयंक के बाद अब एटीएस की टीम अन्य विदेश में छिपे गैंगस्टर की तलाश में जुटी है. जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा. फिलहाल एटीएस टीम मयंक से 6 दिनों तक पूछताछ करेगी जिसमें गैंग से जुड़ी तमाम जानकारी जुटाने का प्रसाय एटीएस करेगी.

### रिम्स-2 का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर रखने के निर्णय का स्वागत

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने झारखंड सरकार द्वारा रिम्स-2 का नाम महान आदिवासी नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर रखने के फैसले का स्वागत किया है. मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि यह निर्णय झारखंड की अस्मिता और दिशोम गुरु के योगदान को सम्मान देने वाला है. रिम्स-2 को "शिबू सोरेन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसएसआईएमएस)" के रूप में नामित करना एक ऐतिहासिक पहल है. साथ ही उन्होंने सरकार से अपील की कि रिम्स-2 का निर्माण रांची में नगड़ी की उपजाऊ कृषि भूमि के बजाय दिशोम गुरु की जन्मभूमि नेमरा (रामगढ़) में की जाए. नगड़ी की जमीन पर निर्माण आदिवासियों के अधिकारों और दिशोम गुरु के सिद्धांतों के खिलाफ होगा.

### कुरमी मिलन समारोह का आयोजन पांच को

**रांची।** करमा पर्व के मौके पर पांच सितंबर को गोंदलीपोखर में कुरमी मिलन समारोह सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. आयोजन को लेकर कुरमी समाज के बाबूराम महतो ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है. कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समिति का भी गठन किया गया है. इनमें अध्यक्ष जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, सचिव सुप्रेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष बाबूराम महतो को बनाया गया. इसके अलावा उपाध्यक्ष महेंद्र महतो, कमलेश चौधरी, जगमोहन महतो, उपसचिव जितवाहन महतो, गोवर्धन महतो, संरक्षक रामपोदो महतो, राजेश महतो, सखीचंद महतो, शिवलाल महतो, बेनीलाल महतो, विश्राम महतो, पंकज महतो, झब्बुलाल महतो, नीलकंठ चौधरी, हरे कृष्णा चौधरी सहित अन्य सदस्य बनाए गए.

हेमंत सोरेन सरकार का बड़ी राहत वाला ऐलान

# अतिवृष्टि से हुए नुकसान पर 24 घंटे में मिलेगा मुआवजा

**शुभम संदेश। रांची**

मानसून सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा में अतिवृष्टि से हुई तबाही पर विशेष चर्चा हुई. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि भारी बारिश से राज्य में सिर्फ फसलों को नहीं, बल्कि मकानों, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल और बिजली आपूर्ति को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है. मंत्री ने कहा कि सरकार ने जिलों से नुकसान की रिपोर्ट मंगाई है. अब तक के आकलन के अनुसार, धान की फसल को करीब 10% नुकसान हुआ है, जबकि मोटे अनाज की फसल को अपेक्षाकृत ज्यादा क्षति पहुंची है. उन्होंने बताया कि नुकसान की भरपाई आपदा राहत कोष और फसल बीमा योजना के तहत की जाएगी. किसानों के लिए मुआवजे की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है.

**यूरिया वितरण में गड़बड़ी, सख्त कार्रवाई :** यूरिया की कमी और वितरण को लेकर मिल रही शिकायतों पर मंत्री ने बताया कि राज्यभर में करीब 500 छापेमारी (रेड) की गई है. इसमें 8 लाइसेंस निलंबित, 21 लाइसेंस रद्द और 2 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है. इस साल यूरिया की मांग अधिक रही, परंतु केंद्र सरकार से 1.60 लाख मीट्रिक टन की तुलना में सिर्फ 1.13 लाख मीट्रिक टन यूरिया ही प्राप्त हुआ. इस संबंध में राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा है.

**मुआवजे में पोस्टमॉर्टम बाधा बना :** विधायक मथुरा महतो ने सदन में कहा कि वज्रपात से मौत के बाद कई आदिवासी परिवार पोस्टमॉर्टम नहीं कराते, जिससे मुआवजे में बाधा आती है. इस पर मंत्री अंसारी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है. सरकार इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार से दिशा-निर्देश मांगने के लिए पत्र लिखेगी. जैसे ही केंद्र से दिशा-निर्देश मिलते हैं, राज्य में नई व्यवस्था लागू की जाएगी.



### आपदा राहत: अब तक 48.15 करोड़ की मदद

राज्य सरकार ने अब तक आपदा प्रभावितों को 48.15 करोड़ रुपये का भुगतान किया है. राहत और पुनर्वास के लिए चार माह में 52 करोड़ रुपये जिलों को आवंटित किए जा चुके हैं. जिलों को निर्देश दिया गया है कि 24 घंटे के भीतर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट भेजें, ताकि मुआवजा त्वरित रूप से दिया जा सके.

### आपदा से अब तक 486 मौतें, 24 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित

आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सदन को बताया कि इस साल अब तक राज्य में प्राकृतिक आपदाओं से 486 लोगों की मौत हो चुकी है. इनमें:

- वज्रपात: 188
- डूबने से: 192
- सर्पदंश: 96
- अतिवृष्टि: 9
- बाढ़: 1
- ————

### झारखंड में सामान्य से 70% अधिक बारिश

मंत्री ने बताया कि जहां देशभर में औसतन 535 मिमी की तुलना में 536 मिमी बारिश दर्ज की गई, वहीं झारखंड में 760 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है. यह पिछले साल की तुलना में करीब तीन गुना अधिक है. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष राज्य में 70% अधिक बारिश हुई है, कुछ जिलों में यह आंकड़ा इससे भी ज्यादा है:

- सरायकेला: 240% अधिक
- लोहरदगा: 300%
- रांची: 196%
- चतरा: 177%
- खूंटी: 153%

### मकानों को भी भारी क्षति पहुंची है

- 10,900 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त
- 474 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त
- 212 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त
- 18 पक्के मकान पूरी तरह ध्वस्त
- इसके अलावा, 23,886 हेक्टेयर कृषि भूमि पर भी असर पड़ा है.

# वोट अधिकर यात्रा में शामिल हो सकते हैं सीएम हेमंत सोरेन

**शुभम संदेश। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बिहार में चल रही राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा में शामिल हो सकते हैं. उम्मीद है कि वोट अधिकार यात्रा के समापन पर एक सितंबर को पटना में होनेवाली महारैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इसको लेकर रणनीतिक कार्यक्रम बनाया जा रहा है. यहां मालूम हो कि तब तक झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र भी समाप्त हो चुका होगा. किसी अन्य प्रकार की सरकारी या राजनीतिक गतिविधियों के भी झारखंड में होने की संभावना नहीं है. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 27 अगस्त को राहुल गांधी के वोट अधिकार यात्रा में मुजफ्फरपुर में शामिल हुए. वहीं जानकारी के अनुसार समापन महारैली में इंडिया गठबंधन के अन्य बड़े दलों के नेताओं के भी आने की संभावना है. झामुमो इंडिया गठबंधन का एक मजबूत कड़ी है. इंडिया गठबंधन का झारखंड में सरकार भी है. हेमंत सोरेन उसी सरकार के मुखिया हैं. इतना ही नहीं बिहार में विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है. इसी उद्देश्य से वोट अधिकार यात्रा का भी आयोजन किया जा रहा है. इतना ही नहीं झामुमो भी बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहा है. झामुमो की हिस्सेदारी पर अभी तक कोई सार्थक बातचीत नहीं हुई है. इसलिए वोट अधिकार यात्रा में शामिल होकर भी हेमंत सोरेन सीटों की हिस्सेदारी में अपना दवाब बढ़ाने की कोशिश करेंगे.

## एक नजर

### कोचिंग सेंटर नियंत्रण विधेयक छात्रों और अभिभावकों की जीत : अजय राय



**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है. एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इसे छात्रों और अभिभावकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों की जीत बताया. उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन आएगा और कोचिंग संस्थानों की ओर से किए जाने वाले आर्थिक तथा मानसिक शोषण पर रोक लगेगी. अजय राय ने कहा कि इस विधेयक के लागू होने के बाद कोचिंग संस्थानों को शुल्क, कोर्स, शिक्षकों और आधारभूत सुविधाओं का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा. सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक ही संस्थान चलाने की बाध्यता से छात्रों पर अनावश्यक दबाव और थकान रुकेगी. साथ ही, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पढ़ाने से पहले अभिभावकों की अनुमति अनिवार्य होगी और एक हजार से अधिक छात्रों वाले संस्थानों में मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा.

### जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने डीआरएम से रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की



**रांची।** जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने बुधवार को डीआरएम करूणानिधि सिंह से मुलाकात कर रांची रेल मंडल में जरूरी यात्री रेल सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर वार्ता की और मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा. ज्ञापन में हटिया-सांकी ट्रेन का विस्तार बरकाकाना तक करने, रांची-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का विस्तार जयपुर तक करने, पुरुलिया- तिरुनेलवेल्ली का विस्तार रांची तक करने, हटिया- दुर्ग एक्सप्रेस का विस्तार नागपुर तक करने और रांची- लोहरदगा लाइन से डालटनगंज, गढ़वा, बनारस, अयोध्याधाम होकर गोमती नगर (लखनऊ) तक सप्ताह में दो दिन सीधी ट्रेन सेवा की मांग की. जाशी ने डीआरएम करूणानिधि सिंह सेकहा कि रांची रेल मंडल के इस प्रयास से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी. डीआरएम ने वार्ता के क्रम यात्री हित में दिए गए सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया.

# जेएसएससी-सीजीएल केस: पेपर लीक नहीं हुआ, पेपर लीक के नाम पर ठगी की गई

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ था, बल्कि पेपर लीक के नाम पर अभ्यर्थियों से ठगी की गई. यह जानकारी कथित तौर पर हुए पेपर लीक की जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की तरफ से हाईकोर्ट में दाखिल जांच रिपोर्ट में कही गयी है. उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है. झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 16 सितंबर तय की है. अगली सुनवाई तक सीआईडी के एसपी स्तर के अधिकारी को शपथपत्र दाखिल कर अब तक हुई जांच में मिले तथ्यों के बारे में अदालत को जानकारी देनी है.

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस राजेश शंकर की बेंच कर रहा है. पिछली तारीख को सुनवाई के दौरान सीआईडी के डीएसपी स्तर के अधिकारी की तरफ से प्रति शपथपत्र दायर किया गया था, जिसे कोर्ट की सहमति के बाद वापस ले लिया गया है. अब एसपी रैंक के अधिकारी शपथ पत्र देकर जांच में मिले तथ्यों के बारे में जानकारी देंगे. डीएसपी रैंक के अधिकारी की ओर से दाखिल शपथ पत्र में सीआईडी ने इस बात से इनकार किया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक हुआ. अब तक की जांच में सीआईडी की सिर्फ यह पता चला है कि एक समूह है जिसके द्वारा परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों से पेपर लीक के नाम पर ठगी की गई है.

राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 असंवैधानिक

# अभाविप ने जताई कड़ी आपत्ति

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड विधानसभा में पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कड़ी आपत्ति जताई है. परिषद ने इस विधेयक को न केवल असंवैधानिक बताया है, बल्कि इसे राज्यपाल के संवैधानिक अधिकारों में हस्तक्षेप और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर सीधा हमला करार दिया है.

अभाविप का कहना है कि विधेयक में कुलपति, प्रति कुलपति, परीक्षा नियंत्रक, वित्तीय सलाहकार समेत अन्य उच्च पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनकर राज्य सरकार को सौंपना संविधान के संघीय ढांचे के विरुद्ध है. परिषद ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे शिक्षा व्यवस्था पर राजनीतिक नियंत्रण बढ़ेगा और विश्वविद्यालयों की स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाएगी.

**छात्र संघ चुनाव के स्थान पर 'सिलेक्शन', लोकतंत्र की हत्या:** अभाविप ने सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया समाप्त कर चयन प्रक्रिया (सिलेक्शन) लागू करने की संभावनाओं पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी है. परिषद का आरोप है कि सरकार लोकतांत्रिक तरीकों से उभरने वाले छात्र नेताओं और वैचारिक विमर्श को दबाने की कोशिश कर रही है. परिषद ने इसे ₹लोकतंत्र का गला घोंटना₹ करार देते हुए कहा कि छात्र संघ कैंपस में लोकतंत्र का पहला पाठ होता है, जिसे खत्म करना एक खतरनाक संकेत है.

### राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अभाविप ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक), झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के संचालन में सरकार की विफलता का हवाला देते हुए कहा कि पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और भ्रष्टाचार के मामले यह सिद्ध करते हैं कि सरकार नियुक्तियों में पारदर्शिता व निष्पक्षता देने में सक्षम नहीं है.

### शिक्षा को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना रही सरकार

अभाविप झारखंड के प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि सरकार उच्च शिक्षा को अपने राजनीतिक एजेंडे के अधीन लाना चाहती है. उनका कहना है, यह विधेयक शिक्षा के साथ खिलवाड़ है और राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका का अपमान है. यह वर्तमान सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है. अभाविप ने विधेयक के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है और सभी शिक्षण संस्थानों, छात्र संगठनों एवं बुद्धिजीवियों से अपील की है कि वे इस विधेयक के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं.

कैबिनेट के फैसले के तीन माह बाद भी लटका है मामला

# आउटसोर्स कर्मियों को नहीं मिला मानदेय वृद्धि का लाभ

**शुभम संदेश। रांची**



कैबिनेट के निर्णय के तीन महीने बाद भी राज्य में कार्यरत आउट सोर्स कर्मियों के मानदेय वृद्धि पर सरकार कोई फैसला नहीं कर सकी. इससे राज्य सरकार के सचिवालयों, समहरणालयों, प्रखंड व अन्य कार्यालयों में कार्यरत लगभग 15 हजार आउट सोर्स कर्मियों में भारी निराशा है. हालांकि आउट सोर्स कर्मी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं. लेकिन उसका सरकार पर कोई असर नहीं दिख रहा है. यहां मालूम हो कि 22 मई 2025 को राज्य मंत्रिपरिषद ने आउट सोर्स कर्मियों की नियुक्ति व सेवा शर्तों को लेकर झारखंड प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स एंड सर्विस मैन्युअल को मंजूरी दी थी.

मैन्युअल के अनुसार वित्त विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का भी गठन किया गया. उसमें जैप आईटी के सीईओ, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के उप सचिव रेज्युस बाढ सदस्य बनाए गए. कमेटी को महंगाई दर में हुई वृद्धि को आधार बनाते हुए अलग अलग संवर्ग के आउट सोर्स कर्मियों के लिए नये मानदेय की अनुशंसा करनी है. लेकिन कमेटी की बैठक नहीं होने से पूरा मामला ज्यों कि त्यों फंसा है. बेहतर सेवा शर्त के लिए मैन्युअल बन जाने के बाद भी लगभग 15 हजार से अधिक आउट सोर्स कर्मियों को कोई लाभ नहीं मिल पाया.

इस मैन्युअल का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा समय समय पर तकनीकी कर्मियों, यथा कंप्युटर ऑपरेटर, डाटा एनालिस्ट, प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं समूह घ के आदेशपाल, चालक, सफाई कर्मियों की सेवा शर्तों को पारदर्शी बनाना है. इन कर्मियों के लिए वर्षों पहले राज्य सरकार द्वारा जैप आईटी के माध्यम से मानदेय का दर निर्धारित किया गया था. उसी दर पर उन्हें वर्षों से मानदेय का भुगतान किया जा रहा है. मानदेय की उसी राशि से आउट सोर्स पर कर्मियों को उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों द्वारा एक निश्चित राशि की कटौती कर ली जाती है. साथ ही कर्मियों को समय पर मानदेय का भुगतान भी नहीं हो रहा है. इपीएफ में समय पर संबंधित एजेंसियों द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही है. इसके साथ साथ जैप-आईटी द्वारा इंपैनल्ड एजेंसियों के इतर भी कुछ सरकारी विभागों और संस्थाओं द्वारा अपने तरीके से कर्मी रखे जा रहे हैं. कई तरह की विसंगतियां है, जिसे दूर करने के लिए ही यह मैन्युअल बनाया गया है. लेकिन कमेटी की बैठक नहीं होने से मैन्युअल का लाभ आउट सोर्स कर्मियों को नहीं मिल रहा है.

# वोटबैंक की राजनीति के लिए एसआईआर का विरोध कर रहे हैं कांग्रेस, झामुमो और राजद : बाबूलाल

- बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को केवल बसाना नहीं बल्कि वोटर बनाना भी इन दलों का मकसद

**शुभम संदेश। रांची**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में जनसंख्या और मतदाता सूची में हो रहे बदलाव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है. पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि एसआईआर (संशोधित मतदाता पहचान प्रक्रिया) का विरोध इन दलों द्वारा इसलिए किया जा रहा है, ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को झारखंड में बसाकर उन्हें वोटर बनाया जा सके और इसका राजनीतिक लाभ उठाया जा सके. मरांडी ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल अवैध बसावट का नहीं, बल्कि डेमोग्राफी को योजनाबद्ध तरीके से बदलने का है, उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार जिस तरह एसआईआर के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर रही है, उससे यह साबित होता है कि उनका मकसद इन अवैध घुसपैठियों को बसाना और उन्हें नागरिकता के तमाम दस्तावेज देकर वोटर बनाना है. मौके पर उन्होंने बताया कि 1951 में झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या 35.38% थी, जो 2011 तक घटकर 26.20% रह गई. वहीं मुस्लिम जनसंख्या 8.9% से बढ़कर 14.53% हो गई. सनातन धर्मावलंबियों की संख्या भी 87.79% से घटकर 81.17% हो गई. उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन स्वाभाविक नहीं है, बल्कि बाहरी घुसपैठ और राजनीतिक संरक्षण का परिणाम है.

मरांडी ने आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी दल इन घुसपैठियों को आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि बनवाकर उन्हें स्थायी नागरिक बनाना चाहते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इन घुसपैठियों ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं से विवाह कर स्थानीय स्तर पर अपनी पैठ बना ली है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 28 अगस्त 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 141 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





## सांप ने डंसा तो डब्बे में जिंदा सांप लेकर इलाज के लिए पहुंचे परिजन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सांप के डसने का एक दिलचस्प मामला सामने आया है, जहां परिजन मरीज के साथ जिन्दा सांप को लेकर अस्पताल पहुंच गए. जिले के पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के गांगो गांव के एक घर में बुधवार सुबह चौकी पर बैठी छह साल की बच्ची रागिनी कुमारी को जहरीले कोबरा सांप ने डस लिया. डसने के बाद सांप भाग रहा था, लेकिन परिजनों ने हिम्मत जुटाकर उसे पकड़ा और एक प्लास्टिक के डब्बे में भर दिया. साथ ही बच्ची और सांप को लेकर इलाज के लिए एमएमसीएच पहुंच गए. हॉस्पिटल में परिजनों ने चिकित्सकों को बताया कि इसी कोबरा सांप ने बच्ची को डसा है. सांप देखकर अस्पताल में हड़कंप मच गया. हालांकि वह डब्बे में बंद था, इसलिए अफरा तफरी की स्थिति नहीं बनी. डॉक्टर ने बच्ची को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया और इलाज चल रहा है. फिलहाल बच्ची की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है.परिजनों के मुताबिक डाक्टर को सांप इसलिए दिखाया गया, ताकि सांप को देखकर उसके जहर के बारे में चिकित्सक को पता चल जाए और वे उसके हिसाब से बच्ची का इलाज कर सकें.

# जमशेदपुर में बड़ा नौकरी घोटाला, सैकड़ों युवाओं को बनाया गया बंधक

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**



पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर और घाटशिला से एक बड़े नौकरी घोटाले का मामला सामने आया है. ग्लेज़ इंडिया, राधा इंटरप्राइजेज और रॉयल हेल्थ इंडिया जैसी फर्जी कंपनियों के नेटवर्क ने टाटा और अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर देश के अलग-अलग राज्यों से आए सैकड़ों युवाओं को ठगा और उन्हें जबरन काम पर लगाए रखा. बताया जा रहा है कि इन कंपनियों ने बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों से बेरोजगार युवक-युवतियों को बुलाकर 25,000 की मोटी रकम ली और फिर मार्केटिंग का काम सौंप दिया. विरोध करने वालों को जंगलों में ले जाकर पीटा जाता था या कमरों में बंद कर दिया जाता था.

इन युवाओं को अलग-अलग किराये के घरों में रखा गया था और महीनों तक वे बंधक जैसी स्थिति में काम करने को मजबूर थे. पुलिस की छापेमारी के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं.

ग्रामीण एसपी रेशव गर्ग के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में घाटशिला से करीब 180 युवक और जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर स्थित भोला बागान इलाके से 100 युवाओं को रेस्क्यू किया गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल पर करीब 500 से 1000 युवतियां भी मौजूद थीं, लेकिन सभी को फिलहाल रेस्क्यू नहीं किया जा सका है.

जांच के दौरान पुलिस ने मार्केटिंग कंपनियों से जुड़े करीब 150 लोगों से पूछताछ की. इनमें से कई युवक-युवतियां देवघर जिले के रहने वाले बताए गए हैं. पूछताछ में कुछ युवाओं ने कहा कि वे अपनी मर्जी से नौकरी करने आए हैं, जबकि एक पूर्व कर्मचारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उससे 25,000 लिए गए और घर जाने की बात पर उसकी पिटाई की गई. घटना का खुलासा इसी कर्मचारी की शिकायत पर हुआ, जिसके बाद पुलिस ने छोटा गोविंदपुर और घाटशिला के मऊभंडार ओपी क्षेत्र के पांचपांडव इलाके में छापेमारी की.

फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और इस मामले को अब तक का झारखंड का सबसे बड़ा जॉब स्कैम माना जा रहा है, जिसमें हजारों युवाओं को झांसे में लेकर न केवल आर्थिक ठगी की गई, बल्कि उन्हें बंधक बना कर शोषण भी किया गया. यह कार्रवाई मंगलवार की देर रात तक जारी थी. बुधवार की सुबह पुनः डिटेन किए गए युवक और युवती से पूछताछ जारी है.

### ब्रीफ न्यूज

#### झारखंड में मौसम साफ होने से लोगों को मिली राहत

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बुधवार को मौसम साफ होने से लोगों को काफी राहत मिली. रांची सहित कई जिलों में सुबह में धूप खिली रही. इससे विभिन्न जगहों पर हुए जल जमाव में कमी आई. हालांकि कई जगहों पर बादल भी छाए रहे.

उल्लेखनीय की पिछले तीन-चार दिनों से रांची सहित कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीव अस्त-व्यस्त हो गया था. बारिश में भीगने से काफी संख्या में लोग बीमार हो हो गए हैं. अस्पतालों में ज्यादातर लोग सर्दी, खांसी और बुखार से ग्रसित पहुंच रहे है. वहीं धूप निकलने से लोगों को राहत मिल रही है. हालांकि मौसम विभाग के अनुसार 29 अगस्त तक राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है. इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है. पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर में 85 मिलीमीटर दर्ज की गई. बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री, जमशेदपुर में 31 डिग्री, बोकारो में 30 डिग्री, डाल्टनगंज में 31 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

### झारखंड में बढ़ते स्लीपर सेल नेटवर्क ने बढ़ायी चिंता

# रांची और धनबाद समेत नौ जिले हैं आतंकियों के दायरे में

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में आतंकी संगठनों की पैठ गहराती जा रही है. राज्य की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि आठ बड़े आतंकी संगठनों से जुड़े स्लीपर सेल लगातार सक्रिय हो रहे हैं. इनमें इंडियन मुजाहिद्दीन (आईएम), स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), लश्कर-ए-तैयबा, अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस), इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई), जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब उत-तहरीर का नेटवर्क शामिल है. इन संगठनों की गतिविधियां रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, गोड्डा, धनबाद और गिरिडीह जैसे जिलों में ज्यादा देखी जा रही हैं.



**पाकुड़ बन रहा नया हॉटस्पॉट**

राज्य में अब तक 285 संदिग्धों की पहचान की गई है, जिनका संबंध आतंकी संगठनों से है. इनमें सबसे ज्यादा 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से जुड़े पाए गए हैं. सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकुड़ जिला तेजी से आतंकियों का नया अड्डा बनता जा रहा है. झारखंड की ताज़ा स्थिति साफ इशारा करती है कि राज्य में स्लीपर सेल का जाल गहराता जा रहा है और सुरक्षा एजेंसियों को इस चुनौती से निपटने के लिए और सतर्क रहना होगा.

एजेंसियों का मानना है कि यहीं से अगली आतंकी साजिशों की रूपरेखा तैयार की जा रही है.

**हालिया गिरफ्तारियां :** धनबाद के वासेपुर में 26 अप्रैल 2025 को एटीएस ने हिज्ब उत-तहरीर के चार संदिग्धों – गुलफाम हसन, आयान जावेद, शबनम परवीन और मोहम्मद शहजाद आलम – को दबोचा. बाद में शबनम की निशानदेही पर अम्मार यासर भी पकड़ा गया, जो पहले इंडियन मुजाहिद्दीन से जुड़ा था. इसी तरह 22 अगस्त 2024 को रांची से एक्यूआईएस मॉड्यूल का सरगना और पेशे से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. इश्तियाक अहमद गिरफ्तार हुआ था. जांच में पता चला कि वह खिलाफत स्थापित करने की दिशा में आतंकी गतिविधियां चला रहा था. इसके अलावा नवंबर 2023 में गोड्डा और हजारीबाग से आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकी – आरिज हसनैन और नसीम – गिरफ्तार किए गए थे. दोनों पाकिस्तान-अफगानिस्तान के नेटवर्क से जुड़े थे और फिदायीन हमले की योजना बना रहे थे. इसी दौरान हजारीबाग निवासी आतंकी शाहनवाज उर्फ शफी उज्जमा को दिल्ली से पकड़ा गया था, जिस पर एनआईए ने इनाम घोषित कर रखा था.

# गिरिडीह के युवक ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सुदिब्य कुमार को दी जान से मारने की धमकी

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल
- 24 घंटे का अल्टीमेटम
- कहा– माफी मांग लें, तो छोड़ देंगे
- जांच में जुटी पुलिस





**शुभम संदेश। रांची/ गिरिडीह**

झारखंड सरकार के दो मंत्रियों, स्वास्थ्य मंत्री और जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी और नगर विकास व उच्च शिक्षा मंत्री व गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को जान से मारने की धमकी देने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. युवक ने उसने कहा कि उसने इन दोनों मंत्रियों को 24 घंटे के भीतर मारने की कसम खाई है.वीडियो में युवक ने यह भी कहा कि इन मंत्रियों से उसका व्यक्तिगत विवाद है और यदि दोनों मंत्री उससे माफी मांग लें, तो वह उन्हें छोड़ देगा. खुद को गिरिडीह के बभनटोली मोहल्ले का निवासी बताने वाले अंकित मिश्रा नामक युवक ने सोशल मीडिया फेसबुक पर वीडियो के माध्यम से ये धमकी देकर सनसनी फैला दी है. धमकी के इस वायरल वीडियो से पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है. गिरिडीह के एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने बताया कि पुलिस को वीडियो मिल गया है और जांच शुरू कर दी गई है.

**युवक का दावा, लौरेन्स बिश्नोई गैंग से है संबंध :** युवक का दावा है कि उसका संबंध कुख्यात अपराधी लौरेन्स बिश्नोई गैंग से है और उसने दोनों मंत्रियों को जान से मारने की कसम खाई है. कसम खाई है कि 24 घंटे में दोनों मंत्रियों को उड़ा देगा. युवक ने बताया कि कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के साथ उनका भाईचारा है और उसने खुद सोशल मीडिया फेसबुक पर वीडियो साझा कर धमकी दी है.

दोनों मंत्री माफी मांग लें, तो छोड़ देंगे जिस युवक ने जान से मारने की धमकी दी है, वहीं युवक अंकित मिश्रा ने सोशल मीडिया पर कहा है कि यदि स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री सह गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से मांग लेते हैं, तो वह दोनों को छोड़ देगा. यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. युवक की इस धमकी से राज्य भर में सनसनी फैल गई है. गिरिडीह के एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने कहा है कि उन्हें भी वीडियो मिला है और पुलिस मामले की छान-बीन कर रही है, धमकी देने वाला युवक जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होगा.

# बोकारो में अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का खुलासा



**शुभम संदेश। बोकारो**

जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दांतू गांव स्थित एनएच किनारे हंगरी होटल के बेसमेंट में चल रहे अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है. छापेमारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त उमाशंकर सिंह के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद बोकारो के नेतृत्व में की गई. गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 158 पेटी अवैध विदेशी शराब, कुल 4104 बोतलें (लगभग 2212.64 लीटर), तथा 800 लीटर रंगीन शराब जब्त की गई. साथ ही नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री जैसे विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, ढक्कन, खाली बोतलें और केमिकल (कैरेमल) भी बरामद किए गए. प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि यह नकली फैक्ट्री कुंडौरी निवासी विनोद साव के जरिए संचालित की जा रही थी. यहां नामी ब्रांड की नकली शराब तैयार कर उसे बाजार में बेचने की योजना थी. टीम ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. अन्य संभावित आरोपितों की तलाश भी जारी है. छापेमारी टीम में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक महेश दास, कसमार थाना प्रभारी सहित विभागीय एवं स्थानीय पुलिस बल शामिल थे.

### गुरु तेग बहादुर की शहादत को किया याद, काले ने कहा

# गुरु तेगबहादुर का जीवन राष्ट्र और समाज सेवा का प्रतीक



**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत को नमन करते हुए शहीदों की अमर गाथा और गुरुओं की पावन परंपरा के स्मरणार्थ साकची कालीमाटी रोड पर सेवा शिविर लगाया गया. श्रद्धालुओं की भारी संख्या के बीच चाय–नाश्ता और लंगर की सेवा से वातावरण जो बोले सो निहाल- सत श्री अकाल के जयकारों से गूंज उठा. गुरु तेग बहादुर के शब्द-कीर्तन से संगत भावविभोर हो उठी. इस अवसर पर झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने गुरु महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधर्म और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना एक जीवित समाज के लिए अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का जीवन त्याग, बलिदान और सेवा की अनूठी मिसाल है. शहीदी यात्रा हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज की सेवा में सदैव समर्पित रहने का संदेश देती है.

इस दौरान काले ने कहा कि गुरुओं और शहीदों की शिक्षाएं आज भी समाज में एकता, साहस और सद्भाव का मार्ग प्रशस्त करती हैं. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों एवं संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए.

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार देर रात एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई. देर रात लेबर रूम में अचानक आग लग गई. उस समय वार्ड में करीब 40 से 50 मरीज मौजूद थे. अचानक उठी लपटों और धुएं से वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों के परिजन घबराकर इधर-उधर दौड़ने लगे. जांच में सामने आया कि आग का कारण अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों की ओर से मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती थी. बताया जा रहा है कि अगरबत्ती से निकली चिनगारी ऑक्सीजन पाइप के संपर्क में आ गई. पाइप के संपर्क में आने के बाद आग तेजी से फैलने लगी और वार्ड में धुआं भर गया. स्थिति बिगड़ती देख वहां मौजूद कर्मचारी तुरंत हरकत में आए और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश शुरू कर दी. अस्पताल कर्मियों और परिजनों की सूझबूझ से बड़ी अनहोनी टल गई. सभी मरीजों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया.

इस बीच दमकल विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन मौके पर पहुंचने से पहले ही आग को नियंत्रित कर लिया गया. राहत की बात रही कि इस घटना में किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ.

घटना की सूचना मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौके पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही पर नाराजगी जताई. चौधरी ने कहा कि अगर समय पर कर्मचारी सक्रिय नहीं होते तो बड़ी जनहानि हो सकती थी. उधर, अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का आश्वासन दिया है.

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से महिला की मौत

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक से पुत्र के साथ घर लौट रही एक महिला की जान चली गई. कार की तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं. घटना टेल्को थाना क्षेत्र स्थित लेबर ब्यूरो के पास मंगलवार की देर शाम घटी, जब प्रकाशनगर निवासी 59 वर्षीय गुरमीत कौर अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थीं. तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी.

**हजारीबाग भूमि घोटाला**

### रिटायर्ड आईएएस विनोद चंद्र झा गिरफ्तार

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग भूमि घोटाले में एसीबी, हजारीबाग की टीम ने मंगलवार देरशाम को गिरफ्तार कर लिया. वह रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी में रहते थे. एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार करने के बाद हजारीबाग जेल भेज दिया है. इसी मामले में एसीबी ने आईएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया था. वह अभी रांची जेल में बंद है. विनोद चंद्र झा हजारीबाग में समाज कल्याण पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे. उस वक्त हजारीबाग के डीसी के पद पर विनय चौबे पदस्थापित थे, उन्होंने श्री झा को खास महल पदाधिकारी का भी प्रभार दिया था. आरोप है कि उसी दौरान खासमहल जमीन में कथित घोटाला हुआ. इस घोटाले को लेकर एसीबी, हजारीबाग ने करीब 18 साल बाद प्राथमिकी दर्ज की है. प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एसीबी ने शराब घोटाले में गिरफ्तार विनय चौबे को इस मामले में भी गिरफ्तार किया था. शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद एसीबी ने विनय चौबे को इसी मामले में रिमांड किया है. इस कारण वह जेल से बाहर नहीं निकल सके हैं.

### बदहाली: राष्ट्रपति से मिले सम्मान से भी नहीं बदल सकी किस्मत

# ग्रेजुएट रश्मि बिरहोर आज भी सिर पर ढो रही हैं ईंटें

**शुभम संदेश। रांची**



रश्मि बिरहोर, एक नाम जो कभी संघर्ष की मिसाल बना, आज मजबूरी की एक कड़वी सच्चाई बन चुका है. साल 2024 में जब रश्मि ने स्नातक (बीए) की पढ़ाई पूरी की, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि पूरे बिरहोर समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक पल था. उसकी इस उपलब्धि के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उसे सम्मानित किया. यह पल उसकी जिंदगी में एक नई शुरुआत की तरह था एक उम्मीद, कि अब उसका और उसके परिवार का जीवन बेहतर होगा. लेकिन आज, वही रश्मि सिर पर ईंटें ढोने को मजबूर है. एक हाथ में राष्ट्रपति द्वारा दिया गया सम्मान और दूसरे हाथ में मजदूरी की तगारी यह विरोधाभास सिर्फ रश्मि की नहीं, बल्कि समाज और व्यवस्था की भी एक विडंबना है.

रश्मि ने गरीबी, सामाजिक बाधाओं और हर अभाव को मात देकर शिक्षा पाई थी. जब उसने ग्रेजुएशन किया, तो गांव में जश्न का माहौल था. हर किसी को लगा था कि अब उसकी मेहनत रंग लाएगी. लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद एक साल तक नौकरी की तलाश में भटकते-भटकते वह थक गई. सरकारी योजनाएं, आरक्षण, आदिवासी उत्थान के दावे सब कागज़ों तक ही सीमित रह गए. अब रश्मि की डिग्री अलमारी में बंद है, और वह दिन-रात मजदूरी करके परिवार का पेट पाल रही है. उसकी मां आज भी उसी तरह ईंटें ढोती हैं, और रश्मि कहती है, मेरी सारी मेहनत, सारी उम्मीदें गरीबी और सिस्टम के आगे हार गईं.

उसके परिवार की हालत भी बदतर है. तेरह साल पहले सरकार से मकान के लिए जो मदद मिली थी, वह अधूरी रह गई. अब उनका कच्चा मकान बारिश में दरकने लगा है. बीते कुछ दिनों से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे सो रहा है, क्योंकि घर गिरने का डर है. अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई गई, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली. रश्मि की कहानी एक अकेली लड़की की नहीं है, यह एक पूरे समुदाय की टूटती उम्मीदों, नजरअंदाज की गई संभावनाओं और सरकारी दावों की हकीकत को उजागर करती है.

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की घोषणा

# रिम्स-2 का नाम होगा शिबू सोरेन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि रांची के नगड़ी मौजा में प्रस्तावित रिम्स-2 अब दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर स्थापित किया जाएगा. इसका नाम होगा शिबू सोरेन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसएसआईएमएस). मंत्री ने दावा किया कि यह संस्थान एशिया का सबसे बड़ा और आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनेगा. उन्होंने कहा, यह केवल एक मेडिकल संस्थान नहीं, बल्कि झारखंड की अस्मिता और पहचान से जुड़ी एक ऐतिहासिक पहल है. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शिबू सोरेन ने आदिवासी, दलित, गरीब और किसान वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है. उनके योगदान को अमर बनाने के लिए इस अत्याधुनिक चिकित्सा संस्थान को उनके नाम पर समर्पित किया जा रहा है.

**जमीन अधिग्रहण और विवाद**

सरकार द्वारा रांची के नगड़ी क्षेत्र में लगभग 200 एकड़ जमीन पर इस संस्थान के निर्माण की योजना है. जमीन की घेराबंदी और निर्माण प्रक्रिया शुरू होते ही इस परियोजना को लेकर स्थानीय स्तर पर कुछ विवाद भी सामने आए हैं. हालांकि, सरकार का कहना है कि यह परियोजना राज्य और पूरे पूर्वी भारत के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगी.

**अत्याधुनिक सुविधाएं और स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति :** एसएसआईएमएस को मेडिकल सुविधाओं के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर बताया गया है. यहां अत्याधुनिक तकनीकों से लैस सुपर स्पेशियलिटी वार्ड, रिसर्च सेंटर और चिकित्सा शिक्षा के व्यापक साधन उपलब्ध होंगे. गरीब, वंचित और जरूरतमंद मरीजों को प्राथमिकता के साथ निःशुल्क या रियायती इलाज उपलब्ध कराया जाएगा. इसके साथ ही यह संस्थान हजारों युवाओं के लिए चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार और प्रशिक्षण का माध्यम बनेगा. डॉ. अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार की यह प्राथमिकता है कि झारखंड के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें.

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 'स्वदेशी अपनायें, आत्मनिर्भर भारत बनायें' महाअभियान का शुभारंभ किया

# रांची की दुकानों में 'हमारी दुकान में स्वदेशी उत्पाद बिकता है' का स्टीकर लगा स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रोत्साहित किया

**शुभम संदेश। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज राजधानी रांची के काली मंदिर चौक से 'स्वदेशी अपनाए, आत्मनिर्भर भारत बनायें' महाअभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने चैंबर के पदाधिकारियों और इस अभियान के राज्यस्तरीय को ऑर्डिनेटर राम बांगड़ के साथ काली मंदिर चौक से गांधी चौक, अपर बाजार तक हर दुकान में जाकर 'हमारी दुकान में स्वदेशी उत्पाद बिकता है' का स्टिकर लगाकर दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि आप अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद बेचें, ताकि हमारे स्थानीय उत्पादक और अधिक उत्पादन कर सकें,उन्होंने झारखंड चैंबर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर झारखंड चैंबर ने इस अभियान की शुरुआत रांची से की है. उन्होंने राज्य के सभी व्यावसायिक , धार्मिक संगठनों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की. कहा कि 140 करोड़ देशवासी एक-एक कदम बढ़ाएंगे तो हमारा देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ेगा.

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में व्यापारी वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. हमारा संकल्प है कि हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर न केवल व्यापार को सशक्त करेंगे बल्कि झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा देंगे. महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि व्यापारी वर्ग आत्मनिर्भर भारत का आधार है. जब-जब देश को ज़रूरत हुई है, व्यापारियों ने आगे बढ़कर योगदान दिया है. चैंबर लोकल फॉर वोकल को हर स्तर पर आगे बढ़ाएगा. कार्यक्रम संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़ ने कहा कि यह महाअभियान व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए एक प्रेरणा है कि हम सब मिलकर स्थानीय उद्योगों को मजबूत बनाएं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. इस अभियान को गति देने के लिए सभी जिला चैंबर ने सहमति जतायी है और अपने अपने क्षेत्र में गति दें रहे हैं. 30 अगस्त को सिंहभूम चैंबर द्वारा जमशेदपुर में रक्षा राज्यमंत्री इस अभियान की शुरुआत करेंगे.



अभियान के शुभारंभ के अवसर पर झारखंड चैंबर के सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलग, कार्यकारिणी सदस्य, संजय अखौरी, साहित्य पवन, अनिल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सदस्य तुलसी पटेल, नवीन गाडोड़िया, मनमोहन मोहता, आनंद जालान, प्रमोद सारस्वत, पूनम आनंद, विजय शंकर, रवि दत्त, किशन अग्रवाल, राजीव चौधरी, संजय जौहर, तेजविंदर सिंह, अरुण भरतिया, बिनोद टेकरीवाल, किशन साबू, शिव शंकर साबू, अमित चौधरी, नीरज अग्रवाल के अलावा, मेन रोड दुकानदार संघ, थोक वस्त्र विक्रेता, जेसिपीडिए, जेटा, रांची चैंबर, आरजटए, माहेश्वरी सभा, मारवाड़ी युवा मंच समेत कई संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे.

## बायोम के स्टूडेंट्स ने बिहार के शीर्ष मेडिकल कॉलेज पीएमसी, एनएमसी डीएमसी में बनाई जगह



**शुभम संदेश। रांची**

बायोम इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने बिहार मेडिकल काउंसलिंग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप मेडिकल कॉलेज में जगह बनाई है. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) ने स्टेट नीट-यूजी काउंसलिंग के तहत सीट एलॉटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया है. बिहार स्टेट कोटा की सीटों पर बायोम रांची से पढ़ाई करने वाले कई छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की है. बायोम संस्थान के राघव कुमार, अंकित आनंद और अकांक्षा को पीएमसी, पटना में सीट मिली है. वहीं लखन और क्षेया कुमारी को एनएमसी पटना के लिए चयनित किया गया है. इभा रानी और कुमारी खुशी को डीएमसी लहेरियासराय, जबकि सौरभ को जेएलएनएमसी भागलपुर में सीट मिली है. बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है. बायोम हमेशा से छात्रों को सही दिशा और बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है. यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी बिहार के टॉप मेडिकल कॉलेजों में दाखिला पा रहे हैं. आने वाले समय में यही छात्र छात्राएं चिकित्सा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

झारखंड कोचिंग सेंटर विधेयक, 2025 को लेकर राज्यभर में चर्चाएं तेज

# नये कोचिंग एक्ट से शिक्षा व्यवस्था होगी पारदर्शी और जवाबदेह: झामुमो

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा में मंगलवार को पारित झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 को लेकर राज्यभर में चर्चाएं तेज़ हो गई हैं. इस कानून को छात्र हित में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कोचिंग संस्थानों के कामकाज को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है.

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह अधिनियम राज्य के लाखों छात्रों और अभिभावकों के लिए राहत की खबर लेकर आया है. उन्होंने इसे हेमंत सोरेन सरकार का एक ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा को सेवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत पहल हुई है.







डॉ. तनुज ने बताया कि अब राज्य में सभी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और फीस निर्धारण में मनमानी पर रोक लगेगी. खासकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है, ताकि शिक्षा के नाम पर आर्थिक शोषण को रोका जा सके.

इस अधिनियम के तहत छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया है. प्रत्येक कोचिंग संस्थान में प्रमाणित मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की नियुक्ति अनिवार्य होगी, जिससे छात्रों को तनाव और दबाव से निपटने में मदद मिलेगी. इसके साथ ही जिला स्तर पर नियामक समितियां गठित की जाएंगी जो कोचिंग संस्थानों से संबंधित शिकायतों का निवारण करेंगी. भ्रामक विज्ञापन और झूठे दावों पर भी अब कानूनी कार्रवाई संभव होगी, जिससे छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी.

विशेषज्ञों का मानना है कि इस कानून के लागू होने से न केवल छात्रों का शोषण रुकेगा बल्कि कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता और जवाबदेही भी बढ़ेगी. वहीं, कुछ शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने सुझाव दिया है कि इस अधिनियम के सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक निगरानी तंत्र और समय-समय पर समीक्षा आवश्यक होगी.

### गणपति का स्वरूप दिव्य कर्तव्यों का प्रतीक : ब्रह्माकुमारी



**रांची।** ब्रह्माकुमारी संस्थान में बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने गणेश चतुर्थी के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणपति का स्वरूप दिव्य कर्तव्यों और गहन आध्यात्मिक संदेशों का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि जब धरती पर अधर्म और पाप और व्याभिचार का समय आता है, तब निराकार शिव परमात्मा ज्ञानदान के लिए श्री गणेश का आवाहन कर ज्ञान का प्रसार करते हैं. भगवान गणेश, बुद्धि और ज्ञान के प्रतीक हैं, इसलिए वर्तमान समय में भी हमें गणपति की भांति बुद्धि और शक्ति को धारण करने की जरूरत है. निर्मला बहन ने गणपति के विभिन्न प्रतीकों की व्याख्या करते हुए कहा कि हाथी का सिर विशाल बुद्धि का, बड़े कान ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता का और बड़ी आंखें दूसरों की महानता को पहचानने का प्रतीक हैं. रस्सी और कुल्हाड़ी दैहिक बंधनों से मुक्ति और दिव्य नियमों को अपनाने के संकेत हैं.

## आरटीजीएस में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर पूर्व सांसद ने वित्त मंत्री को भेजा पत्र

**शुभम संदेश। रांची**

पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर 14 अक्टूबर 2010 की अधिसूचना संख्या 235 के कार्यान्वयन से संबंधित अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं. उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में आरटीजीएस और एनईएफटी लेन-देन मुख्य रूप से केवल खाता संख्या पर आधारित होते हैं. प्राप्तकर्ता का नाम मिलान प्रक्रिया में प्राथमिकता नहीं पाता। इससे कभी-कभी खाता संख्या गलत होने या मेल खा जाने की स्थिति में त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन की गति और संख्या दोनों बढ़ी है. ऐसे में यह आवश्यक है कि आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन हो. केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है.

**धोखाधड़ी और गलत भुगतान से बचा जा सकता है :** उन्होंने पत्र में कहा है कि यदि प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का मिलान सुनिश्चित किया जाए तो धोखाधड़ी और गलत भुगतान जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है. मेरा मानना है कि छोटे-छोटे तकनीकी सुधारों से ग्राहकों का विश्वास और वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी. उन्होंने यह सुझाया कि हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन में लाभार्थी का नाम और खाता संख्या दोनों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, बैंकों में लाभार्थी विवरणों की प्रविष्टि और सत्यापन के लिए मजबूत सिस्टम लागू हो, प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का तकनीकी रूप से मिलान करने की व्यवस्था बने ताकि गलत भुगतान या विवाद की स्थिति से बचा जा सके. उन्होंने कहा कि अधिसूचना की समीक्षा कर ऐसे समायोजन किया जाना चाहिए जिससे लेन-देन की सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि दोनों सुनिश्चित हो सकें.



पोददार के पत्र पर वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ अभिजीत फुकन ने उत्तर देते हुए सूचित किया है कि यह मामला आरबीआई के समक्ष उठाया गया है. मंत्रालय ने पोद्दार के सुझावों को भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और कुशल बनाने की दिशा में सराहनीय बताया है.

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को दोषी पाकर कोर्ट ने सुनाई सजा

**शुभम संदेश। रांची**

नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी राजू महतो को पोक्सो एक्ट कोर्ट ने दोषी पाकर सजा सुनाई है. घटना को लेकर पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाना में 9 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसमें कहा गया था कि 9 दिसंबर 2018 को दोपहर को आरोपी उसकी दुकान में आया और छेड़छाड़ की. प्राथमिकी दर्ज होने के तीन महीने बाद 7 मार्च 2019 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. डेढ़ महीने जेल काटने से पर अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ लगे आरोप को साबित किया, जिसमें उसको सजा सुनाई गई.

**पिठौरिया में हत्या के दोषी दो भाइयों को आजीवन कारावास की सजा :** आपसी विवाद में हुई हत्या के मामले में सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दो भाइयों बंधनू उरांव और अनिल उरांव को उम्र कैद की सजा सुनाई है. साथ ही दोनों पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. मामला 15 नवंबर 2020 का है, जब शिवा कुमार राम की हत्या कर दी गई थी. हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को दूसरी जगह छिपा दिया था. घटना को लेकर मृतक के पिता ने पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. गिरफ्तारी के बाद से दोनों दोषी जेल में बंद हैं. दोषी बंधनू उरांव और अनिल उरांव पिठोरिया थाना क्षेत्र के दुबसिया गांव के निवासी हैं.





### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी करार ट्यूशन शिक्षक को 14 साल सख्त कैद की सजा

**रांची।** दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार गुमला के सिसई गांव निवासी ट्यूशन शिक्षक मधुसूदन बैठा को पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने बुधवार को कठोर 14 साल कैद की सजा सुनाई है. साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. अदालत ने उक्त आरोप में 20 अगस्त को दोषी पाया था. पीड़िता ने घटना को लेकर अरगोड़ा थाने में 12 दिसंबर को आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. सुनवाई के दौरान एपीपी ने ठोस गवाही दर्ज कराई, जिसके आधार पर अदालत ने उसे दोषी पाकर सजा सुनाई है.

मारवाड़ी भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन, सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा-

# भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि सामाजिक समर्पण, एकता का प्रतीक है

**शुभम संदेश। रांची**

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्मित प्रांतीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मारवाड़ी भवन परिसर में संपन्न हुआ. इस शुभ अवसर पर सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भागचंद पोद्दार ने फीता काटकर और भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का औपचारिक शुभारंभ किया. उद्घाटन समारोह में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. उन्होंने सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र से स्वागत किया. प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह नया कार्यालय संगठनात्मक कार्यों को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि यह भवन केवल कार्यालय नहीं, बल्कि सामाजिक समर्पण, एकता और प्रगति का प्रतीक है.



समारोह को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने भी संबोधित किया. उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना 1935 में हुई थी और पिछले 90 वर्षों से यह संगठन समाज सुधार, विकास और जन सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है. उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन भी अपने कार्यक्षमता से नई ऊंचाइयों को छुएगा. मौके पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए सदस्य मौजूद थे. सभी ने भागचंद पोद्दार द्वारा समाज कल्याण एवं संगठन के विकास में किए गए योगदान की प्रशंसा की. कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई और इसके बाद संगठन के इतिहास, उपलब्धियां तथा भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया. धनबाद जिला अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने भी कहा कि नया कार्यालय खुलने से संगठन और समाज दोनों अधिक सशक्त होंगे. कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय संयुक्त महामंत्री प्रमोद कुमार सारस्वत ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने किया. अंत में सभी अतिथियों एवं सदस्यों को प्रसाद वितरण के साथ सामूहिक भोज भी कराया गया. यह आयोजन उत्साह, भक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से भरा रहा और संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ. मौके पर अवसर पर कमल कुमार केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, नंदकिशोर पाटोदिया, पवन शर्मा, किशन साबू, परेश गटानी, रतनलाल बंका, प्रवीण लोहिया, विशाल पाड़िया, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, निर्मल बुधिया, विश्वनाथ नारसरिया, तुलसी पटेल, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राम बांगड़, अंजय सरावगी, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुभाष पटवारी, दीपेश निराला, रमन वोडा, अजय डीडवानिया, डॉ. रामधीन, आनंद जालान, नेहा पटवारी, नरेंद्र लखोटिया, नरेश बंका सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे.

### झारखंड में बाघ संरक्षण पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में राज्य में बाघों के संरक्षण से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए पूछा कि 28 फरवरी 2017 को हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों का अब तक कितना पालन किया गया है. कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वह 23 सितंबर तक शपथपत्र के माध्यम से आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट पेश करे. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कहा कि यदि वर्ष 2017 के निर्देशों का सही ढंग से पालन किया गया होता, तो बाघ संरक्षण से जुड़ी इस तरह की जनहित याचिकाएं दाखिल करने की जरूरत ही नहीं पड़ती.

## एक नजर

### शिष्टमंडल ने की सांसद व केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ से नाली निर्माण कराने की मांग



**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट का एक शिष्टमंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास पर मुलाकात की. शिष्टमंडल ने नाली निर्माण कार्य कराने से संबंधित मांगों का ज्ञापन सांसद को सौंपा. इस दौरान शिष्टमंडल ने सबसे पहले मंत्री को जन्मदिन की बधाई स्मृति चिन्ह भेंट कर दी. साथ ही उन्हें पुंदाग स्थित झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सपरिवार आने का आमंत्रण भी दिया. मुलाकात के दौरान ट्रस्ट ने पुंदाग गुटवा रोड स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर और सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के सामने सड़क और नाली निर्माण करने की मांग की गई. ज्ञापन में कहा गया है कि यह मंदिर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं. इसके बावजूद यहां तक पहुंचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था. इससे श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### जिला प्रशासन की सराहनीय पहल : पद्म श्री सिमोन उरांव को ट्राइसाईकिल दी गई



**रांची।** जिला प्रशासन रांची ने एक बार फिर संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है. उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर पद्म सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता सिमोन उरांव को चलने-फिरने में हो रही असुविधा को देखते हुए ट्राइसाईकिल प्रदान की गई. यह पहल उपायुक्त द्वारा आयोजित जनता दरबार के दौरान सामने आई, जब बेड़ो क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने सिमोन उरांव के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी दी. ग्रामीणों ने बताया कि पद्म सिमोन उरांव को अब चलने-फिरने में कठिनाई हो रही है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है. इस जानकारी पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए.

### अजय राय हिंदी साहित्य भारती प्रदेश के अध्यक्ष नियुक्त



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती की केंद्रीय निर्णायक समिति ने सर्वसम्मति से अजय राय को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है. यह नियुक्ति उनकी सामाजिक सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और साहित्य के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए की गई है. केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र शुक्ल ने उन्हें बधाई देते हुए भरोसा जताया कि उनका नेतृत्व झारखंड इकाई को और अधिक सक्रिय बनाएगा और साहित्य के प्रसार को नई ऊंचाइयां देगी. नव मनोनीत अध्यक्ष अजय राय ने आभार व्यक्त किया और कहा कि वे झारखंड की समृद्ध साहित्यिक एवं लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने के लिए समर्पित रूप से प्रयास करेंगे. उनकी प्राथमिकता युवाओं में हिंदी के प्रति आकर्षण बढ़ाना और साहित्यिक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाना रहेगा. राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, डॉ. अरुण सज्जन, राकेश कुमार, संजय सर्राफ, संजेव दत्ता, अभय पांडेय, राजेश कुमार, संजीत कुमार, देवानंद राय, आलोक झा, बीर बहादुर सिंह, रमेश साहू, अनिकेत सिंह, मुकेश साहू, अमित कश्यप सहित साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

### सीआईडी ने किया 2.98 करोड़ ठगी में शामिल दो साइबर अपराधियों को अरेस्ट

**रांची।** सीआईडी ने 2.98 करोड़ ठगी में शामिल दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. जिनमें गुजरात का रहने वाला गरनिया भरत और गोयनिया हार्दिक भाई शामिल है. इस मामले में सीआईडी ने पहले कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर का रहने वाला दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया था. बुधवार को सीआईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में केस नंबर 88/25 दर्ज हुआ था. यह मामला एक शिकायतकर्ता द्वारा दायर किए गए लिखित आवेदन पर हुआ था. साइबर अपराधियों ने शिकायतकर्ता को टेलीग्राम पर एक ग्लोबल इंडिया नाम के साइट के लिंक (https://cboe&qwy-pages-dev/) पर क्लिक करने के लिए कहा. इस लिंक पर क्लिक करने के बाद, शिकागो बोर्ड ऑप्संस एक्सचेंज में उनका एक ऑनलाइन खाता खुल गया. साइबर अपराधियों ने शिकायतकर्ता को मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का लालच दिया. इसके झांसे में आकर, शिकायतकर्ता ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2.98 करोड़ जमा कर दिए, इस तरह साइबर अपराधियों ने अवैध रूप से इन पैसों का हस्तांतरण कर शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की.

### श्रम मंत्री से मिला यूनियन का शिष्टमंडल



**रांची।** झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन का शिष्टमंडल बुधवार को श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव से मुलाकात कर नगर निकाय के मजदूरों की समस्याओं को विस्तार से रखा. शिष्टमंडल ने मंत्री को बताया कि नगर निगम के मजदूरों के साथ नाइंसाफी हो रही है. मौके पर शिष्टमंडल में हटिया मजदूर यूनियन सीटू के अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों को शॉप्स एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट रूल्स में दी गई छुट्टियों का लाभ नहीं मिलने के साथ बोनस का भुगतान नहीं हो रहा है. सुपरवाइजर मनमाने ढंग से मजदूरों को काम से हटा रहे हैं. इसके अलावा मजदूरी की पर्ची (पे-स्लिप) नये घोषित वेतन का एरियर भुगतान और धुलाई भत्ता एक हजार रुपये देने जैसी मांगें भी लंबित पड़ी हैं. मजदूरों की तमाम समस्याओं पर मंत्री ठोस निर्णय लेते हुए अग्रसर कार्रवाई करें. शिष्टमंडल ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा जिसकी प्रति पहले नगर आयुक्त को भी दी गई थी.

### पर्युषण पर्व : जैन श्वेतांबर तेरापंथ संघ ने आठवें दिन मनाया संवत्सरी दिवस



**रांची।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ संघ का बुधवार को आठवें दिन श्री दिगम्बर जैन भवन में उपासिका संतोष श्रीमाल और सीमा डूंगरवाल की ओर से धर्म आराधना शुरू किया गया. आठवें दिन संवत्सरी दिवस की आराधना करते हुए उपासिकाओं ने भगवान महावीर के साधना काल, उपदेश और सिद्धान्तों पर प्रकाश डाला. मौके पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संवत्सरी पर्व लोकोत्तर पर्व है यह शाश्वत और त्रैकालिक पर्व है. इसे पर्वाधिराज भी कहते हैं. इसका संबंध न किसी तीर्थंकर के जन्म या निर्वाण से है और न किसी घटना विशेष से है. इसका संबंध मानव संस्कृति से है.

### रिम्स परिसर से हटाया गया अतिक्रमण

**रांची।** रिम्स सेंट्रल इमरजेंसी और परिसर के आस पास बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. यह अभियान रांची नगर निगम (आरएमसी), रिम्स सुरक्षाकर्मियों और बरियातू थाना के सहयोग से संचालित किया गया. कार्रवाई के दौरान परिसर में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया ताकि मरीजों और आम लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके.

# कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही जंगल-पहाड़ को बचाने के लिए ग्रामीणों ने चतरा सांसद से लगाई गुहार

शुभम संदेश। सतबरवा



सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत के ग्रामीणों ने बुधवार को लातेहार सर्किट हाउस में चतरा सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात कर कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही जंगल–पहाड़ों को पत्थर माफियाओं से बचाने की जोरदार अपील की. ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि कुछ दलाल फर्जी ग्रामसभा का हवाला देकर इन पहाड़ों की लीज करा चुके हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि ग्रामीणों ने कभी इसकी अनुमति नहीं दी.

ग्रामीणों ने बताया कि ये जंगल और पहाड़ उनकी जीवन रेखा हैं, जिनसे उनका जल, जंगल और जमीन सुरक्षित है. इन्हीं संसाधनों से उन्हें जलावन, चारा और अन्य प्राकृतिक आवश्यकताएं मिलती हैं. यदि पत्थर माफियाओं को खनन की खुली छूट मिल गई, तो न सिर्फ पर्यावरण असंतुलन होगा, बल्कि उनकी आजीविका भी पूरी तरह समाप्त हो जाएगी.

ग्रामीण प्रतिनिधियों ने सांसद से आग्रह किया कि वे अवैध लीज रद्द कराने और माफियाओं पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें. उन्होंने साफ कहा कि वे किसी भी हाल में अपने जंगल–पहाड़ को खनन माफियाओं के हाथों बर्बाद नहीं होने देंगे.

सांसद कालीचरण सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे संबंधित विभागों के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहमति के बिना किसी भी स्थिति में खनन नहीं होने दिया जाएगा. सांसद ने यह भी भरोसा दिया कि वे खुद इस मामले की निगरानी करेंगे और उचित कदम उठाएंगे.

इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं, जिन्होंने कहा कि जंगल–पहाड़ केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि उनके परिवारों के भविष्य की सुरक्षा भी हैं. मौके पर समाजसेवी शिवराज सिंह, आशिष कुमार सिन्हा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

## ब्रीफ न्यूज

### डीआईजी का निर्देश
### पोस्टमार्टम व इंजरी रिपोर्ट थानों को समय पर उपलब्ध कराएं

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा और लातेहार के उपायुक्तों को पत्र भेजकर पोस्टमार्टम और इंजरी रिपोर्ट थानों को समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. रिपोर्ट में देरी से आपराधिक मामलों की जांच प्रभावित हो रही है, जिससे निर्धारित समय में चार्जशीट दाखिल करना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि कई मामले अनावश्यक रूप से रांची रेफर किए जा रहे हैं, जिससे समय और संसाधन बर्बाद होते हैं. डीआईजी ने सिविल सर्जन को भी निर्देश देने को कहा है कि केवल आवश्यक मामलों को ही रांची भेजा जाए ताकि न्याय प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके और जनता को समय पर न्याय मिल सके.

### भतीजे ने चाची को चाकू मारकर किया जख्मी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मंगलवार की देर रात पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. गांव के स्व. मनु चौधरी की 50 वर्षीय पत्नी ननकलिया कुंवर पर उनके ही भतीजे ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह घायल महिला को बचाकर तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया. बुधवार सुबह तक महिला का इलाज जारी था और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी. घायल ननकलिया कुंवर ने बताया कि विवाद की जड़ घर के पास शौच करने को लेकर हुई कहासुनी है.उन्होंने गोतिया परिवार के सदस्य को घर के पास शौच करने से रोका था, जिस पर भतीजा आगबबूला होकर चाकू घोप दिया. अचानक हुए इस हमले से पूरे घर और गांव में अफरा-तफरी मच गई. ग्रामीणों का कहना है कि मामूली बात पर इस तरह का हमला होना बेहद निंदनीय और चिंताजनक है.

### झारोटेफ का कर्मचारी शक्ति समागम संपन्न प्रमुख मांगों पर हुआ जोर

**मेदिनीनगर।** झारखंड रोटरी शिक्षक संघ (झारोटेफ) के तत्वावधान में टाउन हॉल में कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने की. मुख्य अतिथि पलामू झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार विशिष्ट अतिथि थे. दीप प्रज्वलन के साथ समागम की शुरुआत हुई. इस मौके पर एमएसीपी लाभ, शिशु शिक्षण भत्ता, सेवा निवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया. राजेंद्र सिन्हा और नितिन कुमार ने इन मांगों का जोरदार समर्थन किया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक इसे पहुंचाने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना बहाल कराने में झारोटेफ का योगदान रहा है, जिसे सरकार ने स्वीकार किया है.

### गणेश चतुर्थी पर भक्तों ने की पूजा

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि-विधान से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया. भक्तों ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाकर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया. खासतौर पर हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम कामगारपुर में यह उत्सव भव्य रूप से मनाया गया. इस मौके पर समाजसेवी एवं जिप प्रत्याशी मिथलेश कुमार सिंह अपने समर्थकों के साथ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए.

## सोहेया पहाड़ लीज घोटाला मामला
# उच्च न्यायालय ने हुसैनाबाद अंचल अधिकारी से मांगा रिकॉर्ड

शुभम संदेश. हुसैनाबाद (पलामू)



सोहेया पहाड़ पर वर्ष 2017 में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पत्थर खनन के लिए लीज आवंटन के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय की खंडपीठ - मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर - ने सोमवार को सुनवाई की. अदालत ने हुसैनाबाद अंचल अधिकारी को पूरे रिकॉर्ड के साथ शपथपत्र दायर करने का निर्देश दिया है.

यह जनहित याचिका सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और दमदमी गांव निवासी रामकेश्वर महतो द्वारा दायर की गई है. याचिकाकर्ता का आरोप है कि खतियान में दर्ज 'जंगल-झाड़ी' को बदलकर 'पहाड़' दिखाया गया और अधिकारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से लीज जारी की गई.

इससे पूर्व, कोर्ट ने पलामू जिला खनन पदाधिकारी से जवाब मांगा था. खनन पदाधिकारी ने कोर्ट को बताया कि संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय में हैं और उनके पास रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने अंचल अधिकारी को रिकॉर्ड के साथ जवाब दाखिल करने का आदेश दिया.

रामकेश्वर महतो का कहना है कि खाता नंबर 16, प्लॉट नंबर 87, 88 और 89 की भूमि को पुराने खतियान में जंगल-पहाड़ के रूप में दर्ज किया गया था. नियमानुसार, लीज भूमि से कम से कम 250 मीटर की दूरी पर वन भूमि नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां खनन कार्य वन भूमि से सटे क्षेत्र में हो रहा है, जो खनन एवं वन अधिनियम का उल्लंघन है.

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ग्रामसभा के नाम पर ग्रामीणों को बरगला कर हस्ताक्षर कराए गए और बिना सीमांकन के ही पत्थर उत्खनन शुरू कर दिया गया. लगातार दो वर्षों तक धरना-प्रदर्शन के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने न्यायालय का रुख किया.

### बंगीय दुर्गा बाड़ी में स्मारिका का विमोचन, 111वीं पूजा की तैयारियां शुरू

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी पूजा समिति की ओर से हर वर्ष प्रकाशित होने वाली स्मारिका का बुधवार को विमोचन किया गया. समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से इसका अनावरण किया. अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती ने बताया कि स्मारिका के निर्माण में शहर के व्यवसायियों का सहयोग और शिवेश मोइत्रा, सुमित भट्टाचार्य, अमर भांजा का योगदान खास रहा. स्मारिका में मेदिनीनगर के बंगाली परिवारों के योगदान को संजोया गया है. सचिव जयंत विश्वास ने बताया कि इस वर्ष 111वीं पूजा का आयोजन होगा, जिसमें कई विशेष कार्यक्रम होंगे. नए हॉल का भी उपयोग इस बार पहली बार किया जाएगा. पूजा के दौरान सप्तमी को नाटक और अष्टमी-नवमी को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी. मुख्य संरक्षक श्यामल चक्रवर्ती, ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष देवेश मोइत्रा एवं सचिव दिवेंदु गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयारियां जोरों पर हैं. युवा सदस्य भी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं. स्मारिका विमोचन में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे.

## सड़क निर्माण में लापरवाही पर
# सांसद कालीचरण सिंह सख्त संवेदक पर कार्रवाई का आदेश

**बरवाडीह (लातेहार)।** छेंचा पंचायत की जर्जर सड़क को लेकर वर्षों से परेशान ग्रामीणों की आवाज़ अब सांसद कालीचरण सिंह तक पहुंच गई है. हम पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सांसद ने ई.ई. (आरडब्ल्यूडी) और एक्स.ई. (आरईओ) लातेहार को तुरंत हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया है.

बताया गया कि ई-निविदा संख्या 05/2024–25 के तहत 18 सितंबर 2024 को सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद काम अधूरा पड़ा है और संवेदक लापता है. छेंचा पीडब्ल्यूडी रोड से कोयल नदी तक की सड़क की हालत बेहद खराब है, जिससे बच्चों को स्कूल और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी परेशानी होती है. सांसद ने कहा कि कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द ही ग्रामीणों को पक्की सड़क सुविधा दी जाएगी. सांसद की तत्परता से ग्रामीणों में राहत और उम्मीद की भावना देखी गई.

# रोजगार की तलाश में निकले युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

शुभम संदेश। महुआडांड़ (लातेहार)

रोजगार की तलाश में आंध्रप्रदेश जा रहे महुआडांड़ प्रखंड के गढ़बूढनी पंचायत निवासी सोमरा नगेसिया (32) की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई. सोमरा नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के ही दो युवकों के साथ रविवार सुबह मजदूरी के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में वह अपने साथियों से बिछड़ गया. इसके बाद वह अकेले यात्रा कर रहा था कि आंध्रप्रदेश के नेल्लोर जिले के कवाली रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

मंगलवार देर शाम नेतरहाट थाना द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद घर में कोहराम मच गया. मृतक की मां कुनरी देवी ने बताया कि सोमरा ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला था और हर साल मजदूरी के लिए बाहर जाया करता था. उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है.

शव की पहचान होते ही परिजनों ने शव को लाने के लिए चचेरे भाई राजेश नगेसिया से संपर्क किया, जो पहले से बाहर मजदूरी कर रहा है. स्थानीय मुखिया की मदद से परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर श्रम विभाग लातेहार और प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है. प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा ने बताया कि मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. वहीं, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत ने कहा कि मृतक के परिजनों को शव लाने के लिए तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और पोस्टमार्टम व दस्तावेज पूरे होने पर अतिरिक्त राशि दी जाएगी.

# विधायक संजय यादव के मौखिक निर्देश पर चिकित्सक को मिला उपाधीक्षक का प्रभार

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार को पदमुक्त करते हुए छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित डॉ संजय कुमार रवि को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का नया उपाधीक्षक सह प्रभारी नामित कर दिया है. इसी पत्र में सिविल सर्जन ने डॉ आरिफ नैय्यर को निकासी और व्ययन पदाधिकारी नामित कर दिया. बाद में उस पर व्हाइटनर लगाकर डॉ एसके रवि लिख दिया.

उल्लेखनीय है कि बाद में जारी एक आंशिक संशोधन पत्र में यह स्पष्ट किया गया कि हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का निकासी और व्यय पदाधिकारी भी डॉ संजय कुमार रवि को ही बनाया गया है. यानी अब वित्तीय शक्ति भी उन्हीं को हस्तांतरित हो गई है. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है. इस पूरे मामले में दो तथ्य सबसे उल्लेखनीय हैं, जिसमें आदेश में स्वयं सिविल सर्जन ने लिखित रूप से स्वीकार किया है कि हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कोई भी अनुभवी चिकित्सक मौजूद नहीं है. यह स्वीकारोक्ति उस क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविकता उजागर करती है. दूसरा और सबसे अहम पहलू यह है कि यह प्रतिनियुक्ति हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव के मौखिक निर्देश पर किया गया है. यानी बिना विभागीय मंत्री या सचिव की मंजूरी के, केवल विधायक के निर्देश पर ही सिविल सर्जन ने छत्तरपुर के चिकित्सक को प्रतिनियुक्त कर हुसैनाबाद का प्रभारी बना दिया. यहां यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सिविल सर्जन के पास इतनी शक्ति है कि वे केवल विधायक के मौखिक आदेश पर किसी अस्पताल से चिकित्सक को प्रतिनियुक्त कर उसे प्रभारी भी बना सकते हैं.

## हंटरगंज पुलिस को बड़ी सफलता
# स्विफ्ट कार से 9 किलो अवैध डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

शुभम संदेश। हंटरगंज (चतरा)



नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए हंटरगंज थाना पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार से 9 किलो अवैध डोडा जब्त किया है. इस मामले में एक तस्कर उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जो चतरा सदर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी नंदकिशोर साव का पुत्र है. चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को मंगलवार देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार (JH01FP-0240) में मादक पदार्थ लेकर हंटरगंज की ओर आ रहा है. सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने प्रतापुर मोड़ के आगे औरू-गेरुआ सड़क पर छापेमारी की. कार की तलाशी के दौरान एक बोरे में छिपाकर रखा गया 9 किलो डोडा बरामद किया गया. इसके साथ ही एक स्मार्टफोन भी जब्त किया गया है. पुलिस अब अन्य फरार तस्करों और नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है. कार्रवाई में बीडीओ निखिल गौरव, कमान कच्छप, एसआई नितेश कुमार प्रसाद, बीरेंद्र तिवारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

# विराजमान हुए गणपति, अनुमंडल पदाधिकारी ने किया पंडाल का उदघाटन

शुभम संदेश। महुआडांड़(लातेहार)



प्रखंड मुख्यालय में आर्यन संघ के द्वारा बाजार शिव मंदिर के परिसर में इस वर्ष भी गणेश महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. भव्य पूजा पंडाल में राजेश पाठक पुजारी के द्वारा मंत्रोच्चार के बाद गणपति को विराजमान किया गया. मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन दुबे एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार, महिला थाना प्रभारी सुशीला केशरी, इंद्रदेव रजवार, हिन्दू समाज के मोहन जायसवाल, महेंद्र जायसवाल , प्रदीप जायसवाल, उतम कुमार, द्वारिका प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन दुबे ने कहा कि सभी लोग आपसी भाई चारा एवं हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाए; थाना प्रभारी मनोज कुमार ने भी गणेश पूजा की शुभकामनायें दी. आर्यन संघ के पंकज दास बाबु ने बताया इस वर्ष बाजार शिव मंदिर के पास भव्य आकर्षक पंडाल और साथ ही खूबसूरत लाइटिंग एवं 101 किलो लड्डू का भोग लगाकर किया जा रहा है एक दिन भव्य भंडारा पूजा समिति की तरफ से किया जाएगा. इस पूजा को सफल बनाने में अभिषेक कुमार,अमित पांडेय,पंकज दास बाबु, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, हंस कुमार, निकेश कुमार, भोला केशरी, मन्नू कुमार, करण कुमार, संतोष जायसवाल, विवेक शर्मा, ऋषभ सोनी, रोहित कुमार, विशेष जायसवाल, अभिषेक प्रजापति, अंशु कुमार, सूरज कुमार, अनूप कुमार, सूरज केशरी, प्रियांशु बजरंगी, सुरेश कुमार, मोनू गुप्ता, आशित कुमार अहम भूमिका निभा रहे है.

### बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में गणेश चतुर्थी की धूम भक्तिमय माहौल में हुई पूजा-अर्चना

**बरवाडीह (लातेहार)।** रेलवे कॉलोनी परिसर में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ. भव्य पंडाल में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा के समक्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की. महिलाएं परंपरागत वेशभूषा में सजधज कर आरती में शामिल हुईं. वहीं बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. पूजा की विशेष बात यह है कि लगातार 20 वर्षों से इस पूजा का आयोजन बासु डे रेल कर्मी अपने निजी खर्चे से करते आ रहे हैं. इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी उन्होंने पूरी जिम्मेदारी निभाई. कार्यक्रम में श्यामली डे, मणिसंकर डे, पायल डे, संजय, विवेकानंद बाशू, अर्पिता बाशु, भोला, गोपाल, उत्तम, डॉली, आदित्य, तनुश्री, गीता, शिखा, माहुली, सुदीप, सुनील, धीरू, शिल्पी, मुनमुन, कोयल, बैस्वी, उमा, तीनि, सुभाषीस, सपना दास, टिया, शीताराम और सरवान समेत कॉलोनी के दर्जनों लोगों ने सक्रिय योगदान दिया. आयोजक बासु डे ने कहा यह पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि हमारी आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है. पिछले 20 वर्षों से हम सब मिलकर इसे मनाते आ रहे हैं. बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. अंतिम दिन शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा.

## एक नजर

### सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत अंतर्गत बिरजा में संचालित जनवितरण प्रणाली दुकान निषाद मछुआरा एसएचजी व जगू चौधरी के दुकान पर राशन कार्डधारियों के बीच बुधवार को धोती -साडी व लुंगी का वितरण किया गया. झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक सोना सोबरन धोती -साडी योजना के तहत कार्डधारियों के बीच निषाद मछुआरा एसएचजी में पंसस सुनैना देवी व जगू चौधरी के दुकान पर वार्ड सदस्य सकरी देवी ने लाभुकों के बीच वितरण किया. मौके पर अध्यक्ष देवमनिया देवी, लाभुक गोपाल राम,संजय चौधरी, मंदीप प्रजापति, अनिता देवी,भागमनी देवी, प्रमिला देवी,झुगली कुंवर सहित कई कार्डधारी मौजूद थे.

### जंगली हाथी ने किसान के घर को किया ध्वस्त



**बालूमाथ (लातेहार)।** जंगली हाथी ने बालूमाथ प्रखण्ड के मारांगलोइया पंचायत अंतर्गत पिपराही में किसान लूथर मिंज, पिता पॉलूस मिंज के घर को ध्वस्त कर दिया है. जंगली हाथी ने धान के फसल को भी नुकसान पहुंचाया है. किसान रामबिलास मिंज, धनदीव उरांव, नेमंती मिंज, सोनमेत देवी, मनोज मिंज, विनोद तिर्की, दिलीप उरांव ने बताया कि जंगली हाथी ने धान के खेत में धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया है. जिससे हम सबों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने गांव पहुंच कर जंगली हाथी के द्वारा ध्वस्त किए गए मकान व नष्ट किए गए फसलों के खेत का मुआयना किया. उन्होंने वन अधिकारियों से संपर्क कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की. मौके पर समाजसेवी रामलाल भगत तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा बसिया पंचायत अध्यक्ष साबिर अंसारी, अनिल तुरी, मुना कुमार मौजूद रहे.

### आनंद ऑटो बाइक्स में लॉन्च हुआ चरिस्टिक ग्लैमर एक्स बाइक

**मेदिनीनगर।** हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत विक्रेता आनंद ऑटो बाइक्स में 125 सीसी की फ्यूचरिस्टिक बाइक ग्लैमर एक्स का शानदार लॉन्च किया गया. डायरेक्टर आकर्ष आनंद ने इस बाइक का अनावरण किया. मौके पर सैकड़ों ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे. सेल्स एक्सक्यूटिव राजीव रंजन ने बाइक के खास फीचर्स जैसे क्रूज कंट्रोल, एरिया टेक्नोलॉजी, पैनिक ब्रेक अलर्ट, तीन राइड मोड्स और मल्टीकलर डिस्प्ले की जानकारी दी. यह बाइक चार रंगों में उपलब्ध है, जिसकी कीमत ड्रम वेरिएंट के लिए 89,999 रुपये और डिस्क वेरिएंट के लिए 99,999 रुपये है. मनीष तिवारी को पहली बाइक की चाबी सौंपी गई. ग्राहक रांची रोड, रेडमा स्थित शो रूम में जाकर टेस्ट राइड का आनंद ले सकते हैं.

### मेदिनीनगर : ध्वजारोहण के साथ पर्यूषण पर्व का शुभारंभ, आत्मशुद्धि का संदेश दिया

**मेदिनीनगर।** जैन मंदिर डाल्टनगंज में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी श्री अन्नू भैया जी के पावन सानिध्य में दस दिवसीय पर्यूषण पर्व का शुभारंभ हुआ. ध्वजारोहण श्री महावीर प्रसाद बाकलीवाल, धरमचंद पाटनी, अशोक कुमार कासलीवाल और महेंद्र पाटनी ने किया. पर्व 28 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगा. प्रतिदिन अभिषेक, पूजन और दसलक्षण विधान होगा, शाम को भक्तामर आरती और प्रवचन होंगे. फिरोजाबाद से संगीत मंडली भी शामिल होगी. जैन समाज अध्यक्ष सरस जैन ने बताया कि पर्यूषण आत्मशुद्धि और आत्ममंथन का पर्व है, जो संयम, अहिंसा, सत्य और तप की प्रेरणा देता है. यह पर्व 6 सितंबर को श्रीजी की शोभायात्रा के साथ समाप्त होगा. सूचना जैन समाज अध्यक्ष सचिव सागर जैन ने मीडिया प्रभारी रोहित जैन के माध्यम से दी.

### विधानसभा में लातेहार विधायक ने बालूमाथ-शेरेगड़ा जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग उठाई

**बालूमाथ (लातेहार)।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में बालूमाथ से शेरेगड़ा तक जर्जर सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया. उन्होंने सदन को बताया कि 2016 में बनी यह सड़क (पैकेज सं-जे11-14 एनपीसी-120/2013-14) अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और हजारों ग्रामीणों को परेशानी हो रही है. यह मार्ग बालूमाथ, चतरा और हजारीबाग जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है. विधायक ने राज्य सरकार से शीघ्र मरम्मत की मांग की. उन्होंने कहा कि पहले भी इस विषय पर सरकार से आग्रह किया गया था और जवाब भी प्राप्त हुआ है. उम्मीद है अब जल्द कार्रवाई होगी.

### बालूमाथ दुर्गा पूजा समिति का गठन, रवि सिंह लगातार 13वीं बार बने अध्यक्ष

**बालूमाथ (लातेहार)।** दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बुधवार को दुर्गा मंडप परिसर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रामजी सिंह ने की. बैठक में सर्वसम्मति से रवि सिंह को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया.यह उनकी लगातार 13वीं बार ताजपोशी है. समिति में प्रमोद कुमार गुड्डू, कैलाश यादव, संजू ओझा, विशेष कुमार, नीरज कुमार, लालदेव गंझु, बिनोद साव और हिमांशु कुमार उपाध्यक्ष बनाए गए. सचिव पद की जिम्मेदारी सोनू सिंह, अमित कुमार, अखिलेश गंझु व अन्य को दी गई. महासचिव शैलेश सिंह व कोषाध्यक्ष रवि कुमार रजक चुने गए.कार्यकारिणी में बिट्टू सोनी, सुरेंद्र साहू, राजू कुमार समेत अन्य को शामिल किया गया. संरक्षक मंडली में पूर्व विधायक बालजीत राम, रामजतन साहू, रामजी सिंह, अनीता देवी, प्रियंका कुमारी व अन्य गणमान्य लोगों को स्थान दिया गया.

### अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर जब्त, कई उपकरण बरामद

**छतरपुर/पलामू।** अवैध खनन को लेकर मंगलवार देर रात छत्तरपुर के करमा कलां में खान निरीक्षक शुभम कुमार द्वारा छापेमारी की गयी. छापामारी की भनक लगते अवैध उत्खनन में लगे लोग भाग निकले. जिसके बाद मौके से दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया. ट्रैक्टरों पर 80 घन फीट स्टोन बोल्डर पाया गया. वहीं दो जैक हैम्बर मशीन, चार ड्रिलिंग रॉड, एक शबवेल, एक कुल्हाड़ी, 20 डेटोनेटर समेत अन्य उपकरण बरामद किये गये.

## चतरा पुलिस को बड़ी सफलता
# 3172 बोतल अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त

शुभम संदेश। चतरा

वशिष्ठ नगर व हंटरगंज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 3172 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने एक स्कॉर्पियो वाहन (JH10BM-1046) भी जब्त की है. गिरफ्तार तस्करों में घंघरी निवासी अजय दास और रांची के तरंगा गांव निवासी मो. सद्दाम उर्फ सद्दाम हुसैन शामिल हैं, जो वर्तमान में चतरा के लाइन मुहल्ला व नगवां में रह रहा था. एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन किया गया. घंघरी से 1008 बोतल शराब के साथ अजय दास को पकड़ा गया. उसकी निशानदेही पर हंटरगंज के कांगरूआ गांव से 1564 बोतल और जंगल की ओर से आ रही स्कॉर्पियो से 600 बोतल शराब जब्त की गई.

थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि वशिष्ठ नगर थाना में कांड संख्या 56/25 के तहत बीएनएस व उत्पाद अधिनियम में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया. अजय दास लंबे समय से अवैध शराब तस्करी में संलिप्त रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### बाइक की डिक्की तोड़ लाखों के जेवरात चोरी

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक स्थित नाज टेलर्स के पास मंगलवार शाम चोरों ने खड़ी बाइक की डिक्की तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी कर लिए. जानकारी के अनुसार बबलू वर्मा (पिता नारायण स्वर्णकार), निवासी विष्णुगढ़, अपनी दुकान बागेश्वरी ज्वेलर्स बंद कर घर लौट रहे थे. रास्ते में खरीदारी करने के लिए रुके, तभी मौका पाकर अज्ञात चोरों ने उनकी मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़ दी और उसमें रखा बैग लेकर फरार हो गए. बैग में लगभग 1.5 किलो चांदी व करीब 50 ग्राम सोने के जेवरात थे. पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### बाइक व साइकिल में ज़ोरदार टक्कर, दोनों घायल, रिम्स रेफर

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के पांडु उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप बाइक एवं साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई. जिसमें दो लोग घायल हो गए. घायल की पहचान पांडु निवासी चन्द्रदेव सिंह के 14 वर्षीय पुत्र पीयूष सिंह एवं तुड़मी निवासी तौफिक अंसारी के रूप में हुई. जानकारी के अनुसार बाइक सवार तेतरौन की ओर से आ रहा था वही साइकिल सवार मुहल्ले से निकल रहा था तभी बाइक सवार ने साइकिल सवार किशोर को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पीयूष सिंह व बाइक सवार तौफीक अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद परिजन आनन फानन में सदर अस्पताल ले कर गए जहां बेहतर इलाज के रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.

### सर्पदंश से अधेड़ की मौत, परिजनों ने मुआवजे की गुहार लगाई

**हंटरगंज (चतरा)।** नावाडीह पंचायत अंतर्गत भोजपुर गांव में सोमवार देर शाम सर्पदंश की घटना में 34 वर्षीय धर्मेंद्र भुइंया की मौत हो गई. वह शौच के लिए अंधेरे में निकले थे, इसी दौरान एक विषैले सांप ने उन्हें डस लिया. परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. मगर गया ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया. धर्मेंद्र मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे. उनके निधन से पत्नी मीना देवी, मां और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है. वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं. घटना के बाद गांव में मातम पसरा है. मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान और ग्रामीणों ने परिजनों को सांत्वना दी और जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की.

### लेंजवा पंचायत में आयुष्मान कार्ड शिविर

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के लेंजवा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का नेतृत्व पंचायत सचिव प्राण कुमार ने किया. इस दौरान करीब 60 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जबकि 50 लोगों का केवाईसी पूरा किया गया. आयुष्मान कार्ड धारकों को सरकारी व चिह्नित निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी. यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है. शिविर में मुखिया योगेंद्र यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि विनोद यादव, पीडीएस प्रभारी संदीप कुमार, स्वास्थ्य सहिया कौसल्या देवी सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में समाजसेवी, वार्ड सदस्य और अन्य स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद थे.

# जयनगर के पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता, श्रद्धा-भक्ति के साथ लगे जयकारे

**शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)**

प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हुआ. प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को पांच दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ. आचार्य बसंत शास्त्री महाराज एवं उप आचार्य विष्णुकांत शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल प्रांगण में उमड़ पड़ी. महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं, वहीं बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला. इस दौरान गणपति बप्पा मोर्या' के गगनभेदी नारों से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया. इसी तरह परसाबाद, पवार हाउस डंडाडीह, कन्द्रपड़ीह समेत कई जगहों पर भी पंडाल बनाए गए हैं, जहां गणपति प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना हो रही है. साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति ने विशेष इंतज़ाम किए हैं. पंडालों में वॉलेंटियर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रवचन, भजन-कीर्तन आयोजन भी किया जाएगा. सार्वजनिक गणपति पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, महासचिव सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष सूरज सोनी समेत उमेश मोदी, सूरज सिंह, राजा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पप्पू राम, राजेश सिंह, मनीष सिंह, बबलू सिंह, बिट्टू सोनी, रोहित सोनी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष सक्रिय रूप से जुटे रहे.

## गणपति महोत्सव का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवयुवक श्रद्धा संघ नवलशाही के द्वारा गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया. पूजा पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने फीता काटकर किया. गणपति पूजा के दौरान निरंजन पांडेय ने विधि विधान से पूजा कराया. इस दौरान पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं के पर उप प्रमुख नेहा कुमारी, समाजसेवी शंकर साव, उत्तम अग्रवाल महेश शर्मा, दशरथ यादव, गिरधारी शर्मा, रामदेव साव, मनोज साव, दीपक कुमार, राजू साव, रिंकू साव, स्वपन विश्वास, विजय ठाकुर, लक्ष्मण साव, राहुल कुमार आदि सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे.

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 12वां जत्था डाडी प्रखंड के रेलीगढ़ा से हुआ रवाना

# सांसद मनीष जायसवाल ने तीर्थ यात्रियों के पांव पखार श्रद्धा भाव से रवाना किया

**शुभम संदेश। डाडी (हजारीबाग)**



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों के लिए संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 12वां जत्था डाडी प्रखंड के शिव मंदिर, रेलीगढ़ा से रवाना हुआ. इस जत्थे में कुल 65 तीर्थयात्री शामिल थे, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 भाजपा कार्यकर्ता थे.

रवानी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद मनीष जायसवाल ने पांच तीर्थयात्रियों के पाँव पाखरे और पुष्पवर्षा कर उन्हें चार धाम की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं. चार धाम यात्रा में उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल अयोध्या (राम जन्मभूमि), काशी, प्रयागराज (संगम) और विंध्याचल शामिल हैं. यात्रियों के स्वागत के लिए स्थानीय लोगों ने ताशे की गूंज के बीच जयकारे लगाकर जोरदार स्वागत किया.

सांसद मनीष जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि सनातन धर्म में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है. अधिकतर बुजुर्गों की तीर्थ स्थलों की यात्रा की इच्छा होती है, लेकिन यात्रा में अनेक बाधाएं आ जाती हैं जिससे उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पाती. इस महाअभियान के माध्यम से बुजुर्गों के तीर्थाटन का सपना साकार हो रहा है और उनकी तीर्थ यात्रा की चाह पूरी हो रही है. कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, अमरेंद्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, डाडी भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रजापति सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे. साथ ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह-सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, स्थानीय भाजपा नेता और समाजसेवी भी मौजूद थे.

इस आयोजन में तीर्थ यात्रियों के उत्साह और श्रद्धा की भावना देखने को मिली, जिसने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया. सांसद ने कहा कि वे नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम करते रहेंगे और उनकी भलाई के लिए प्रयासरत रहेंगे.

### शेफाली गुप्ता बनीं हजारीबाग जिला पर्यावरण समिति की सदस्य

**हजारीबाग।** ओम आरोहणम संस्था की संस्थापिका और सामाजिक सक्रिय कार्यकर्ता शेफाली गुप्ता को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा हजारीबाग जिला पर्यावरण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है. यह चयन उनके पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में निरंतर सक्रिय योगदान को देखते हुए किया गया है. शेफाली गुप्ता ने इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि वे अपनी पूरी प्रतिभा और क्षमता से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में आम लोगों को जागरूक करने और संकल्पित करने के लिए सार्थक प्रयास करने का भी संकल्प लिया है. उनका यह कदम न केवल हजारीबाग क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित होगा. शेफाली गुप्ता का चयन उनके निरंतर सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों का प्रमाण है. इस अवसर पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं. शेफाली गुप्ता की यह पहल हजारीबाग क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत है और उम्मीद है कि वे इस नई भूमिका में अपनी सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के लिए नए आयाम स्थापित करेंगी.

## राजद हंटरगंज में प्रखंडस्तरीय कमेटी विस्तार को लेकर विचार-विमर्श, पार्टी मजबूती पर जोर



**शुभम संदेश। चतरा**

हंटरगंज (चतरा) में राजद के प्रखंड कार्यालय पानी टंकी स्थित स्थल पर बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय कमेटी विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता अशोक यादव ने की जबकि संचालन संतोष यादव ने संभाला. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ से लेकर प्रखंड स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना था.

अशोक यादव ने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार प्रखंड और बूथ स्तर पर कमेटी गठन का काम जारी है. उन्होंने कहा कि सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन विस्तार और पार्टी की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया है. यादव ने बताया कि राजद समाजवादी विचारधारा की पार्टी है, जो दलित, शोषित और वंचित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आगामी 31 अगस्त को होने वाली प्रखंड स्तरीय कमेटी विस्तार बैठक में सक्रिय भागीदारी करें. बैठक में सुरेश पासवान, रनु दास, छोटू यादव, निर्मल यादव, शिवनंदन प्रजापति, प्रमोद भोक्ता, विजय यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे. इस बैठक के जरिए राजद ने स्थानीय स्तर पर अपनी जड़ें मजबूत करने और व्यापक संगठन विस्तार के साथ राजनीतिक मजबूती हासिल करने का संकल्प दोहराया है.

### कलाकारों ने बप्पा का स्वागत किया खुशी और उमंग के साथ

**हजारीबाग।** हर साल की तरह इस बार भी आपके पसंदीदा एंडटीवी कलाकारों ने गणेश चतुर्थी को बड़ी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया. सभी ने बप्पा का घर में स्वागत किया ढेर सारा प्यार, प्रार्थना और खास तैयारियों के साथ. पारस अरोड़ा, यानी घरवाली पेड़वाली के जीतू कहते हैं "हमने बप्पा को डेढ़ दिन के लिए घर बुलाया है और परिवार में उत्साह का ठिकाना नहीं है.

## बिजली विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह से अंधेरे में डूबे कई गांव, एसडीओ का असंवेदनशील रवैया

**शुभम संदेश। सिमरिया (चतरा)**



प्रखंड के डाड़ी, पुंडरा, एदला, मुर्वे समेत कई गांवों में बीते एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है. बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर हैं. मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पाने से लोग शहरों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं. वहीं, घरों में अंधेरा और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है.

सबसे गंभीर मामला डाड़ी स्कूल के पास रहने वाले दिवाली महतो के घर का है, जहां 11 हजार वोल्ट का नग्न तार सीधे उनके छत से होकर गुजर रहा था. तीन दिन पूर्व वह तार टूटकर सीधे छत पर गिर गया, जिससे आग की चिंगारियां उठने लगीं. गनीमत रही कि घरवाले समय रहते बाहर निकल गए और कोई बड़ा हादसा टल गया. दिवाली महतो ने साफ कहा है कि जब तक तार को कभर कर सुरक्षित नहीं किया जाएगा, वे छत से तार नहीं गुजरने देंगे.

यह कोई पहली घटना नहीं है. ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जहां छतों से नग्न तार गुजारे गए हैं, जिससे कई लोग घायल हुए हैं और कुछ ने जान भी गंवाई है. विभाग की ओर से सिर्फ अस्थायी तौर पर तार जोड़कर बिजली बहाल करने का प्रयास किया जाता है, जो बार-बार फेल हो रहा है. जब इस संबंध में एसडीओ सत्यदेव कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने असंवेदनशीलता दिखाते हुए कहा, अभी 24 घंटे और बिजली नहीं मिलेगी. उनके इस बयान से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. सवाल यह है कि क्या इस एक सप्ताह की बिजली कटौती के बदले लोगों का बिल माफ किया जाएगा? क्या विभाग के पास कभर तार की कमी है या सुधार की इच्छाशक्ति ही नहीं है?

ग्रामीणों की मांग है कि बिजली विभाग जल्द से जल्द नग्न तारों को कभर कर सुरक्षित आपूर्ति बहाल करे, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई है.

## महिला चिकित्सक पर आरोपों से मामला गरमाया

- चतरा में पत्रकारों की आवाज दबाने का प्रयास

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना मधुर पर पत्रकारों की आज़ादी को दबाने का आरोप लगा है. इलाज में लापरवाही और मरीजों से अभद्रता की खबर प्रकाशित होने के बाद डॉ. मधुर ने वरिष्ठ पत्रकारों विजय शर्मा (प्रभात खबर) और अशोक पांडेय (दैनिक भास्कर) के खिलाफ इटखोरी थाना में आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया. इस कदम की चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनिल कश्यप ने कड़ी निंदा की है और इटखोरी में पत्रकारों ने डॉक्टर के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया. मामला तब और गंभीर हो गया जब अनुसूचित जाति-जनजाति (एसटी) समुदाय के कई मरीजों ने डॉ. अर्चना पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल, अभद्रता और इलाज से इनकार करने के आरोप लगाए.

## एक नजर

### कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का हुआ आरंभ



**टंडवा।** चतरा/ सुप्रसिद्ध चुंदरु धाम,सूर्य मंदिर के प्रांगण से शुभारंभ हुई भव्य शोभा कलश यात्रा,गुंजा गणपति बप्पा मोरिया-गणपति बप्पा मोरिया के गगनभेदी नारों के बीच भव्य कलश शोभा यात्रा की भ्रमण औद्योगिक नगरी टंडवा क्षेत्र में निकाला गया. सांसद कालीचरण सिंह, विधायक उज्जवल दास और पूर्व विधायक किसुन कुमार दास महोत्सव में हुवे शामिल. सांसद ने चुंदरू धाम में एक करोड़ से शेड और छठघाट निर्माण बनवाने की घोषणा की. इसके पूर्व पूजा कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनिल दास संजीत गुप्ता तथा रंजीत गुप्ता समेत अन्य ने सांसद, बीडीओ समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया.

### डीएवी बरकाकाना के खिलाड़ियों ने कराटे के साथ बॉक्सिंग और बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया




**रामगढ़।** राज्य स्तरीय अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल एनटीएस बरकाकाना के छात्र-छात्राओं ने कराटे, बॉक्सिंग और बैडमिंटन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते. इस सफलता से विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन हुआ है. विद्यालय के प्राचार्य मुस्तफा माजिद ने कहा कि छात्रों की यह सफलता कड़ी मेहनत और अनुशासन का नतीजा है. उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे. मुस्तफा माजिद ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया.

### कांग्रेस की विचारधारा ही देश और राज्य की जनता के अधिकारों की रक्षा कर सकती है: मुन्ना सिंह



**हजारीबाग/रांची।** संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत बुधवार को पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में प्रदेश प्रभारी के. राजू, सह-प्रभारी डॉ. प्रसाद सिरिवेला, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, सांसद कालीचरण मुंडा व श्री सुखदेव भगत सहित कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. बैठक में मंत्रीगण श्री राधा कृष्ण किशोर, दीपिका पांडे सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई विधायक और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे. संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता पर उठाने की रणनीति पर चर्चा हुई. वहीं पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ही देश और राज्य की जनता के अधिकारों की रक्षा कर सकती है, इसलिए संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना ही समय की मांग है. नेताओं ने एक स्वर में संगठन की मजबूती और जनता से सीधा संवाद कायम करने पर जोर दिया.

### रामगढ़ में श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी नगर कीर्तन का भव्य स्वागत, आज पहुंचेगी यात्रा



**रामगढ़।** श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी नगर कीर्तन का रामगढ़ में भव्य स्वागत किया जाएगा. यह यात्रा रांची से होकर रामगढ़ पहुंचेगी. यात्रा बिजलियां स्थित स्वर्गीय गुरदित सिंह जोली एवं भूपेंद्र सिंह जोली के घर से शुरू होकर रामगढ़ की सीख साध संगत के साथ नगर कीर्तन के रूप में सबद कीर्तन करते हुए सुभाष चौक पहुँचेगी. सुभाष चौक के सामने मंदिर के पास श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और उनके लिए चाय-नाश्ते का प्रबंध किया गया है. रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी साध संगत से अपील की है कि वे इस पवित्र कार्यक्रम में जरूर शामिल हों. इस आयोजन के बाद यात्रा हजारीबाग के लिए रवाना होगी.

### इंस्टाग्राम से दोस्ती, शादी और धर्म परिवर्तन का छल, असम की युवती ने विष्णुगढ़ थाने में की शिकायत

**विष्णुगढ़।** इंस्टाग्राम चैट के जरिए दोस्ती कर शादी का झांसा देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप असम की 22 वर्षीय युवती ने विष्णुगढ़ थाना में लगाए हैं. युवती ने पुलिस को बताया कि वह जून 2023 में इंस्टाग्राम पर अहमद बाबा नाम की आईडी से जुड़े एक युवक से मिली, जिसने खुद को राहुल बताया. युवक के बहकावे में आकर वह विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा स्थित उसके घर पहुंची, जहां पता चला कि राहुल असल में मुस्लिम युवक अहमद रजा है. युवती ने आवेदन में बताया कि अहमद रजा ने परिजनों की मदद से जबरन उसका धर्म परिवर्तन कराया और कोर्ट मैरिज की. इसके बाद उसे नजरबंद रखकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया. इस दौरान उनका एक बच्चा भी हुआ. युवती ने दो बार भागने की कोशिश की, लेकिन हर बार पकड़ कर कैद किया गया. 26 अगस्त को मौका पाकर वह अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भाग निकली और राहगीरों की मदद से पुलिस स्टेशन पहुंची.युवती ने यह भी बताया कि युवक ने खुद को हिंदू और अविवाहित बताया था, जबकि असलियत यह थी कि वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं. घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय समाजसेवियों ने इसे गंभीरता से लिया और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया. बताया जा रहा है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा को भी मामले की जानकारी मिली है और उनके निर्देश पर असम और झारखंड पुलिस ने इस पर चर्चा की.

### पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता ने झारखंड में कर्मचारी शक्ति समागम का विधिवत शुभारंभ किया



**चतरा।** झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में झारखंड ऑफिसर, टीचर्स एंड एम्प्लॉइस फेडरेशन द्वारा आयोजित ₹कर्मचारी शक्ति - समागम₹ का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्मचारी शक्ति प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाती है और यह समागम कर्मचारियों को अपने अधिकारों और मांगों के लिए एकजुट होने का मंच प्रदान करता है. कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने शिक्षक वर्ग की एमएसीपी, राज्य कर्मचारियों की सेवा उम्र 62 वर्ष करने और शिशु शिक्षण भत्ते सहित 11 महत्वपूर्ण मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. पूर्व मंत्री भोगता ने आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाएंगे और शीघ्र समाधान के प्रयास करेंगे. समारोह में मुख्य सलाहकार सुनील कुमार, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्प सुहासिनी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 10+2 शिक्षक संघ अध्यक्ष अनूप कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उपेन्द्र राम, झारोटेप जिला संयोजक सुनील कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे.इस कार्यक्रम को कर्मचारियों की एकजुटता और संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया गया.

## संकल्प

### गोरहर में झारखंडी स्थानीय मुद्दों को लेकर उमड़ा जनसैलाब

# बदलाव संकल्प महासभा से उठी परिवर्तन की हुंकार

- स्थानीय नीति और नियोजन नीति पर व्यापक चर्चा, युवाओं ने जताई बदलाव की जरूरत

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



गोरहर के नवाडीह मैदान में झारखंडी स्थानीय मुद्दों को लेकर एक विशाल जनसैलाब उमड़ा, जिसमें झारखंड की स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की मांग जोरशोर से उठी. इस अवसर पर आयोजित बदलाव संकल्प महासभा में झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की अपील की गई. यह महासभा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के बैनर तले आयोजित की गई, जो राज्यभर में जनमुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है.

**जनसैलाब में शामिल हुए हजारों छात्र, कार्यकर्ता और आम लोग :** महासभा में हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और गिरिडीह के कार्यकर्ता और आम लोग मौजूद थे. साथ ही विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र और नौजवानों ने भाग लिया. सभा की शुरुआत झारखंड के वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देकर हुई, इसके बाद वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे.

**झारखंड में 22 साल बाद भी शोषण समाप्त नहीं, बदलाव जरूरी : महेंद्र प्रसाद**

क्रांतिकारी लखन कुमार महतो और सामाजिक कार्यकर्ता देवचंद महतो ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड निर्माण के 22 साल बाद भी शोषण मुक्त नहीं हुआ है. टाइगर जयराम महतो ने कहा कि राज्य की नौकरशाही और नेता केवल अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति और पुनर्वास नीति अस्पष्ट हैं और झारखंडी पहचान अभी तक परिभाषित नहीं हो सकी है. उन्होंने स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत बताई.

**स्थानीयता का आधार खतियान होना चाहिए :** महेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड की स्थानीयता का आधार 1932 से पहले और 1964 के बाद किए गए अंतिम सर्वे का खतियान होना चाहिए. खतियान के बिना बाहरी अतिक्रमण से बचना मुश्किल होगा. उन्होंने कहा कि नौकरी और जमीन की लूट लगातार हो रही है.

**नियोजन नीति में 60-40 के आरक्षण पर उठाए सवाल :** महेंद्र प्रसाद ने बताया कि वर्तमान नियोजन नीति में 60 प्रतिशत आरक्षण झारखंड के आरक्षित वर्ग के लिए है और 40 प्रतिशत सीटें ओपन टू ऑल हैं. लेकिन झारखंडी की परिभाषा अस्पष्ट होने के कारण बाहरी लोग भी स्थानीय सीटों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस नीति के कारण झारखंडी युवाओं के हितों को खतरा है.

**मांगें-बिहार जैसी नियोजन नीति लागू हो, जिला स्तर पर आरक्षण :** टाइगर जयराम महतो ने बिहार पुनर्गठन अधिनियम के तहत झारखंड में भी 1982 की नियोजन नीति लागू करने की मांग की. साथ ही नियुक्ति फॉर्म में स्थानीय प्रमाण पत्र का उल्लेख अनिवार्य करने और जनसंख्या अनुपात में जिला स्तर पर आरक्षण लागू करने पर जोर दिया.

### लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के नईटांड़ स्थित मसौंधा गांव में तीज पर्व की रात चोरों ने एक महिला के घर में सेंध लगाकर लाखों के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया. इस घटना ने पूरे इलाके में भय और सनसनी फैला दी है. पीड़िता दीपिका कुमारी ने बताया कि मंगलवार को तीज पूजा के दौरान वे और उनकी जेठानी पड़ोस में कथा सुनने गए थे. देर रात करीब 1 बजे घर लौटने पर उन्होंने आंगन में सोने का निर्णय लिया. तभी घर के पिछले हिस्से से आवाजें सुनाई दीं, जिससे चोरी की आशंका हुई. दोनों महिलाएं डर के मारे बाहर नहीं निकलीं और फोन पर पति राजेश कुमार यादव को सूचना दी. पति ने तुरंत पड़ोसियों को बुलाया, जिन्होंने देखा कि घर का पिछला दरवाजा टूटा हुआ था और पास में बांस की सीढ़ी पड़ी थी. घर के अंदर आलमारी टूटी हुई मिली.

# गुमला में गणेश पूजा : भव्य पंडालों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, भक्ति की गंगा बह रही

शुभम संदेश । गुमला



गुमला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिवसीय गणपति महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ बुधवार से शुरू हो गया. विभिन्न स्थानों पर युवाओं द्वारा भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की गईं, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण, शंख और घंट की ध्वनि के बीच धूप-दीप और नैवेद्य के साथ पूजा अर्चना की गई. भक्तों ने भगवान गणेश से अपने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. पूजा के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया.

गुमला शहर के प्रमुख स्थानों जैसे ब्लू डायमंड सोसायटी, पुराना नगर पालिका कार्यालय, धोबी मुहल्ला और लोहरदगा रोड में भव्य पंडाल सजाए गए हैं. इन पंडालों को रंगीन रोशनी और फूलों से मनोहारी रूप में सजाया गया है, जो लोगों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. लोहरदगा रोड स्थित मां भवानी संघ के पंडाल में आदिवासी कला, संस्कृति और परंपरा को खूबसूरती से दर्शाया गया है, वहीं विद्युत चालित भगवान गणेश की झांकी भी दर्शकों का ध्यान खींच रही है. शाम के समय इस झांकी को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है. पुराना नगर पालिका कार्यालय, श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, राजा क्लब मुरली बगीचा और शक्ति मंदिर में भी रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है. संध्या आरती के दौरान इन पंडालों में भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान के दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं, तथा प्रसाद ग्रहण कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं.

गुमला के ग्रामीण प्रखंडों में भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है. पूरे दिन भक्ति गीतों और कीर्तन के माध्यम से चारों ओर अध्यात्म की गंगा प्रवाहित हो रही है, जो माहौल को अत्यंत पवित्र और उल्लासमय बना रही है. इस प्रकार, गणेश महोत्सव ने गुमला में लोगों के दिलों में भक्ति और उमंग का संचार कर दिया है.

### हंटरगंज के सेलवार गांव में दो पक्षों में मारपीट

# महिला समेत पांच घायल, एक गंभीर

शुभम संदेश । हंटरगंज (चतरा)



चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेलवार गांव में सोमवार देर रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक महिला समेत कुल पांच लोग घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया. चिकित्सकों के अनुसार महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है. घायलों की पहचान एक पक्ष से देवंती देवी, उनके पति तेजन भुइयां, पुत्र डब्लू कुमार और आशीष कुमार (पुत्र राजकुमार भुइयां) के रूप में हुई है. वहीं, दूसरे पक्ष से घायल होने वालों में कुंदन कुमार (पिता अरुण यादव) और नीतीश कुमार (पिता भूपेंद्र यादव) शामिल हैं. घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया है. कुंदन यादव ने बताया कि वह अपने घर में बैठा था, तभी आशीष कुमार और अन्य लोग नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगे. मना करने पर मारपीट की गई, जिसमें नीतीश कुमार और मनोज यादव भी बीच-बचाव में घायल हो गए. दूसरे पक्ष के आदित्य भारती ने बताया कि उनका भतीजा और उसका दोस्त घर लौट रहे थे, तभी कुंदन ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमला कर दिया. बीच-बचाव में आईं देवंती देवी को गंभीर चोट लगी, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ीं. घटना की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. आदित्य भुइयां की ओर से थाना में लिखित आवेदन दिया गया है. पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है. गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है.

### लावालौंग में फसल बीमा को लेकर बैठक सम्पन्न

# किसान मित्रों को सौंपा गया लक्ष्य



शुभम संदेश । चतरा

चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विपिन भारती ने की. इस दौरान क्षेत्र के सभी किसान मित्रों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें सौंपे गए लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया. श्री भारती ने बताया कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच की तरह है, जो प्राकृतिक आपदा, अधिक वर्षा, सूखा या कीट प्रकोप जैसी समस्याओं की स्थिति में राहत प्रदान करती है. उन्होंने कहा कि हर किसान तक यह सुविधा पहुँचाना सरकार का लक्ष्य है. इसके लिए प्रत्येक किसान मित्र को कम से कम 25 किसानों को बीमा योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया है. बैठक में उपस्थित बीटीएम वीरेंद्र प्रसाद और एटीएम चंद्रभूषण कुमार ने भी बीमा की प्रक्रिया और तकनीकी पक्षों की जानकारी साझा की. उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय पर फसल बीमा कराकर संभावित नुकसान से सुरक्षा सुनिश्चित करें.
बैठक में दर्जनों किसान मित्र शामिल हुए और योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास का भरोसा दिलाया.

### ककड़गढ़ और सुंदरू पंचायतों में कांग्रेसियों का शक्ति प्रदर्शन, कहा-

# गांव-गांव में मजबूत हो रही कांग्रेस की पकड़

शुभम संदेश । कुड़ू/लोहरदगा



संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा कुड़ू प्रखंड के ककड़गढ़ और सुंदरू पंचायत में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सुखैर भगत और प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर ने किया. इस दौरान पंचायत कमिटी का भौतिक सत्यापन हुआ और उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए.
कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक सम्मान के साथ अतिथियों के स्वागत से हुई. अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया. सभा में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने "वोट चोर गद्दी छोड़" के नारे लगाकर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया.

मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी के. राजू ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस कोई साधारण पार्टी नहीं, बल्कि जनता की आवाज और धड़कन है. आज केंद्र सरकार की नीतियों ने आम लोगों को हाशिए पर ला खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को उठाएंगे और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे.
सह प्रभारी डॉ. सीरि बेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की जड़ें गांव और पंचायतों में हैं, और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं. उन्होंने इसे एक आंदोलन की शुरुआत बताया और कहा कि कांग्रेस ही जनता की उम्मीदों पर खरी उतर सकती है.

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन सृजन वर्ष 2025 को एक जनआंदोलन बताया. उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर की कमिटियां कांग्रेस का किला हैं जिन्हें और भी मज़बूत करना होगा.

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस को एकमात्र विकल्प बताया. उन्होंने कहा कि पंचायतों से निकली यह आवाज भविष्य में बड़े परिवर्तन का आधार बनेगी.
पर्यवेक्षक सह कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने पंचायत कमिटी को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता कांग्रेस का सिपाही है और उसे गांव-गांव तक पार्टी की नीति और विचारधारा पहुंचानी होगी. जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि लोहरदगा कांग्रेस जनता के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है. पंचायत से लेकर जिला तक संगठन की एकता कांग्रेस की असली ताकत है.

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी डॉ. सीरि बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पर्यवेक्षक शहजादा अनवर, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, रांची ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उराँव, महिला जिला अध्यक्ष सीमा प्रवीण, साथ ही बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पंचायत प्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया और दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

यह आयोजन यह स्पष्ट संदेश दे गया कि कांग्रेस की जड़ें अब भी गांव-गांव में गहरी हैं और संगठन सृजन वर्ष 2025 कोई साधारण कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस के नवगठित संघर्ष और बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम है.

## एक नजर

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदा पंचायत के चरका टांगर जामटोली गांव में बनिया उरांव 50 वर्ष ने मंगलवार की रात अपने घर के सामने आम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बुधवार की सुबह फुटबॉल खेलने जा रहे लड़कों की नजर फांसी पर लटके व्यक्ति पर पड़ा. लड़को ने घटना की सूचना मृतक के परिवार जनों और मुखिया सत्यवती देवी को दी. मुखिया ने गुमला थाना को घटना की जानकारी दी. गुमला थाना के एस आई मिंटू कुमार घटना स्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना का कारण स्पष्ट नहीं है. परिवार जनों के अनुसार मृतक बनिया उरांव अक्सर शराब के नशे में रहता था . पूर्व में भी वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था. लेकिन दिन होने के कारण उसे बचा लिया गया था. इधर बीती रात को खाना पीना खाकर घर में सभी सोए हुए थे तभी वह घर से निकल गया और फांसी लगा लिया. सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया.

### कचरों का नियमित उठाव नहीं होने से मरीजों की बढ़ी परेशानी



**गुमला ।** सदर अस्पताल गुमला के डंपिंग यार्ड से कचरे का नियमित उठाव नहीं हो रहा है. जिससे इलाजरत मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. सदर अस्पताल के शवगृह जाने वाले रास्ते में कचरे के लिए डंपिंग यार्ड बनाया गया है जहां से नगर परिषद को कचरा उठाव के लिए अधिकृत किया गया है. बीते दिनों लगातार छोटा ट्रैक्टर लगाकर नगर परिषद कचरे का उठाव करता रहा है. इसके लिए सदर अस्पताल नगर परिषद को पैसा भी देता है लेकिन इधर एक सप्ताह से नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव नहीं किया गया. जिससे डंपिंग यार्ड में कचरा जमा हो गया. मजबूरी में कर्मियों को कचरा डंपिंग यार्ड के बाहर रखना पड़ा जिससे कचरा सड़क तक आ गया. शव गृह जाने वाले वाहन कचरे के ऊपर चढ़कर जाने लगे. जिससे कचरे का प्लास्टिक फट गया. लगातार बारिश होने से कचरा सड़क पर ही बहने लगा मवेशी भी कचरा खाने लगे. जिससे चारों ओर दुर्गन्ध फैल गया. इलाजरत मरीज और बीमार होने लगे. दुर्गंध से मरीजों को वार्ड में रहना मुश्किल हो गया. इधर लगातार सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा कचरा उठाव के लिए नगर परिषद को मौखिक और लिखित रूप से आग्रह किया गया लेकिन नगर परिषद द्वारा कचरा का उठाव नहीं किया गया.

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खेत में पलटा, चार घायल

**गुमला ।** जशपुर रोड स्थित तिर्रा मोड़ के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर चार बार पलटते हुए खेत में जा गिरा. इस घटना में वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए. घायलों में महताब खान, बेलाल लाल शाह, वसीम और सैयद के नाम शामिल है. जानकारी के अनुसार सभी जशपुर जिला के टांगर टोली का रहने वाला है और पशु तस्करी का काम करते हैं. घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए और वाहन चोर समझ कर ग्रामीणों ने उनकी पिटाई कर दी. सभी घायलों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाए. ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो वाहन की जांच की तो उसमें मवेशियों को बांधने वाला रस्सी पाया तथा वाहन के अंदर गोबर भी था. जिससे संभावना व्यक्त किया गया कि वाहन से पशु की तस्करी कर चारों जशपुर लौट रहे थे. घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस घटना से पहुंची और सभी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया. इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के बाद सभी की छुट्टी कर दी गई.

### कारीमाटी पंचायत मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की मांग

**इचाक ।** कारीमाटी पंचायत के मुखिया किरण देवी और उनके पति चंदन मेहता के कार्यशैली से नाराज वार्ड सदस्यों ने बीडीओ संतोष कुमार को शिकायत पत्र सौंपा है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुखिया पंचायत सचिवालय में कभी नहीं बैठतीं और सारा काम अपने घर पर निपटाती हैं. साथ ही, डीएमएफटी मद की राशि मनमाने तरीके से खर्च करना, मनरेगा योजना में दो से पांच प्रतिशत वसूली करना तथा आवास योजना के लाभुकों से रिश्वत लेना शामिल है. वार्ड सदस्यों में महेंद्र कुमार, गिरधारी प्रसाद मेहता, श्वेता देवी, अनीता देवी, देवंती देवी, राधा देवी, रामकुमार मेहता और संजू देवी प्रमुख हैं. उन्होंने शिकायत पत्र की एक प्रति जिला प्रशासन और जिला परिषद अध्यक्ष को भी सौंप दी है. वार्ड सदस्यों ने कहा कि जब उन्होंने मनमानी पर सवाल उठाए तो मुखिया और उनके पति द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया. उन्होंने मामले की त्वरित जांच कर कार्रवाई की मांग की है.

# गणेश पूजा की भक्ति में डूबा पिपरवार कोयलांचल, जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन

शुभम संदेश । पिपरवार

कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पूजा पूरे धूमधाम और श्रद्धा से मनाई जा रही है. बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी में तीन दिवसीय पूजा महोत्सव की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और प्रसाद वितरण हुआ. आयोजन समिति ने बताया कि भक्ति जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, समापन 29 सितंबर को हवन-यज्ञ से होगा. इधर, बचरा बाजारटांड़ में सन क्लब द्वारा गणेश पूजा की शुरुआत की गई, जहां आकर्षक पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है. कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालु और समिति सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए.

# घाघरा में घुसखोरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी : विजय सिंह

शुभम संदेश । गुमला



गुमला के घाघरा ब्लॉक में भ्रष्टाचार और घुसखोरी के विरुद्ध जागरूकता और सशक्त आंदोलन की योजना बनाई जा रही है. भ्रष्टाचार विरोधी मंच के बैनर तले बुधवार को घाघरा हाई स्कूल मैदान में किसान नेता जीवन भगत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण ग्रामीण बैठक हुई. इसमें पंचायत स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार पर ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और आंदोलन की रणनीति तैयार की गई.

बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी एवं झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने सरकार की निकम्मीपन को घुसखोरी की बढ़ोतरी का मुख्य कारण बताया. उन्होंने कहा कि घाघरा उनका गृह प्रखंड है और यहां के लोगों पर हो रहे शोषण व अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सांसद और विधायक इस विषय पर मौन हैं, इसलिए जनता को जागरूक होकर अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा. उन्होंने यूरिया खाद्य संकट को भी किसान विरोधी नीति करार दिया और किसानों से संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया. विजय सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सितंबर 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी को टास्क सौंपने और छह सितंबर 2025 को प्रखंड स्तरीय बैठक सफल बनाने का आह्वान किया. बैठक में 13 पंचायतों के किसान-मजदूर शामिल हुए और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम बनाने का निर्णय लिया गया. इस टीम में झारखंड नवनिर्माण दल की महिला नेत्री पुष्पा उरांव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, श्रवण उरांव, कुहरू मुंडा, संतु मिश्रा समेत कई स्थानीय नेता मौजूद थे. इस प्रकार, घाघरा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध संगठित और मजबूत आंदोलन की तैयारी जोरों पर है.

### अवैध वसूली मामले में सांसद ने दिए जांच के आदेश

**गुमला ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा बिजली विभाग और स्वास्थ्य विभाग में उठाए गए अवैध वसूली मामले में सांसद सुखदेव भगत ने जांच के आदेश दिए हैं. समिति के सदस्यों ने गुमला में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था पर सवाल उठाए. बगैर सूचना बिजली काटने और विभागीय काम में उपभोक्ताओं से अवैध वसूली का मामला उठा. इस पर सांसद ने उपायुक्त को मामले की जांच कर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया. इसी तरह के मामले स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सामने आयी. इस पर सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत आने पर उनसे सीधा संपर्क कर सकते हैं. सांसद सुखदेव भगत ने सदर अस्पताल में अवैध वसूली के मामले में भी जांच के आदेश दिए दिए हैं

### जोरदाग में सुश्री इंफ्रा कंपनी द्वारा गणपति पूजा का आयोजन

# ग्रामीणों और श्रमिकों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग



**केरेडारी ।** प्रखंड के जोरदाग स्थित मुंडा टोली में सीसीएल की चंद्रगुप्त कोल परियोजना के एमडीओ, सुश्री इंफ्रा कंपनी द्वारा बुधवार को गणपति पूजा का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में श्रमिकों और स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया. पूजा स्थल पर श्रद्धा0लुओं की भारी भीड़ उमड़ी. इस मौके पर सीसीएल के जीएम अमरेश कुमार ने भाग लेते हुए सुश्री इंफ्रा की सराहना की और कहा कि कंपनी खनन के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है. उन्होंने इसे सकारात्मक वातावरण का प्रतीक बताया. सुश्री इंफ्रा के जीएम आरएस यादव ने कहा कि श्रमिकों और ग्रामीणों के सहयोग से पूजा का आयोजन एकता और भाईचारे का परिचायक है. इस मौके पर अनिल मुंडा, अमित माली, ज्ञान पासवान, अखिलेश पासवान, प्रेम रंजन पासवान, सुरेश साहू, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

**लोहरदगा**

### लोहरदगा में भूमि साक्षरता पर पीएलवी को मिला प्रशिक्षण

# जमीनी विवादों के समाधान की दिशा में उठाया गया कदम

शुभम संदेश । लोहरदगा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) लोहरदगा एवं ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में ₹भूमि साक्षरता विषय पर मॉड्यूल वन₹ पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में 47 अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों (पीएलवी) को झारखंड में भूमि व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, एलएडीसीएस सहायक श्रीमती इंद्राणी कुजूर एवं ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया. अपने उद्घाटन संबोधन में श्री राजकमल मिश्रा ने भूमि विवादों को आपराधिक विवादों की मुख्य जड़ बताते हुए कहा कि यदि पीएलवी को भूमि से संबंधित उचित जानकारी मिल जाए, तो वे स्थानीय स्तर पर विवादों का समाधान करने में सहायक हो सकते हैं. प्रशिक्षण सत्र में इश्तेयाक अहमद ने झारखंड में भूमि के प्रकार, जमीन से जुड़े दस्तावेज, पंजी-2, केवाला प्रक्रिया, राजस्व न्यायालय की संरचना और नामांतरण प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी. प्रशिक्षण को रोचक बनाने हेतु नाट्य मंचन के माध्यम से भी कानूनी पहलुओं को समझाया गया. इस दौरान डालसा सचिव श्री राजेश कुमार एवं डिप्टी चीफ उमेश कुमार ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए. कार्यक्रम में ग्राम नियोजन केंद्र की पम्मी, सीमा सहित कई अधिवक्ताओं और मध्यस्थों ने भी भाग लिया.प्रशिक्षण में लाल धर्मेंद्र देव, पुन्नू देवी, गौतम लेनिन, रवि कुमार, मीना कुमारी, इजहार अहमद, सहित कुल 47 पीएलवी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे. यह प्रशिक्षण भविष्य में जमीनी विवादों के त्वरित और शांतिपूर्ण समाधान में मददगार साबित होगा.

### मुख्यमंत्री और कोयला राज्यमंत्री की बैठक

**पिपरवार ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की बैठक को रैयत विस्थापित मोर्चा (आरवीएम) और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (जेसीएमयु) ने विस्थापित रैयतों के हित में बताया है. आरवीएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने प्रेस बयान में कहा कि कोयला खनन के बाद खाली पड़ी भूमि मूल रैयत को लौटाई जाए. बैठक में नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार और पर्यावरण संतुलन जैसे मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई. उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल के सकारात्मक परिणाम जल्द दिखेंगे.

### कोयलांचल के बेंती गांव में गणेश पूजा

**पिपरवार ।** कोयलांचल क्षेत्र के बेंती पंचायत में गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. गांव में आकर्षक पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है. बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई, जो दामोदर नदी तक गई और विधिवत जल भरकर कलश स्थापना की गई. मुखिया सरिता देवी ने फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया. पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और क्षेत्र, राज्य व देश की सुख-शांति की कामना की गई.

### गुमला में 645 चिकित्सा कर्मियों को जोखिम प्रसव के लिए प्रशिक्षित

# मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का लक्ष्य

शुभम संदेश । गुमला



गुमला में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से आरसीएच कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य समिति और सीआईएफएफ के सहयोग से 645 चिकित्सा सेवा प्रदाताओं को 21 बैचों में एएनसी (एंटीनेटल केयर) का प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण में 345 एएनएम, 219 सीएचओ, 45 स्टाफ नर्स और 36 चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे. सिविल सर्जन डॉ. एस एन चौधरी ने प्रशिक्षित कर्मियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और उनका समुचित प्रबंधन इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने प्रशिक्षित चिकित्सकों को अपने दायित्व ईमानदारी से निभाने का निर्देश भी दिया. प्रशिक्षण में पेट की जांच, यूरीन डिपस्टिक टेस्ट, ओजीटीटी, गर्भावस्था की अवधि का निर्धारण, एनीमिया और उच्च रक्तचाप के निदान व प्रबंधन, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, तथा आवश्यकतानुसार रेफरल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. यह प्रशिक्षण बॉर्न हेल्दी कार्यक्रम के अंतर्गत जपाईगो के सहयोग से आयोजित किया गया है, जो प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं को मजबूत कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद करेगा. कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सिपिग निभा बारला बसिया, सीएचओ निर्मला कुमारी, तथा जपाईगो से दीपिका बा और राजेश कुमार ने प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया. जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. सुनील राम ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों को कार्यदक्षता, परामर्श, डेटा रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग पर भी प्रशिक्षित किया गया है, जिससे समय पूर्व जन्म, कम वजन वाले शिशु और नवजात संक्रमण के मामलों में कमी आएगी.

**मंथन**

## एसआईआर पर रोक से गरमाई राजनीति

झारखंड विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर पारित प्रस्ताव ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है. संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर का तर्क है कि यह प्रक्रिया गरीबों, दलितों और वंचित तबकों को मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र है. वहीं विपक्ष इसे सरकार की वोट बैंक राजनीति से जोड़ रहा है. बाबूलाल मरांडी का आरोप है कि सरकार रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को मतदाता सूची में शामिल कर राज्य की जनसांख्यिकी बदलने का प्रयास कर रही है. दोनों पक्षों की दलीलों में राजनीतिक स्वार्थ साफ झलकता है. लोकतंत्र की बुनियाद निष्पक्ष और अद्यतन मतदाता सूची है. यदि सूची में त्रुटियां हैं तो उसका पुनरीक्षण आवश्यक है. लेकिन सवाल यह है कि इस प्रक्रिया की समय-संवेदनशीलता और पारदर्शिता पर भरोसा कैसे कायम हो. चुनावी मौसम के ठीक पहले उठे ऐसे कदम पर संदेह होना स्वाभाविक है. सरकार का दायित्व है कि वह सभी वर्गों को आश्वस्त करे कि किसी को वंचित नहीं किया जाएगा और न ही किसी को अवैध रूप से जोड़ा जाएगा. विपक्ष का आरोप गंभीर है, लेकिन यह महज राजनीतिक बयानबाज़ी बनकर न रह जाए, इसके लिए ठोस प्रमाण भी सामने लाना होगा. जनता को भ्रमित करना लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरनाक है, जितना मताधिकार छीनना. जरूरत है कि इस बहस को राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठाकर देखा जाए. मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक मजबूती का आधार है. इसलिए यह पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध ढंग से होना चाहिए. तभी लोकतंत्र की जड़ें गहरी होंगी और जनता का भरोसा भी कायम रहेगा.

**नजरिया**

## झारखंड में कोचिंग सेंटरों पर नियंत्रण का सही कदम

झारखंड विधानसभा से पारित कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) बिल 2025 शिक्षा जगत में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. राज्य में अनियमित ढंग से फलते-फूलते कोचिंग सेंटर न केवल छात्रों और अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे थे, बल्कि दबाव और सुविधाओं की कमी से छात्रों में आत्महत्या जैसी दुखद घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही थी. इस विधेयक में स्पष्ट प्रावधान हैं कि 50 से अधिक छात्रों वाले कोचिंग संस्थानों को जिला रेगुलेटरी कमेटी के पास पंजीकरण कराना होगा. शुल्क, पाठ्यक्रम, आधारभूत ढांचा और ट्यूटर की योग्यता जैसी सूचनाएं सार्वजनिक करने की अनिवार्यता पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी. हालांकि, इस कानून की सफलता इसके कड़ाई से पालन पर निर्भर करेगी. अतीत में देखा गया है कि कई अच्छे प्रावधान कागजों तक सीमित रह जाते हैं. जिला स्तर पर गठित कमेटियों को निष्पक्ष, सक्रिय और उत्तरदायी होकर काम करना होगा. साथ ही, फीस नियंत्रण और गुणवत्ता सुधार पर निगरानी बड़ी चुनौती होगी. यह विधेयक छात्रों और अभिभावकों को राहत देने वाला साबित हो सकता है, बशर्ते इसे राजनीति या नौकरशाही की जटिलताओं में उलझने न दिया जाए. शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ना है. सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस कानून से झारखंड में शिक्षा अधिक सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बने.

# नारी सशक्तीकरण: वैश्विक भारत की नई तस्वीर

डॉ. निवेदिता शर्मा



**देश की आधी आबादी की हर क्षेत्र में बढ़ती हिस्सेदारी उत्साह का कारक है.**

**आज जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठने की बात करता है, तब हम उम्मीद करें कि भारत जब 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो देश का सबसे बड़ा उत्सव महिलाओं की प्रगति के लिए समर्पित होगा.**

भारत के सामने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य है. किंतु यह लक्ष्य तभी पूरा किया जा सकता है जब देश की आधी आबादी, यानी महिलाएं, बराबरी की हिस्सेदार बनेंगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कार्यबल में 70% महिला भागीदारी का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है. यह केवल आर्थिक नीतियों का हिस्सा नहीं बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति के अनुरूप हो रहा सामाजिक-सांस्कृतिक बदलाव है, जिसमें कि महिलाओं को बराबरी का अधिकार ही नहीं कार्यस्थल पर भी समान रूप से सम्मान प्राप्त हो. वर्तमान में भी वही दृश्य उभर रहा, जिसमें महिलाएं केवल परिवार और समाज की पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहीं.
वे देश के आर्थिक भविष्य को दिशा दे रही हैं. ग्रामीण भारत की उद्यमी महिलाएं हों या कॉर्पोरेट बोर्डरूम में नेतृत्व करने वाली महिलाएं, हर स्तर पर उनकी भूमिका निर्णायक होती जा रही है.
हाल ही में एक सर्वे आया है, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी (पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे) जो यह दर्शा रहा है कि भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. यह पीएलएफएस क्या है, यहां इसको भी समझ लेते हैं- भारत के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा अप्रैल 2017 में शुरू किया गया एक सांख्यिकीय सर्वेक्षण है, जिसका उद्देश्य पहले की तुलना में अधिक आवृत्ति के साथ श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक संख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख रोजगार और बेरोजगारी संकेतकों को मापना है .
इसके आए आंकड़े बता रहे कि 2017-18 में महिला रोजगार दर केवल 22% थी, जो 2023-24 में बढ़कर 40.3% हो गई. यह वृद्धि अपने आप में नया कीर्तिमान है. इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6% से घटकर 3.2% पर आ गई. यह बताता है कि रोजगार के अवसर बढ़े हैं और खासकर महिलाओं को इन अवसरों में भागीदारी का मौका मिला है. ग्रामीण भारत में यह परिवर्तन और भी गहरा है. यहां महिला रोजगार में 96% की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वृद्धि 43% रही है. ग्रामीण भारत की यह छलांग साबित करती है कि आर्थिक सशक्तीकरण केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांव की मिट्टी से भी एक नई क्रांति जन्म ले रही है.महिलाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि शिक्षा और कौशल विकास से संभव हुई है. स्नातक महिलाओं की रोजगार क्षमता 2013 में 42% थी, जो 2024 में बढ़कर 47.53% हो गई. इसी तरह स्नातकोत्तर स्तर पर महिलाओं की रोजगार क्षमता 34.5% से बढ़कर 40% तक पहुंच गई है. इस मामले में एक रिपोर्ट इंडिया स्किल्स 2025 भी देखी जा सकती है, जो भविष्यवाणी करती है कि वर्तमान 2025 में 55% भारतीय स्नातक वैश्विक स्तर पर रोजगार योग्य होंगे. इसके साथ ही ईपीएफओ पेरोल डेटा से पता चलता है कि पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं संगठित क्षेत्र के कार्यबल का हिस्सा बनी हैं. दूसरी ओर, ई-श्रम पोर्टल पर 16.69 करोड़ से अधिक असंगठित महिला श्रमिकों का पंजीकरण हुआ. यह पंजीकरण उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ता है और एक बड़ी असुरक्षित श्रमिक आबादी को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है.
भारत सरकार ने महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सैकड़ों योजनाएं चलाई हैं. इनके परिणामस्वरूप महिला स्व-रोजगार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. 2017-18 में जहां महिलाओं का स्व-रोजगार अनुपात 51.9% था, वहीं 2023-24 में यह 67.4% तक पहुंच गया. पिछले दशक में जेंडर बजट में 429% की वृद्धि—0.85 लाख करोड़ से 4.49 लाख करोड़ रुपये तक इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण है. भारत का स्टार्टअप इको सिस्टम दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है और इसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है. आज 1.54 लाख से अधिक डीपीआईआईटी पंजीकृत स्टार्टअप्स में से 74,410 में कम से कम एक महिला निदेशक है. नमो ड्रोन दीदी, दीनदयाल अंत्योदय योजना और लखपति दीदी जैसी पहलें ग्रामीण भारत में उद्यमिता को नई ऊर्जा दे रही हैं. दो करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनकर न केवल अपनी जिंदगी बदल रही हैं बल्कि पूरे परिवार और समाज को आर्थिक मजबूती दे रही हैं. महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में पीएम मुद्रा योजना की भूमिका निर्णायक रही है. कुल दिए गए मुद्रा ऋणों में 68%ऋण 14.72 लाख करोड़ रुपये मूल्य के महिलाओं को मिले हैं. यही नहीं, पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों में 44% महिलाएं लाभार्थी हैं. ये महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने का अवसर ही नहीं देतीं बल्कि उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता भी प्रदान करती हैं. महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम अब भारत की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुके हैं. वित्त वर्ष 2021 से 2023 तक ऐसे उद्यमों ने 89 लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा कीं. 2010-11 में महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों की हिस्सेदारी 17.4% थी, जो 2023-24 में बढ़कर 26.2% हो गई. उनकी संख्या भी दोगुनी होकर 1 करोड़ से बढ़कर 1.92 करोड़ हो गई है.
यह तस्वीर उत्साहजनक है, लेकिन चुनौतियां भी हैं. कार्यस्थलों पर वेतन असमानता और पदोन्नति में भेदभाव की समस्या अब भी कई बार सामने आती है. महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करना अभी भी बड़ी चुनौती है. इसी प्रकार की स्थानीय स्तर पर कुछ चुनौतियां भी हो सकती हैं. आज जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठने की बात करता है, तब नारी शक्ति इसका सबसे बड़ा इंजन है, यह ध्यान में आता है. शिक्षा, कौशल, उद्यमिता और अवसर, ये वह चार स्तंभ हैं जिन पर महिला सशक्तीकरण और विकसित भारत का सपना टिका है. हम उम्मीद करें कि भारत जब 2047 में स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब देश का सबसे बड़ा उत्सव केवल आर्थिक प्रगति नहीं होगा, बल्कि यह होगा कि महिलाएं बराबरी से उस प्रगति की धुरी बनी होंगी.

**आज का इतिहास**


1600 : मुगलों ने अहमदनगर पर कब्जा किया.
1858 : उंगलियों के निशान को पहचान बनाने वाले ब्रिटेन के जेम्स हर्शेल का जन्म.
1896 : उर्दू शायर फ़िराक़ गोरखपुरी का जन्म.
1914 : पहला विश्व युद्ध शुरू.
1972: बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित.
1984 : सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया.
1986 : भाग्यश्री साठे शतरंज में ग्रैंडमास्टर बनने वाली पहली भारतीय बनीं.
1992: मुथैया मुरलीधरन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट कॅरिअर की शुरुआत की.
1999: मेजर समीर असम में उग्रवादियों के एक गुट के साथ मुठभेड़ में शहीद.
2008 : अंतरराष्ट्रीय पत्रिका फोर्ब्स ने यूपी की सीएम मायावती को 100 शक्तिशाली महिलाओं में शामिल किया.
2018 : भारत के मंजीत सिंह ने जकार्ता एशियाई खेलों की पुरुष 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता.

## समय के साथ हमें अपनी सोच भी बदलनी चाहिए...

**चिंतन**

रेगिस्तान में बसे एक शहर में फलों की बहुत कमी थी. भगवान ने अपना दूत भेजा कि जाओ और लोगों से कह दो कि वो एक दिन में बस एक ही फल खाएं. सभी लोग ऐसा ही करने लगे. पीढ़ी दर पीढ़ी ऐसा होता आया और वहां पर्यावरण संरक्षित हो गया. चूंकि बचे हुए फलों के बीजों से और भी पेड़ निकल आते, कुछ दशकों में ही पूरा शहर हरा-भरा हो गया. अब वहां फलों की कोई कमी नहीं थी लेकिन अभी भी लोग एक दिन में बस एक ही फल खाने का पुराना रिवाज़ मानते थे. दूसरे शहर वाले उनसे बचे हुए फलों को देने का आग्रह करते पर उन्हें लौटा दिया जाता. नतीजतन काफी फल बर्बाद हो जाते और सड़कों पर बिखरे पड़े रहते. भगवान ने एक और दूत को बुलाया और कहा, जाओ लोगों से कह दो कि वो अब जितना चाहें उतने फल खाएं और बचे फलों को बाकी शहरों को दे दें.
दूत संदेश लेकर पहुंचा लेकिन उसे मार कर भगा दिया गया. लोग किसी भी बात को मानने के लिए तैयार नहीं थे. पर समय के साथ कुछ युवा पुराने रिवाजों के खिलाफ आवाज़ उठाने लगे. लेकिन इतनी पुरानी परंपरा को छोड़ना आसान न था. इसलिए लोगों ने धर्म ही छोड़ दिया और अब जी भर के फल खाने लगे और बचे हुए फलों को दूसरों में बांटने लगे. कुछ सालों में बस वो ही लोग धर्म को मानने वाले बचे जो खुद को संत मानते थे. लेकिन हकीकत में वे ये नहीं देख पा रहे थे कि दुनिया कैसे बदलती है और कैसे खुद को समय के साथ बदल लेना चाहिए .
दोस्तों ये कहानी हमारे लिए काफी सामयिक है . हमारे यहां बिल्ली के रास्ता काटने और कौवे के कांव – कांव से लेकर जात -पात और ऊंच-नीच से जुड़ी अनेकों मान्यताएं हैं जिनका आज कोई अर्थ नहीं है. और जैसे इस कहानी में इन चीजों को मानने वाले खुद को बड़ा धार्मिक और सबसे बड़ा संत समझते हैं उसी तरह हमारे समाज में भी ऐसी बातें मानने वाले खुद को बड़ा पवित्र और ईश्वर का चहेता समझते हैं, जबकि हकीकत कुछ और ही है. हमें भी समय के हिसाब से अपनी सोच को विकसित करना चाहिए, जो कल सही था वो आज गलत हो सकता है और जो आज सही है वो कल गलत भी हो सकता है. ये हमेशा याद रखें.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #GaneshChaturthi
2. श्री गणेश
3. गणपति बप्पा
4. #SuvviSuvvi
5. #TheyCallHimOG
6. #VinayakaChaturthi2025
7. मंगल मूर्ति
8. #NewBeginnings
9. Ash Anna
10. रिद्धि सिद्धि


# बहुरंग

## रोमियो' की शूटिंग के बीच बॉयफ्रेंड संग छुट्टियां मनाती दिखीं तृप्ति डिमरी



बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार अदाकारा तृप्ति डिमरी इन दिनों फिल्ममेकर विशाल भारद्वाज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं. इस फिल्म में वह पहली बार शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है. फिल्म की शूटिंग फिलहाल स्पेन में चल रही है, जहां टीम आखिरी शेड्यूल को पूरा करने में जुटी हुई है. शूटिंग के बीच तृप्ति अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में आ गईं. हाल ही में उन्हें अपने कथित बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन सैम मर्चेंट के साथ स्पेन में वक्त बिताते देखा गया. दोनों ने इंस्टाग्राम पर लगभग एक जैसी तस्वीरें शेयर कीं, जिससे उनके फैन्स के बीच कयासों का दौर एक बार फिर तेज हो गया.
स्पेन की गलियों में रोमांटिक ट्रिप : रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति 'रोमियो' की शूटिंग में खासा बिज़ी थीं, लेकिन जैसे ही उन्हें फुर्सत मिली, उन्होंने सैम के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का मौका नहीं छोड़ा. दोनों को स्पेन की खूबसूरत गलियों में घूमते हुए और वहां के स्ट्रीट फूड का आनंद लेते देखा गया. उनकी साझा की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस इस कपल की केमिस्ट्री को खूब पसंद कर रहे हैं.
**एक्शन और रोमांस से भरपूर होगी 'रोमियो' :** फिल्म 'रोमियो' की बात करें, तो विशाल भारद्वाज इसे एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म के रूप में तैयार कर रहे हैं. फिल्म का आखिरी शेड्यूल स्पेन में शूट हो रहा है, जिसमें दमदार एक्शन सीक्वेंसेज़ और एक रोमांटिक गाना शामिल है. शाहिद और तृप्ति की नई जोड़ी को लेकर मेकर्स को भरोसा है कि यह ऑडियंस के बीच काफी पसंद की जाएगी. तृप्ति डिमरी ने हाल ही में 'एनिमल' में अपने छोटे लेकिन प्रभावी रोल से दर्शकों का दिल जीता था, और अब वह शाहिद कपूर जैसे बड़े स्टार के साथ मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी. फैन्स न सिर्फ इस फिल्म के रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं, बल्कि तृप्ति और सैम की ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर भी उत्साहित हैं.

## 'ब्रिज' में दमदार रोल निभाएंगे आर माधवन, साथ होंगी राशि



आर. माधवन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक यादगार किरदार निभाए हैं और अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है. पिछली बार फातिमा सना शेख के साथ आप जैसा कोई में नजर आए माधवन अब अपनी नई फिल्म 'ब्रिज' लेकर आ रहे हैं. खास बात यह है कि इस फिल्म में उनकी जोड़ी एक्ट्रेस राशि खन्ना के साथ बनने जा रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म ब्रिज की कहानी ब्रिटेन की पृष्ठभूमि पर आधारित है. इसमें माधवन और राशि खन्ना के साथ सोहा अली खान भी एक अहम किरदार में नजर आएंगी. सोहा और माधवन को साथ पर्दे पर देखना दर्शकों के लिए खास होगा, क्योंकि दोनों ने 19 साल पहले रंग दे बसंती में साथ काम किया था. फिल्म की कहानी एक ऐसे दंपत्ति पर केंद्रित है, जो अपनी 10 साल पहले लापता हुई बेटी को तलाश रहे हैं. इस फिल्म का निर्देशन अक्षय कुमार की मिशन मंगल की लेखिका निधि सिंह धरमा और सिनेमैटोग्राफर नागराज दिवाकर ने मिलकर किया है. दिलचस्प बात यह है कि यह दोनों का निर्देशन में डेब्यू प्रोजेक्ट है. फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इस साल के अंत या 2026 की शुरुआत में रिलीज होने की उम्मीद है. माधवन के पास ब्रिज के अलावा कई बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं. वह अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आएंगे.

## 'हैवान' का हिस्सा बनीं सैयामी खेर, फिल्म में अहम किरदार निभाएंगी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है. फिल्म की शूटिंग इन दिनों केरल के खूबसूरत शहर कोच्चि में चल रही है. इस प्रोजेक्ट का निर्देशन मशहूर फिल्ममेकर प्रियदर्शन कर रहे हैं, जिन्हें 'भूल भुलैया', 'हेरा फेरी' और 'हंगामा' जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए याद किया जाता है. फिल्म के कास्ट को लेकर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं. हाल ही में श्रिया पिलगांवकर की एंट्री के बाद अब सैयामी खेर भी इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गई हैं. वह फिल्म में एक अहम किरदार निभाने वाली हैं. सेट से सामने आई तस्वीर में सैयामी को सैफ अली खान, प्रियदर्शन और अन्य क्रू मेंबर्स के साथ देखा जा सकता है. तस्वीर ने सोशल मीडिया पर फैंस का उत्साह और भी बढ़ा दिया है. सैयामी ने अपनी शूटिंग का पहला शेड्यूल शुरू कर दिया है और वह इस मौके को लेकर बेहद उत्साहित हैं. उन्होंने कहा कि प्रियदर्शन जैसे अनुभवी डायरेक्टर और अक्षय–सैफ जैसे दमदार एक्टर्स के साथ काम करना उनके लिए एक बड़ा मौका है. फिल्म की कहानी को लेकर मेकर्स ने अभी तक ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है, लेकिन इतना जरूर तय है कि स्क्रीन पर अक्षय और सैफ के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी. दोनों स्टार्स लंबे वक्त बाद एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे, ऐसे में दर्शकों की उम्मीदें पहले से ही काफी बढ़ चुकी हैं.

## अनिल कपूर ने पॉश इलाके बांद्रा में बेटे संग खरीदा लग्जरी फ्लैट



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अक्सर अपनी फिल्मों, फिटनेस और स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. हाल ही में उन्हें ऋतिक रोशन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर 2' में कर्नल विक्रांत कौल की दमदार भूमिका में देखा गया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा. अब अनिल एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह उनका रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनिल कपूर और उनके बेटे हर्षवर्धन कपूर ने मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा में करीब 5 करोड़ रुपये का एक शानदार अपार्टमेंट खरीदा है.
बताया जा रहा है कि यह डील अगस्त में फाइनल हुई. अनिल और हर्षवर्धन का नया आशियाना 'द स्मोकी हिल सीएचएस लिमिटेड' नाम की सोसाइटी में स्थित है. इस अपार्टमेंट का कुल क्षेत्रफल 1,165 वर्ग फुट है, जबकि इसका कारपेट एरिया 970 वर्ग फुट है. इसके साथ एक प्राइवेट गैरेज भी शामिल है. रजिस्ट्रेशन के दौरान कपूर फैमिली ने करीब 30 लाख रुपये का स्टांप शुल्क अदा किया है. फिल्मों की बात करें, तो अनिल कपूर जल्द ही 'अल्फा' में नज़र आने वाले हैं. इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आदित्य चोपड़ा की वेब सीरीज़ 'द रेलवे मेन' बनाई थी. 'अल्फा' इस साल क्रिसमस 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. खास बात यह है कि ऋतिक रोशन भी फिल्म का अहम हिस्सा होंगे.

## सिनेमा हॉल में छाया रजनीकांत का जादू, फैंस का दिल जीता

इन दिनों सिनेमाघरों में कई बड़े सितारों की फिल्में दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही हैं. इन्हीं में से एक है सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली'. रजनीकांत ने अपनी दमदार अदाकारी से एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया है. बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म लगातार अपनी पकड़ बनाए हुए है. रिलीज़ के दूसरे हफ्ते में भी 'कुली' करोड़ों की कमाई कर रही है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'कुली' ने अपनी रिलीज़ के 12वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 3 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 260.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी 'कुली' शानदार प्रदर्शन कर रही है. अब तक फिल्म ने दुनियाभर में 479 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है. इस मेगा बजट फिल्म की लागत करीब 350 करोड़ रुपये बताई जा रही है. 'कुली' में रजनीकांत के साथ नागार्जुन अक्किनेनी, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, सत्यराज और रचिता राम जैसे सितारों ने भी अहम भूमिकाए निभाई हैं. इसके अलावा आमिर खान और पूजा हेगड़े फिल्म में कैमियो करते नजर आते हैं. इस फिल्म का निर्देशन 'कैथी', 'विक्रम' और 'मास्टर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक लोकेश कनगराज ने किया है. बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद अब यह फिल्म जल्द ही अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है.





आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897


**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है. शुभांक-1-5-7

**वृष :** अवरुद्‌घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-3-6-7

**कर्क :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-4-3-6

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-4-6-9

**कन्या :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. सुख-आनंद कारक समय है. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्‌घ होंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. शुभांक-3-5-6

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. पारिवारिक विवाद टालें. आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्‌घ होगा. व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक :** व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी. काम की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. बातचीत में संयम बरतें. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है. शुभांक-1-5-7

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. बातचीत में संयम बरतें. आय के योग बनेगें. शुभांक-2-4-5

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. अपनों का सहयोग होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें. शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. शुभांक-3-6-9

**मीन :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्‌घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. किसी के दबाव में न आएं, कुछ लोग भ्रांति फैला सकते हैं. शुभांक-3-5-6

पूर्व क्रिकेटर ने मनोज तिवारी ने बीसीसीआई के फैसले पर उठाए सवाल, कहा

# रोहित शर्मा को वनडे से बाहर करने के लिए लाया गया ब्रोंको टेस्ट

**एजेंसियां। कोलकाता**

टी20 और टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके रोहित शर्मा अब सिर्फ एकदिवसीय अंतरराष्ट्री क्रिकेट खेलते हैं. माना जा रहा है कि वह 2027 में होने वाले ओडीआई वर्ल्ड कप तक खेलना चाहते हैं, हालांकि ये उनकी फिटनेस और फॉर्म पर निर्भर करेगा. रोहित शर्मा की उम्र अभी 38 साल है. इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों के लिए 'ब्रोंको टेस्ट' लाया है. ये टेस्ट प्लेयर्स में हाई लेवल की फिटनेस को बनाए रखने और एरोबिक क्षमता में सुधार करने के उद्देश्य से लाया गया है. इस बीच पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने इस पर बड़ा बयान दिया है.



रोहित शर्मा 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप से पहले ही संन्यास ले लें, इसी कारण से ये ब्रोंको टेस्ट को शुरू किया गया है. ये मानना है भारत के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का.

### ब्रोंको टेस्ट में रोहित शर्मा को रोक दिया जाएगा

मनोज तिवारी ने कहा, भारतीय क्रिकेट में शुरू हुआ ब्रोंको टेस्ट सबसे कठिन फिटनेस टेस्ट में से एक है, सवाल यही है कि ये अभी क्यों? जब नए हेड कोच को पहली ही सीरीज से ये काम मिल गया था तो तब क्यों नहीं? किसने इसे शुरू किया और ये किसका विचार है? ब्रोंको टेस्ट लागू करने के पीछे कौन है? मेरे पास इसका जवाब तो नहीं है लेकिन लेकिन लगता है कि अगर रोहित शर्मा अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत नहीं करते हैं तो तो उनके लिए जगह बनाना मुश्किल होगा. मेरे अनुसार उन्हें ब्रोंको टेस्ट में रोक दिया जाएगा.

हालांकि मनोज तिवारी ब्रोंको टेस्ट के पक्ष में भी दिखे. उन्होंने कहा, ये टेस्ट इस वजह से लाया गया है ताकि फिटनेस लेवल सबसे ऊंचे स्तर पर तय हो सके, लेकिन मेरा मानना है कि इसे कुछ प्लेयर्स को बाहर रखने के लिए भी लाया गया है. ऐसा 2011 में भी हुआ था जब सहवाग, युवराज, गंभीर और बाकी प्लेयर्स अच्छा कर रहे थे और 2011 में वर्ल्ड कप जीतने के बाद यो-यो टेस्ट लाया गया. इसके पीछे कई चीजें होती हैं. आगे देखते हैं क्या होता है.

रोहित की फिटनेस हमेशा चर्चा में रहती है, वह फिट नहीं हैं लेकिन बल्ले से वह अच्छे-अच्छे गेंदबाजों के छक्के छुड़ा देते हैं. इसलिए अनफिट होने के बावजूद उन्हें बैंच पर बिठाना मुश्किल है. और मनोज तिवारी का मानना है कि इसी वजह से इस टेस्ट को लाया गया है.

क्रिकट्रैकर से बात करते हुए मनोज तिवारी ने कहा, मेरे अनुसार 2027 वर्ल्ड कप की प्लानिंग से विराट कोहली को बाहर रखना मुश्किल है, लेकिन मुझे शक है कि वे रोहित शर्मा को इसकी प्लानिंग में शामिल करेंगे. देखिए, मैं उन चीजों का बारीकी से एनालिसिस करता हूं जो भारतीय क्रिकेट में चल रहा होता है. ब्रोंको टेस्ट, जो कुछ दिन पहले शुरू किया गया वो रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों के लिए हैं जिनको वह भविष्य में टीम में शामिल नहीं करना चाहते. मेरे अनुसार इसी कारण से इसे शुरू किया गया.

मनोज तिवारी ने ब्रोंको टेस्ट आने के समय पर भी सवाल उठाया. पिछले साल जुलाई में गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने थे, उसके बाद ब्रोंको टेस्ट अब शुरू किया गया. भारतीय क्रिकेट टीम के नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स जून में टीम में शामिल हुए और इसके बाद ये फिटनेस टेस्ट शुरू किया गया.

## बोरुसिया डॉर्टमंड ने चेल्सी से चुक्वुएमेका के साथ किया करार

**बर्लिन।** जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमंड ने इंग्लिश मिडफील्डर कार्नी चुक्वुएमेका को इंग्लिश प्रीमियर लीग टीम चेल्सी से स्थायी करार पर साइन करने की पुष्टि कर दी है. क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी. 21 वर्षीय चुक्वुएमेका ने पिछले सीजन डॉर्टमंड के लिए छह महीने लोन पर खेला था, जिसमें उनके प्रदर्शन ने प्रभावित किया. अब उन्होंने डॉर्टमंड के साथ जून 2030 तक का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, डॉर्टमंड ने यह डील करीब 25 मिलियन यूरो (लगभग 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में पूरी की है, जो पिछले सर्दियों में तय शुरुआती विकल्प से कम है.



आईपीएल में मेरा समय खत्म, अश्विन की रोचक अंदाज में रिटायरमेंट स्पीच

# न लिया अपने कप्तान एमएस धौनी और न टीम सीएसके का नाम

**एजेंसियां। चेन्नई**

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया. अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की. उनके ट्वीट में रोचक बात यह रही कि उन्होंने अपने करिश्माई करियर के दौरान साथ खेले किसी भी खिलाड़ी का नाम नहीं लिखा. यहां तक कि उनके पहले और आखिरी कप्तान एमएस धौनी का नाम भी नहीं है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स सहित किसी भी फ्रेंचाइजी का नाम नहीं लिखा.




### आर अश्विन आईपीएल रिकॉर्ड

अश्विन आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेले हैं. उनका आईपीएल सफर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2009 में शुरू हुआ था. पहले सीजन वह 2 मैच ही खेल पाए. अपने अंतिम आईपीएल सीजन (2025) में वह सीएसके के लिए 9 मैच खेले, जिसमें उनके नाम 7 विकेट रहे. देखें उनके किन फ्रेंचाइजियों के लिए कितने विकेट हैं.

- सीएसके के लिए (2009-15 और 2015)- 106 मैचों में 97 विकेट
- आरपीएस के लिए (2016)- 14 मैचों में 10 विकेट
- पीबीकेएस के लिए (2018-19)- 28 मैचों में 25 विकेट
- डीसी के लिए (2020-22)- 28 मैचों में 20 विकेट
- आरआर के लिए (2022-24)- 45 मैचों में 35 विकेट

कुल 5 टीमों के लिए खेलते हुए अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट लिए. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मैच खेले, इसमें उनके नाम क्रमश 537, 156 और 72 विकेट हैं.

### रविचंद्रन अश्विन की आईपीएल रिटायरमेंट स्पीच

अश्विन ने एक्स पर लिखा- कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है. आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है. उन्होंने कहा- मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं. आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं.

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट करियर से लिया था रिटायरमेंट

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. वह अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट मैच में भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट (537) लेने वाले गेंदबाज हैं. आईपीएल में अश्विन ने 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पदार्पण किया था. एक दशक के लंबे अंतराल के बाद 9.75 करोड़ रुपये में सुपर किंग्स से दोबारा जुड़ने के बाद उन्होंने आईपीएल 2025 में इसी टीम की ओर से अपना आखिरी मैच खेला.

पुजारा के संन्यास पर कोहली की आई प्रतिक्रिया, लिखा पोस्ट

# मेरा काम आसान करने के लिए धन्यवाद

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने चेतेश्वर पुजारा के लिए एक भावुक पोस्ट लिखा है. चेतेश्वर पुजारा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला किया था. विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा लंबे समय तक एक साथ खेले और दोनों ने कई मौकों पर साझेदारी भी निभाई. 2018-19 के ऐतिहासिक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पुजारा टीम के काफी काम आए.

**भारत की जीत में दिया था अहम योगदान :** पुजारा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2018-19 में सात पारियों में 521 रन बनाए थे जिसकी मदद से कोहली की अगुआई वाली भारतीय टीम 2-1 से सीरीज अपने नाम करने में सफल रही थी. पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट जून 2023 में इंग्लैंड में ही खेला था. उनका आखिरी टेस्ट या यूं कहें अंतरराष्ट्रीय मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केनिंग्टन ओवल में खेला गया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल था. चेतेश्वर पुजारा हाल फिलहाल में भारत के इंग्लैंड दौरे पर कमेंट्री करते दिखे थे.

**कोहली-पुजारा ने निभाई थी कई साझेदारियां:** कोहली ने पुजारा के लिए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखा है. कोहली ने चौथे नंबर पर उनका काम आसान करने के लिए पुजारा को धन्यवाद दिया है और अपनी शुभकामनाएं दी हैं. कोहली ने लिखा, चौथे नंबर पर मेरा काम आसान के लिए धन्यवाद पुज्जी. आपका करियर शानदार रहा. बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं. भगवान आपका भला करें. चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली ने टीम में रहते हुए भारत के लिए मध्यक्रम में शानदार साझेदारियां निभाईं. इस जोड़ी ने 83 पारियों में 3513 रन बनाए, जिसमें सात शतकीय साझेदारियां और 18 अर्धशतकीय साझेदारियां शामिल हैं.



### चेतेश्वर पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर

चेतेश्वर पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और पांच वनडे खेले। टेस्ट में उन्होंने 176 पारियों में 43.61 की औसत से 7195 रन बनाए. इनमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रन का रहा. वहीं, वनडे में उन्होंने 39.24 की औसत से 510 रन बनाए. इसके अलावा पुजारा आईपीएल में 30 मैच खेल चुके हैं. इसकी 22 पारियों में उन्होंने 99.75 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए. इसमें एक अर्धशतक शामिल है.

### पुजारा ने संन्यास के बाद मांगी माफी

**मुंबई।** चेतेश्वर पुजारा ने 24 अगस्त, 2025 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था. अगले ही दिन पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट से जुड़ी यादों को लोगों के साथ शेयर किया. वहीं अब पुजारा ने मंगलवार, 26 अगस्त की रात एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने चाहने वालों और सभी फैंस से माफी मांगी है. पुजारा ने क्रिकेट से रिटायर होने के बाद अपना ये पहला वीडियो शेयर किया है. भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के बाद एक शॉर्ट वीडियो शेयर किया है. पुजारा ने इस वीडियो के जरिए सभी का धन्यवाद किया. पुजारा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में जो आप सभी ने मुझे प्यार दिया, उसे देखकर मैं बहुत खुश हूं और बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं. पुजारा ने आगे कहा कि मैं कोशिश कर रहा हूं कि मैं सभी की बातों का जवाब दे सकूं, लेकिन अगर किसी के मैसेज का रिप्लाई करना मुझसे रह गया है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं. पुजारा ने आगे कहा कि भारतीय टीम के लिए खेलना बड़े ही सम्मान की बात है और मैं टीम इंडिया के लिए जो योगदान दे सकता था, वो मैंने किया. आप सभी लोग जो मुझे प्यार और सपोर्ट दे रहे हैं, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं. आप सभी के प्यार के लिए बहुत शुक्रिया.

यूपी टी20 लीग में आदर्श सिंह का धमाका

## कानपुर सुपरस्टार्स की 128 रन से बड़ी जीत



**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

यूपी टी20 लीग के 19वें मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स ने काशी रुद्राज को करारी शिकस्त देते हुए 128 रन से बड़ी जीत दर्ज की. भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आदर्श सिंह की तूफानी शतक और शुभम मिश्रा की घातक गेंदबाजी ने पूरी बाजी पलट दी. शानदार शतक के लिए आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया. शुभम मिश्रा की घातक गेंदबाजी ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर सुपरस्टार्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही. टीम ने चौथे ओवर में पहला विकेट खो दिया और 10वें ओवर तक स्कोर सिर्फ 54/2 था. मुश्किल परिस्थितियों में आदर्श सिंह ने धैर्य दिखाया और फिर तूफानी अंदाज में गियर बदला. आदर्श ने 51 गेंदों पर शतक पूरा किया और अंत तक नाबाद रहते हुए 55 गेंदों पर 113 रन ठोके. उनकी पारी में 12 छक्के शामिल थे, जिनमें से 10 सिर्फ आखिरी 19 गेंदों में आए.

## ब्राज़ील अक्टूबर में खेलेगा दक्षिण कोरिया और जापान से दोस्ताना मुकाबले

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राज़ीलियाई फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने मंगलवार को घोषणा की कि पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राज़ील अक्टूबर में दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले खेलेगा. यह मैच 2026 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा होंगे. कार्यक्रम के अनुसार, ब्राज़ील 10 अक्टूबर को सियोल में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा, जबकि 14 अक्टूबर को टोक्यो में जापान से उसका सामना होगा. ब्राज़ील पहले ही 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है और अगले महीने अपने अंतिम दो क्वालिफ़ायर में चिली और बोलिविया का सामना करेगा. सीबीएफ के जनरल कोऑर्डिनेटर रोड्रिगो कैएटानो ने कहा कि ये दोस्ताना मुकाबले टीम को विभिन्न फुटबॉल शैलियों का अनुभव देंगे. उन्होंने बताया, "दक्षिण कोरिया और जापान के बाद हमारा प्लान नवंबर में अफ्रीकी टीमों और मार्च तथा जून 2026 में यूरोप की शीर्ष टीमों से मुकाबला करने का है.

चोट के बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार सूर्यकुमार यादव

## सर्वश्रेष्ठ स्तर पर लौटने का भरोसा जताया

**एजेंसियां। मुंबई**

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव चोट के बाद मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं. सूर्यकुमार को चोट के कारण सर्जरी करानी पड़ी थी और उन्हें रिहैब से गुजरना पड़ा. सूर्यकुमार आईपीएल 2025 के बाद से मैदान से बाहर हैं और अब वह अगले महीने होने वाले एशिया कप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे. भारतीय टीम सूर्यकुमार की अगुआई में ही एशिया कप में अपने खिताब बचाने के अभियान में उतरेगी.

**चोट के बारे में खुलकर की बात:** सूर्यकुमार ने वापसी से पहले अपनी चोट के बारे में खुलकर बात की और कहा कि उनके लिए यह ब्रेक सर्वश्रेष्ठ स्तर पर लौटने का एक मौका था. सूर्यकुमार ने बंगलूरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब प्रक्रिया पूरी की। बीसीसीआई ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें सूर्यकुमार ने अपने रिहैब प्रक्रिया से लेकर वापसी तक के बारे में बात की. सूर्यकुमार ने कहा, मैं अभी अच्छा महसूस कर रहा हूं. पांच-छह हफ्ते हो गए हैं. यह एक अच्छी प्रक्रिया है. पिछले छह हफ्तों से अच्छी दिनचर्या है और उम्मीद है कि मैं बहुत अच्छा महसूस करूंगा. रिहैब के दौरान सबसे जरूरी बात यह है कि आपके आस-पास अच्छे लोग हों जो आपका अच्छी तरह से मार्गदर्शन करें और पिछले दो-तीन वर्षों में मैं जब भी मैं रिहैब में था तो मैंने यही किया. मैंने इसे अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर में वापसी करने के अवसर के रूप में देखा.



एशिया कप से पहले संजू सैमसन का बड़ा चमत्कार

## 1 ही गेंद में बना डाले 13 रन

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एशिया कप 2025 से पहले भारत की टी20 टीम के ओपनर संजू सैमसन ने कोहराम मचा रखा है. वह इस वक्त गजब फॉर्म में चल रहे हैं. सैमसन का बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जोकि भारतीय टीम के लिहाज से काफी अच्छी बात है. सैमसन आगामी एशिया कप में भारत के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेल सकते हैं. संजू सैमसन फिलहाल केरल क्रिकेट लीग 2025 यानी केसीएल में खेल रहे हैं. संजू ने इस लीग में खेलते हुए त्रिशूर टाइटंस के खिलाफ 1 गेंद में 13 रन बना डाले, आखिर यह कैसे मुमकिन हुआ, आइए बताते हैं.

दरअसल, यह बात है संजू सैमसन की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स और त्रिशूर टाइटंस के मैच की, जो मंगलवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. कोच्चि की पारी का 5वां ओवर सिजोमोन जोसफ डाल रहे थे. उनके ओवर की चौथी गेंद पर संजू सैमसन स्ट्राइक पर थे और उन्होंने लाजवाब सिक्स जड़ दिया. हालांकि, इसके बाद पता चला कि वो नो बॉल थी. फिर जो लीगल डिलिवरी स्पिनर गेंदबाज ने डाली उसपर भी संजू ने छक्का लगा दिया.



**एशिया कप :** भारत की टीम पर पूर्व विदेशी खिलाड़ियों की टिप्पणी से नाराज हुए गावस्कर

# जम कर लगाई लताड़, कहा- आग में घी मत डालो

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

एशिया कप को शुरू होने में अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है. भारत ने अगले महीने यूएई में होने वाले इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है जिसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे. टीम में श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल को शामिल नहीं करने पर काफी चर्चा हुई थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इस बात से हैरानी जताई है कि एशिया कप टीम को लेकर भारत के अलावा पूर्व विदेशी खिलाड़ी क्यों टिप्पणी कर रहे हैं जिनके बयान आग में घी डालने का काम कर रहे हैं. गावस्कर ने कहा कि अगर भारतीय मीडिया, सोशल मीडिया और क्रिकेट पंडितों के बीच एशिया कप टीम को लेकर कोई बहस नहीं होती, तो उन्हें हैरानी होती. लेकिन यह बात कि विदेश के पूर्व क्रिकेटर भी इस बहस में पड़ रहे हैं, उन्हें स्वीकार्य नहीं है. गावस्कर ने एक कॉलम में लिखा, हैरान करने वाली बात यह है कि जिन विदेशियों का भारतीय क्रिकेट में कोई योगदान नहीं है और जिन्हें इसके बारे में बहुत कम जानकारी है, वे इस बहस में कूद पड़े हैं और आग में घी डालने का काम कर रहे हैं. वे खिलाड़ी के रूप में चाहे कितने भी महान क्यों न हों और भारत में कितनी भी बार क्यों न आए हों, भारतीय टीम का चयन उनका बिल्कुल भी काम नहीं है. उन्हें अपने देश के क्रिकेट पर ध्यान देना चाहिए और हम भारतीयों को अपने क्रिकेट की चिंता करने देना चाहिए. हैरानी की बात यह है कि जब उनके देश की टीमों का चयन होता है तो चयन के बारे में उनसे शायद ही कुछ सुना जाता है.



गावस्कर ने लिखा, ऐसा लग रहा है जैसे चयन एकदम सही है और उन्हें कोई टिप्पणी करने की जरूरत ही नहीं है. तो फिर भारतीय टीम के चयन में दखलंदाज़ी क्यों? क्या आपने कभी पूर्व भारतीय क्रिकेटरों को दूसरे देशों की टीमों के चयन के बारे में बात करते सुना है? नहीं, हम अपने काम से मतलब रखते हैं और हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किसे चुनते हैं और किसे नहीं.

### भारतीय दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से मिलती है मदद

गावस्कर का मानना है कि सोशल मीडिया पर भारतीय दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से इन विदेशी क्रिकेट हस्तियों को सोशल मीडिया पर अधिक फॉलोअर्स और व्यूज मिलने में मदद मिलती है, जिससे उन्हें अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलती है. गावस्कर ने कहा, सोशल मीडिया के जमाने में जहां व्यूज और फॉलोअर्स पाना ही मुख्य विषय है, संख्या बढ़ाने का सबसे तेज तरीका भारतीय मामलों पर टिप्पणी करना है. ज्यादातर वे इसे नकारात्मक रूप से करते हैं, इसलिए भारतीय यूजर्स की प्रतिक्रिया काफी होती है, जिससे उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ जाती है. अगर आपकी चमड़ी मोटी है, तो और भी अच्छा है. यही कारण है कि कई विदेशी क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट और क्रिकेटरों के बारे में अपनी ज्यादातर नकारात्मक टिप्पणियों से भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को परेशान करके अपनी आजीविका चलाई है.

लगातार शतक लगाकर सरफराज ने चयनकर्ताओं को दिया संदेश

# मुंबई को विषम परिस्थितियों से उबारा

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय टीम के बल्लेबाज सरफराज खान टीम में वापसी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं. इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अनदेखे किए गए सरफराज का बल्ला बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में जमकर बोल रहा है और उन्होंने इस प्रतियोगिता में लगातार दो शतक जड़ दिए हैं. मुंबई के लिए खेलते हुए सरफराज ने हरियाणा के खिलाफ 111 रनों की पारी खेली और टीम को विषम परिस्थितियों से उबारा.

**सरफराज के दम पर मजबूत स्कोर पर पहुंचा मुंबई :** सरफराज की पारी के दम पर ही मुंबई ने हरियाणा के खिलाफ नौ विकेट पर 346 रन बनाए लिए हैं. सरफराज ने इस दौरान छक्का लगाकर 99 गेंदों पर अपना सैकड़ा पूरा किया. वह इससे पहले टीएनसीए एकादश के खिलाफ 138 रन की पारी खेल चुके हैं. इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने एक समय 84 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद सरफराज ने 112 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों से आक्रामक शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. मुंबई को सलामी बल्लेबाजों दिव्यांश सक्सेना (46) और मुशीर खान (30) ने 69 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन इसके बाद टीम ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा प्रग्नेश कंपिलेवार (03) और सूर्यांश शेडगे (01) के विकेट भी जल्दी-जल्दी गंवाए. सरफराज ने इसके बाद पारी को संभाला. तनुष कोटियान (48) और शम्स मुलानी (नाबाद 50) ने भी उपयोगी पारियां खेली.



इस बीच ऋतुराज गायकवाड़ (133 रन, 144 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) और अर्शिन कुलकर्णी (146 रन, 190 गेंद, 16 चौके और एक छक्का) के शतक की बदौलत महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 440 रन बनाए. हिमाचल की तरफ से प्रिंस ठाकुर ने 144 रन देकर सात विकेट चटकाए.

## जिले के 17 थानों के बदले गए थानाध्यक्ष

**अररिया :** जिले में 17 थाना के थानाध्यक्ष बदले गए.एसपी अंजनी कुमार ने अररिया जिलादेश संख्या 822/2025 जारी कर तत्काल प्रभाव से पुलिस अधिकारियों को अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देने को कहा है. पुलिस कार्यालय के विधि शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार को नरपतगंज थाना का थानाध्यक्ष,महलगांव थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार को भरगामा थानाध्यक्ष,ताराबाड़ी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रेमचंद्र कुमार को यातायात थाना का थानाध्यक्ष,डीआईयू शाखा में पदस्थापित एसआई रौशन कुमार को सिकटी थानाध्यक्ष,बरदाहा थाना के थानाध्यक्ष विकास कुमार मौर्य को कुर्साकांटा थानाध्यक्ष,पुलिस केंद्र में पदस्थापित एसआई रोहित कुमार को फुलकाहा थाना का थानाध्यक्ष, अनि नवदीप कुमार गुप्ता को बैरगाछी थानाध्यक्ष, एसआई चंदन कुमार को सोनामणी गोदाम थानाध्यक्ष, एसआई ब्रजेश कुमार को महलगांव थानाध्यक्ष, एसआई प्रेमप्रकाश शर्मा को कुआड़ी थानाध्यक्ष,एसआई मुकेश कुमार 2 को घुरना थानाध्यक्ष,भरगामा थाना में अपर थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित मिथिलेश कुमार सिंह को बरदाहा थानाध्यक्ष,पुलिस कार्यालय के जन शिकायत कोषांग प्रभारी एसआई सुनील कुमार को बसमतिया थानाध्यक्ष,पुलिस केंद्र के एसआई राजवीर कुमार साहु को बथनाहा थाना का थानाध्यक्ष,एसआई कुंदन कुमार को बौसी थानाध्यक्ष,एसआई रंजीत कुमार को ताराबाड़ी थाना का थानाध्यक्ष और महिला थाना में पदस्थापित एसआई पूजा कुमारी 2 को अनुसूचित जाति जनजाति थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है.एसपी ने अपने कार्यालय आदेश में सभी अधिकारियों को अविलंब अपने नव पदस्थापन स्थानों पर योगदान देने का निर्देश दिया है. आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर तीन साल से अधिक समय से जिले में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों के पूर्णिया रेंज के अन्य जिले में स्थानांतरण के बाद रिक्त हुए स्थानों और दूसरे जिले से अररिया जिले में योगदान किए पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना की गई है.

## प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को आएंगे पूर्णिया, एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन

संवाददाता ।पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने 15 सितम्बर को एक बार फिर



बिहार आएंगे. यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 सितम्बर को बिहार के पूर्णिया आयेंगे. वे पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही सीमांचल को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे. प्रधानमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा तय करेगा. प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है. प्रधानमंत्री मोदी का यह सातवां बिहार दौरा है. इससे पहले 6 बार प्रधानमंत्री मोदी बिहार आ चुके हैं. भागलपुर, मधुबनी, सासाराम, सीवान, मोतिहारी और गयाजी के दौरे के बाद अब प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया आएंगे. इससे पहले अपने सभी दौरे पर उन्होंने बिहार को करोड़ों की सौगात देने का काम किया है. गयाजी में भी करीब 13 हजार करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास उन्होंने किया. अब पूर्णिया को एयरपोर्ट की सौगात देने आ रहे हैं.

## समान काम का समान वेतन की मांग को लेकर गृह रक्षकों ने किया प्रदर्शन

शुभम संदेश । भागलपुर




समान काम का समान वेतन की मांग को लेकर बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) के जवान सड़कों पर उतर आए. जवानों ने कंबाइंड बिल्डिंग गेट से विरोध जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की. जुलूस मनाली चौक, तिलकामांझी चौक, सैंडिस कंपाउंड होते हुए समाहरणालय गेट तक पहुंचा. इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल जवानों ने हमारी मांगे पूरी करो, समान वेतन दो, सरकार होश में आओ आदि नारे लगाए. विरोध कर रहे जवानों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब-तब आंदोलन जारी रहेगा. संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद ने कहा कि वे चुनाव ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा और आपदा प्रबंधन हर मोर्चे पर तैनात रहते हैं. फिर भी उन्हें न्यूनतम वेतन और सुविधा से वंचित रखा जाता है. उल्लेखनीय हो कि इससे पहले बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के बैनर तले सैंडिस कंपाउंड मैदान में बैठक आयोजित की गई थी. बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद यादव ने की थी. इसमें निर्णय लिया गया कि 27 अगस्त को समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा. बैठक में जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद यादव ने कहा था हमारी मांग पूरी तरह जायज है. यदि सरकार अब भी चुप रही तो जवान मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेंगे.

## पितृपक्ष मेले को लेकर खास इंतजाम, तैयारी हो गई शुरू



शुभम संदेश । गयाजी

गयाजी में पितृपक्ष मेले के आयोजन को लेकर सरकारी तैयारी शुरू हो गई हैं. पितरों को मोक्ष दिलाने का महापर्व पितृपक्ष मेला- 2025 दस दिनों के बाद शुरू होगा. एक पखवाड़े तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध मेला का उद्घाटन 6 सितंबर को होगा. गयाजी के विष्णु नगरी में मेला के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों से पिंडदानियों का आना शुरू हो जाएगा. 6 सितंबर गया जी में गोदावरी तालाब या पटना जिले के पुनपुन नदी से पिंडदान शुरू होगा. विष्णु नगरी में मुख्य रूप से 7 सितंबर को फल्गु नदी में स्नान और तर्पण के साथ त्रिपाक्षिक गया श्राद्ध शुरू होगा. जो 22 सितंबर को गायत्री घाट पर मातामाह श्राद्ध के साथ समाप्त होगा. साथ ही पिंडदान से लेकर तीर्थ यात्रियों के लिए प्रशासन द्वारा की जानें वाली सुविधाओं के बारे में भी आपको बता रहे हैं.

**कुंभ की तर्ज पर होगी मेले की सफाई :** पितृपक्ष मेले को यादगार पल बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ निगम प्रशासन ने भी कमान संभाल लिया है. कुंभ की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में साफ सफाई की व्यवस्था होगी. इस दौरान सफाई के लिए तीन एजेंसियों को जिम्मेदारी दी गई है.

**निजी आवास और धर्मशाला में ठहरने से पहले होगी जांच :** गयाजी के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं को घरों में ठहरने के लिए 134 और निजी धर्मशाला की तरफ से 525 आवेदन मिले हैं. उन्होंने बताया कि लाइसेंस देने से पहले इसका भौतिक सत्यापन कराया जाएगा. सभी मानकों की जांच के बाद ही लाइसेंस निरस्त किया जाएगा.

**मेले में निगम करेगी 12 करोड़ रुपये खर्च :** राजकीय पितृपक्ष मेला की तैयारी पर गया जी नगर निगम 12 करोड़ रुपये खर्च करेगी. जिसमें पेयजल, रोड, नाली, ढक्कन, रंग रोगन, साफ सफाई समेत विभिन्न बुनियादी जरूरत पर खर्च करेगी.

## 5वीं की छात्रा ने स्कूल के टॉयलेट में लगाई आग

शुभम संदेश । पटना

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित अमला टोला कन्या विद्यालय में बुधवार को एक छात्रा ने बाथरूम में घुसकर आग लगा ली, जिससे वो बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गई. लड़की का नाम जोया परवीन है, जो दमडीया की रहने वाली है. वो कक्षा 5 की छात्रा है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल में उसे भर्ती कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है. इसके बाद स्कूल में काफी हंगामा हुआ.

छात्रा का शरीर 90 प्रतिशत तक जल गया है और उसे इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. बताया जाता है कि चितकोहरा अमला हाई स्कूल छात्रा ने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई है. इससे वो 90 प्रतिशत तक जल गई. उसे इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज सिओटी में चल रहा है. वहीं गुस्साए लोगों ने स्कूल को घेर लिया और जमकर हंगामा किया.

घटना के बाद कई शिक्षक स्कूल के अंदर हैं, जिन्हें बाहर नहीं आने दिया गया. मौके पर पुलिसकर्मियों की पिटाई भी की गई. लोगों ने एसएचओ को थप्पड़ भी मारे. फिलहाल, सेंट्रल एसपी दीक्षा समेत तमाम आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं. घटना के बाद स्कूल का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है. कुछ शिक्षक डर के मारे भाग गए हैं. जब भीड़ स्कूल पहुंची, तो वहां भारी तोड़फोड़ हुई. कुर्सियां-मेजें तोड़ दी गईं. जरूरी कागजात भी फाड़ दिए गए. परिजनों ने इस घटना को हत्या बताया है. उन्होंने कहा कि किसी ने उसकी हत्या की है, या फिर बेटी ने किसी के दबाव में आकर खुद को आग लगा लिया है. जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह जोया स्कूल के बाथरूम में गई थी. उसके हाथ में एक बोतल भी थी. बाथरूम में जाने के बाद कुछ छात्राओं ने बाथरूम से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद हंगामा मच गया. स्कूल के बाहर अभी भी भारी भीड़ जमा है. पुलिस लोगों को समझाने में जुटी है. उधर, मौके पर मिट्टी के तेल का एक डिब्बा मिला है. इसमें लगभग आधा लीटर तेल बचा है. बाथरूम के बाहर एक नीला कपड़ा भी पड़ा है. बाथरूम को सील कर दिया गया है. एफएसएल टीम जांच कर रही है. पुलिस अब स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है.

**तीज के दिन कैमूर में हादसा**

## मां के साथ तालाब में स्नान करने गए 3 बच्चे डूबे, 2 मरे

शुभम संदेश ।पटना

कैमूर में तीज के दिन यानी बीते मंगलवार (26 अगस्त, 2025) की शाम मां के साथ तालाब में नहाने गए तीन बच्चे डूब गए. इनमें से दो की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है. मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के रहारी गांव का है. गांव के पोखरा (तालाब) में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ है. ये तीनों बच्चे भाई-बहन थे. नहाने के दौरान तीनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. ग्रामीणों ने शोर सुनकर तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन दो भाई-बहन को नहीं बचाया जा सका. डॉक्टर ने गजेंद्र यादव की पुत्री अंशिका कुमारी (13 वर्ष) और बेटे प्रियांशु कुमार (11 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया. तीसरी बच्ची खुशबू कुमारी की हालत गंभीर है. बेहतर इलाज के लिए उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया.

तीज के दिन मातम में बदलीं खुशियां घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## पीएम नरेंद्र मोदी की विदेश नीति फेल : मृत्युंजय तिवारी

शुभम संदेश ।पटना

कअमेरिका के जरिए भारत पर लगाए गए 25% अतिरिक्त व्यापार शुल्क यानी टैरिफ बुधवार से लागू हो गया. इस पर आरजेडी नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि, बहुत ही दर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गए थे अबकी बार ट्रंप सरकार करने और कहते थे हमारे मित्र हैं, तो उन्होंने इस तरह से भारत के साथ किया, पीएम मोदी को इसका जवाब देना चाहिए. इससे प्रतीत हो रहा है कि पीएम मोदी की विदेश नीति फेल हुई है.

मृत्युंजय तिवारी ने विधानसभा चुनाव पर कहा, अभी तक बहुत उदाहरण मिले जहां बीजेपी वोट चोरी करके ही सरकार में आई है. वोट चोरी करने के बाद भी ये लोकसभा चुनाव में 240 सीट पर अटक गए. इन्होंने कुछ काम किया नहीं. सिर्फ वोट चोरी कर सरकार में आते हैं. बिहार की जनता अब इन्हें पहचान गई है और वो अपने वोट की रक्षा करेगी और अपने वोट के अधिकार के लिए जान की बाजी लगा देगी.

**कारोबार**

## टाटा स्टील पर अमेरिकी टैरिफ का कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं : टीवी नरेंद्रन




**जमशेदपुर** । बिष्टुपुर के सर दोराबजी टाटा पार्क में सर दोराबजी टाटा की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह में टाटा स्टील के एमडी और सीईओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि अमेरिका के 50 प्रतिशत आयात शुल्क का टाटा स्टील की भारतीय इकाइयों पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा. नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील भारत या जमशेदपुर से अमेरिका में स्टील का निर्यात नहीं करती, बल्कि यूरोप स्थित प्लांट से अमेरिकी बाजार में निर्यात होता है, जहां कुछ हद तक असर संभव है. नरेंद्रन ने यह भी बताया कि भारत में स्टील की घरेलू मांग तेजी से बढ़ रही है और सरकार द्वारा किए जा रहे आर्थिक सुधारों जैसे जीएसटी में बदलाव और नीतिगत सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था और भी मजबूत हो रही है. हालांकि उन्होंने माना कि अमेरिकी टैरिफ का असर टेक्सटाइल, ज्वेलरी और जेम्स इंडस्ट्री पर पड़ सकता है, लेकिन इससे निपटने के लिए भारत सरकार निरंतर बैठकें कर रही है और उचित समाधान खोजे जा रहे हैं. इस अवसर पर टाटा स्टील के एमडी ने कहा कि कंपनी पिछले 119 वर्षों से राष्ट्र की सेवा कर रही है और आगे भी करती रहेगी. उन्होंने बताया कि टाटा स्टील हाइड्रोजन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास कर रही है ताकि पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन को बढ़ाया जा सके. सर दोराबजी टाटा की जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे सभी लोगों ने सर दोराबजी टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को नमन किया. वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया और उन्हें सच्चा राष्ट्रसेवक बताया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी देश के लिए उद्योग और अवसर खड़े किए.

### गणेश चतर्थी और ट्रंप के टैरिफ का असर

## चमका सोना, चांदी की कीमत स्थिर

एजेंसी ।नई दिल्ली




घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को गणेश चतर्थी और ट्रंप के टैरिफ लागु होने से सोने के भाव में तेजी का रुख बना रहा. इसके विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है. कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये से लेकर 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 93,900 रुपये से लेकर 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिका. चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिकी. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई.

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर रहा, जबकि 22 कैरेट सोना 93,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका.

## ट्रंप के टैरिफ का असर, 0.4-0.5 प्रतिशत के तक घट सकती है यूएस अर्थव्यवस्था

एजेंसी ।नयी दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ के कारण महंगाई बढ़ सकती है, जिस वजह से यूएस की अर्थव्यवस्था 0.4-0.5 प्रतिशत के बीच घट सकती है. अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ बुधवार से लागू हो गया है. इसे मिलाकर भारतीय निर्यात पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है.

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका में महंगाई दर पूरे 2026 में दो प्रतिशत के ऊपर रह सकती है. इसकी वजह टैरिफ के कारण आपूर्ति में व्यवधान और एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव होना बताया जा रहा है. रिपोर्ट में कहा गया, "अमेरिका में महंगाई के नए दबाव के संकेत दिखने लगे हैं, जो हाल ही में लगाए गए टैरिफ और कमजोर डॉलर के कारण खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे आयात-संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ रही है. एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा और विकास गति भी धीमी होगी. इसमें आगे कहा गया है कि अमेरिकी टैरिफ से अमेरिकी जीडीपी पर 40-50 आधार अंकों (0.4-0.5 प्रतिशत) का असर पड़ सकता है और इनपुट लागत में भी बढ़ोतरी हो सकती है.

अमेरिका के जैक्सन होल में फेड के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा था कि हम बढ़ती कीमतों और कमजोर रोजगार बाजार में जोखिमों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं. कीमतों पर उच्च टैरिफ का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है. जुलाई में अमेरिका के थोक मूल्यों में लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तीन वर्षों में सबसे तेज वृद्धि थी. इसका कारण टैरिफ युद्ध के परिणामस्वरूप लागत में इजाफा होना है. उत्पादक मूल्य सूचकांक में साल-दर-साल 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सेवाओं, प्रसंस्कृत वस्तुओं और फर्नीचर व परिधान जैसे टैरिफ केंद्रित आयातों की कीमतों में तेज वृद्धि देखी गई. अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि जब तक टैरिफ वापस नहीं लिए जाते, अमेरिका में परिवारों को अपने बजट पर और अधिक दबाव का सामना करना पड़ेगा.

## गणेश चतुर्थी पर स्टॉक मार्केट में रही छुट्टी, कमोडिटी मार्केट में इवनिंग सेशन में होगा कारोबार

एजेंसी।नई दिल्ली

गणेश चतुर्थी के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को छुट्टी है. स्टॉक मार्केट में कोई कारोबार नहीं होगा. वहीं कमोडिटी मार्केट में मॉर्निंग सेशन में गणेश चतुर्थी की छुट्टी रहेगी, लेकिन इवनिंग सेशन में कमोडिटी मार्केट में सामान्य कारोबार होता रहेगा. कमोडिटी मार्केट में शाम 5 बजे से रात 11:30 बजे तक कमोडिटी ट्रेडिंग होती रहेगी. इस दौरान तमाम कमोडिटीज में सामान्य दिनों की तरह ट्रेडिंग होगी. स्टॉक मार्केट में कल 28 अगस्त से सामान्य कारोबार शुरू होगा. इसी तरह कमोडिटी मार्केट में भी कल से मॉर्निंग और इवनिंग दोनों सेशन में कारोबार की शुरुआत हो जाएगी. 28 अगस्त यानी कल ही बैंक निफ्टी, निफ्टी 50 और मिडकैप निफ्टी जैसे एनएसई के डेरिवेटिव्स कांट्रैक्ट्स की मंथली एक्सपायरी होगी. इसके साथ ही स्टॉक्स के भी मंथली डेरिवेटिव्स कांट्रैक्ट्स की मंथली एक्सपायरी कल ही होगी. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की ओर से उपलब्ध कराई गयी.

### योगी सरकार लाएगी नई इलेक्ट्रॉनिक्स पॉलिसी

## निवेशकों को सब्सिडी व टैक्स छूट का तोहफा

एजेंसी ।लखनऊ



उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार केंद्र सरकारी इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग योजना के साथ ही अपनी ओर से भी टॉप अप इंसेंटिव देगी. योगी सरकार जल्द ही अपनी इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेन्ट विनिर्माण नीति लाएगी जिसमें उद्यमियों को कई तरह की सहूलियत दी जाएंगी. इसमें रोजगार सृजित करने और प्रदेश के युवाओं को वरीयता देने वालों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान होगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित 'उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025' के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. यह नीति आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा तैयार की गयी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे तेजी से उभरता क्षेत्र है. आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी है लिहाजा सम्भावनाओं वाले इस सेक्टर का लाभ प्रदेश को उठाना चाहिए. मुख्यमंत्री ने नीति के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि निवेशकों को आकर्षित करने के लिए केन्द्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेन्ट मैन्युफेक्चरिंग स्कीम के साथ उत्तर प्रदेश की ओर से टॉप-अप इन्सेंटिव दिया जाना चाहिए. इसी तरह पूंजीगत निवेश पर आकर्षक सब्सिडी, अतिरिक्त लाभ, स्टाम्प शुल्क एवं बिजली शुल्क में छूट, ब्याज अनुदान, लॉजिस्टिक्स और संचालन सहायता जैसे प्राविधान शामिल किये जाएं. उन्होंने कहा कि यदि निवेशक प्रदेश में रोजगार सृजित करता है और प्रदेश के युवाओं को वरीयता देता है तो उसे विशेष प्रोत्साहन दिया जाए.

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए. निवेशकों को एकल विण्डो प्रणाली के माध्यम से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. युवाओं के लिए रोजगार सृजन को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों से जोड़ा जाए तथा कौशल विकास कार्यक्रम उसी के अनुरूप संचालित हों. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट विनिर्माण का वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए. यह नीति न केवल विदेशी निवेश आकर्षित करेगी, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू मूल्य संवर्धन और विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायक होगी.

## भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक

एजेंसी ।नयी दिल्ली



फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय में डेयरी सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग बन गया है. देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक होगा, क्योंकि सरकार इस क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दे रही है. डेयरी उद्योग को मजबूत करने में तकनीक की अहम भूमिका है जिसके लिए सरकार और निजी संस्थानों के महत्वपूर्ण साझा भूमिका रही है और यह आगे भी बनी रहने वाली है.

मुंबई में आयोजित अनुगा फूडटेक इंडिया और अनुगा सिलेक्ट इंडिया 2025 के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के कार्यकारी निदेशक सीतारामन रघुपति ने कहा कि भारत के खाद्य एवं पेय क्षेत्र में डेयरी सेक्टर का 25 फीसदी योगदान है, और भारत दुनिया के एक-चौथाई दूध का उत्पादन करता है, जिसकी बाजार कीमत 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक है. डेयरी सेक्टर में 2,35,000 गांवों के 1.7 करोड़ किसान जुड़े हुए हैं, जिनमें से 35 फीसदी महिलाएं हैं.

फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय में डेयरी सेक्टर सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग बन गया है. सीतारामन रघुपति ने कहा कि देश का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर आने वाले वर्षों में सबसे तेज़ी से बढ़ते उद्योगों में से एक होगा, क्योंकि सरकार इस क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दे रही है. उन्होंने कहा कि भारत का खाद्य और पेय क्षेत्र तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसे 180 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि, 7.5 लाख करोड़ रुपये के खाद्य प्रसंस्करण और उपभोक्ता खर्च के 40 फीसदी से अधिक के खाद्य लागत से समर्थन मिल रहा है.

## न्यूज अपडेट

### ओडिशा में युवती का अपहरण कर छह महीने तक किया सामूहिक दुष्कर्म

**बालासोर** । ओडिशा के बालासोर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है. पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय युवती का अपहरण कर छह महीने तक कई लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया. पीड़िता ने बताया कि मई में उसके ही इलाके का एक व्यक्ति उसे अपहरण कर मयूरभंज जिले के बारिपदा ले गया, जहां उसे बंदी बनाकर रखा गया. युवती ने हाल ही में किसी तरह भागकर भोगराई थाने में शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी रोहित कुमार बाल ने बताया कि इससे पहले युवती की मां ने 3 मार्च को शिकायत की थी कि बेटी घर से सोने-चांदी के जेवरात लेकर एक युवक के साथ भाग गई. इसी आधार पर पहले केस दर्ज हुआ था.

### केरल हाईकोर्ट ने एडीजीपी के खिलाफ संपत्ति मामले की कार्यवाही रोकी

**केरल** । केरल हाईकोर्ट ने बुधवार को एडीजीपी एम.आर. अजीत कुमार के खिलाफ चल रही आय से अधिक संपत्ति (डीए) शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी. न्यायमूर्ति ए. बादरुद्दीन ने यह अंतरिम आदेश अजीत कुमार की याचिका पर दिया, जिसमें उन्होंने विशेष सतर्कता अदालत के 14 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी. विशेष अदालत ने इससे पहले सतर्कता विभाग द्वारा दी गई क्लीन चिट को खारिज कर दिया था और कहा था कि मामले में प्रथमदृष्टया आगे बढ़ने के पर्याप्त आधार हैं. अदालत ने शिकायतकर्ता और गवाहों की जांच करने का निर्णय भी लिया था. हाईकोर्ट ने फिलहाल कार्यवाही पर 12 सितंबर तक रोक लगा दी है. अगली सुनवाई उसी दिन होगी. विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है.

### असम में 11 करोड़ रुपये की अवैध मॉर्फिन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** । असम के करबी आंगलोंग जिले में पुलिस ने 11 करोड़ रुपये की अवैध मॉर्फिन जब्त की है. पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात असम-नगालैंड सीमा के पास डिलाई इलाके के 6 माइल क्षेत्र में गश्त के दौरान एक ट्रक को रोका गया. तलाशी में चालक की सीट के पीछे से 10.71 किलो मॉर्फिन बरामद की गई. पुलिस ने मौके से ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें अवैध नशीले पदार्थों का सप्लायर माना जा रहा है. अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है. इस बरामदगी के बाद पुलिस जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ कहां से लाया गया और कहां सप्लाई होना था.

### केरल में शिक्षिका पर ओणम को लेकर कथित नफरत भरे बयान का केस


**त्रिशूर** । केरल के त्रिशूर जिले में एक निजी स्कूल की शिक्षिका पर ओणम त्योहार से जुड़े कथित नफरत भरे बयान को लेकर केस दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार, यह मामला डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया की शिकायत पर दर्ज किया गया. शिकायत में कहा गया है कि शिक्षिका ने हाल ही में स्कूल से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप में वॉयस मैसेज पोस्ट कर लिखा कि संस्थान में ओणम मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह 'दूसरे धर्म का त्योहार' है. पुलिस ने बताया कि शिक्षिका के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 192 (दंगे की नीयत से भड़काने वाला उकसावा) के तहत केस दर्ज किया गया है.

### पश्चिमी त्रिपुरा में चार पिस्तौल और सात मैग्जीन बरामद, पुलिस कर रही जांच

**त्रिपुरा** । त्रिपुरा के पश्चिमी त्रिपुरा जिले में पुलिस ने चार पिस्तौल और सात मैगजीन बरामद की हैं. पुलिस अधीक्षक नमित पाठक ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात माध्यपारा इलाके में एक घर पर छापेमारी की गई. अमताली थाना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान हथियार बरामद हुए. यह घर कुख्यात अपराधी दीपंकर सेन का है, जिस पर पहले से कई मामले दर्ज हैं. सेन फिलहाल जेल में है और पहले भी अवैध हथियारों के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है. जब्त किए गए हथियारों को जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा गया है. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार स्थानीय आपराधिक नेटवर्क के लिए थे या फिर किसी बड़े तस्करी गिरोह का हिस्सा थे.

### सड़क हादसे में घायल आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त एसपी का निधन

**नयी दिल्ली** । आंध्र प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) केडीएमवी आर प्रसाद का बुधवार को हैदराबाद में निधन हो गया. वे पिछले महीने एक सड़क हादसे में घायल हुए थे और अस्पताल में इलाज करा रहे थे. 56 वर्षीय प्रसाद 26 जुलाई को हैदराबाद के पास चौटुप्पल में हुए हादसे में घायल हुए थे, जबकि उस कार में सवार दो डीएसपी की मौके पर मौत हो गई थी. पुलिस ने बताया कि हादसा तब हुआ जब विजयवाड़ा से हैदराबाद जा रही कार अचानक सामने चल रहे वाहन से टकराने से बचने के लिए रोड डिवाइडर से टकरा गई. इसके बाद कार सड़क के दूसरी ओर जा गिरी और वहां से आ रही दूसरी गाड़ी से टकरा गई. दुर्घटना में प्रसाद और एक हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए थे.



• मुंबई के गणेशोत्सव की शान माने जाने वाले लालबागचा राजा का इतिहास 1934 से शुरू होता है. उस समय लालबाग क्षेत्र के मजदूरों की रोज़ी-रोटी का बड़ा स्रोत बंद हो गया था. स्थानीय लोगों ने गणपति बप्पा से प्रार्थना की कि क्षेत्र में रोज़गार और समृद्धि लौटे.

# वैष्णो देवी यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड से बड़ी तबाही, 34 लोगों की मौत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से हालात बिगड़े हैं. कटरा स्थित माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बुधवार को हुए बड़े भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हुए हैं. कई जगहों पर भूस्खलन के बाद मलबा जमा होने और पत्थर गिरने से जम्मू-कटरा राजमार्ग बंद हो गया है. भारी बारिश के कारण नॉर्दर्न रेलवे ने बुधवार को 22 ट्रेनें रद्द कर दीं और 27 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया. इनमें वैष्णो देवी बेस कैंप से चलने वाली 9 ट्रेनें भी शामिल हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन घटनाओं पर दुख जताया. एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, ₹श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण हुई जनहानि दुखद है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हों. प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है.

**बचाव अभियान जारी :** बीते दिन त्रिकूट पहाड़ी पर स्थित मंदिर के मार्ग का बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया था. बचाव अभियान जारी है और आशंका है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हो सकते हैं. लगातार बारिश ने जम्मू-कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी है. जम्मू में पुल ढह गए, बिजली लाइनों और मोबाइल टावरों को भारी नुकसान पहुंचा. मंगलवार को सुबह 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच जम्मू में 6 घंटे में 22 सेंटीमीटर बारिश हुई. हालांकि आधी रात के बाद बारिश में कमी आई, जिससे जिले को थोड़ी राहत मिली. इस बीच, मंगलवार तक लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और जलभराव से 3,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया. राहत कार्य जिला प्रशासन, जेके पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारतीय सेना और स्थानीय वॉलंटियर्स की संयुक्त टीमों द्वारा चलाया जा रहा है. प्रभावित लोगों को अस्थायी शेल्टर्स में खाना, साफ पानी और मेडिकल सहायता दी जा रही है. वैष्णो देवी धाम के रास्ते पर भूस्खलन की घटना में जान गंवाने वालों में 9 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है हालांकि, केंद्रशासित प्रदेश के कई हिस्सों में टेलीकॉम ब्लैकआउट हो गया है, जिससे लाखों लोग संपर्क से बाहर हैं. प्रशासन का ध्यान हाई-रिस्क इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने पर है. जम्मू शहर, आरएसपुरा, सांबा, अखनूर, नगरोता, कोट भलवाल, बिश्नाह, विजयपुर, पुरमंडल, कठुआ और ऊधमपुर. वहीं रियासी, रामबन, डोडा, बिलावर, कटरा, रामनगर, हीरानगर, गूल और बनिहाल में हल्की बारिश हो रही है.

#### पीड़ितों की हर संभव मदद करें : खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि जम्मू और कश्मीर के माता वैष्णो देवी मार्ग पर भारी बारिश व भूस्खलन से 32 लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद दु:खद है. मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई राज्य-अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति की चपेट में हैं.खरगे ने कहा कि हिमाचल की हमारी कांग्रेस सरकार और प्रशासन की टीमें पूरी तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं. इस मुश्किल स्थिति में मैं इन सभी राज्यों के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपेक्षा करता हूं कि वो पीड़ितों की हर संभव मदद करें.

#### मैंने पीएम और गृहमंत्री से बात की : एलजी

कटरा-जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, ₹यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. कल दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा बंद कर दी गई थी, लेकिन अर्थकुंवारी के पास बादल फटने के कारण कई लोग पानी के बहाव में बह गए. कई अनमोल जानें चली गईं और कई घायल हुए. मैंने घायलों से मुलाकात की है, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें उचित उपचार दिया जा रहा है. कई मृतकों की पहचान हो गई है और उनके शव को घर भेजने की व्यवस्था की जा रही है. मृत्यु के लिए कोई मुआवजा नहीं है, लेकिन श्राइन बोर्ड की नीति के अनुसार 5 लाख रुपये दिए जाते हैं, आपदा प्रबंधन भी मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये देगा... मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से बात की है. प्रशासन राहत और बचाव कार्य में पूरी तत्परता से लगा हुआ है.

**निचले इलाकों में पानी कम होने लगा : सीएम अब्दुल्ला**

सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि थोड़ी राहत मिली है क्योंकि बारिश लगभग थम गई है. निचले इलाकों से पानी कम होने लगा है. आपदा से हुआ नुकसान आपके सामने है. 2014 में भी इसी पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था.

### श्रीलंका के पूर्व पुलिस अधिकारी को तीन साल बाद मिली जमानत, जेल से रिहा



**कोलंबो** । देश के पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देशबंधु तेनाकून लगभग तीन साल बाद आज जेल से रिहा कर दिए गए. तेनाकून को 9 मई, 2022 को गॉल फेस में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था. कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट निलुपुली लंकापुरा ने उन्हें सशर्त जमानत देते हुए उनकी यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है. डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिरीक्षक तेनाकून को डुम्बारा जेल से जूम के जरिए अदालत में पेश किया गया. अदालत ने जमानत आदेश में स्पष्ट किया कि तेनाकून इस मामले में 33वां संदिग्ध नहीं, बल्कि 37वां संदिग्ध है. 33वां संदिग्ध लियानाद मेंडिस है. श्रीलंका के उच्चतम न्यायालय ने 14 दिसंबर, 2023 को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए देशबंधु तेनाकून को यातना के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया था. इसके बाद उनकी नियुक्ति के खिलाफ दायर नौ मौलिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी करके तेनाकून को कार्यवाहक पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्य करने से रोक दिया था. याचिकाओं में देशबंधु पर ईस्टर संडे नरसंहार और मई 2022 में 'गोटागोगामा' विरोध स्थल पर हुई घटनाओं के संबंध में उनकी चूक के आरोप लगाए गए थे.

### बांग्लादेश व द. कोरिया ने रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई

**एजेंसी । ढाका (बांग्लादेश)**

बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया ने अपने मौजूदा राजनीतिक और विकासात्मक संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई है. साथ ही रणनीतिक साझेदारी के अवसर भी तलाशे हैं. बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों देशों ने यह सहमति कल सियोल में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के चौथे दौर के दौरान जताई. बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की खबर में आज यह जानकारी दी गई. द डेली स्टार के अनुसार, विदेश मंत्रालय के सचिव (द्विपक्षीय-पूर्व और पश्चिम) डॉ. नजरुल इस्लाम ने बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल और कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रथम उपमंत्री पार्क यूनजू ने किया. दक्षिण कोरिया 1.3 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के साथ बांग्लादेश का पांचवां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रदाता है. सैमसंग सहित 200 से अधिक कोरियाई कंपनियों की बांग्लादेश में महत्वपूर्ण उपस्थिति है. दक्षिण कोरिया में लगभग 20,000 बांग्लादेशी नागरिक रहते हैं. इनमें से अधिकांश प्रवासी कामगार और उनके परिवार हैं.



यूपी में बाढ़ का कहर : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बाढ़ के बीच छोटा बघाड़ा क्षेत्र का हवाई नजारा.

### गृहमंत्री ने 'ऑपरेशन महादेव' के जवानों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली** । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के उन जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने हाल ही में सफलतापूर्वक 'ऑपरेशन महादेव' को अंजाम देते हुए पहलगाम हमले के आतंकियों का सफाया किया. शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश की जनता की ओर से सुरक्षा बलों को यह सम्मान दिया जा रहा है, जिन्होंने देशवासियों के मन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत किया है. जिस समय कश्मीर में पर्यटन अपने चरम पर था, उसी दौरान आतंकियों ने पहलगाम हमले के जरिये 'कश्मीर मिशन' को पटरी से उतारने की असफल कोशिश की.

### बांग्लादेश में प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज, 10 घायल

**एजेंसी । ढाका**



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर देशभर के इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस ने बलपूर्वक मुख्य सलाहकार के आवास राज्य अतिथिगृह यमुना की तरफ बढ़ने से रोक दिया. पुलिस ने इसके लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की. आखिर में लाठीचार्च कर उन्हें तितर-बितर करने की कोशिश की. पुलिस लाठीचार्च में कम से कम 10 व्यक्ति घायल हो गए. द डेली स्टार और ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार इस प्रदर्शन में बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विवि (बीयूईटी) और अन्य इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए. छात्रों ने आज सुबह अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर ढाका में शाहबाग चौराहे को जाम लगा दिया. यहां से छात्र दोपहर करीब एक बजे राज्य अतिथिगृह यमुना की ओर बढ़े. पुलिस ने दोपहर करीब डेढ़ बजे बैरिकेड लगाकर जुलूस को इंटरकॉन्टिनेंटल होटल के पास रोक लिया. पुलिस के अनुसार छात्रों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, इसलिए उन्हें तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया. इसके बाद छात्र होटल के सामने बैठ गए, तो पुलिस ने पानी की बौछार शुरू कर दी. आरोप है कि इस बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए. रमना डिवीजन के पुलिस उपायुक्त मसूद आलम ने कहा कि छात्रों के बैरिकेड तोड़ने से स्थिति बिगड़ी और पुलिस को लाठीचार्च और बल प्रयोग करना पड़ा. उन्होंने इस दौरान छात्र और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. प्रदर्शनकारी छात्रों ने दावा किया कि उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को पुलिस ने बल प्रयोग कर कुचलने की कोशिश की. शाहबाग पुलिस थाना प्रभारी खालिद मंसूर ने कहा कि पुलिस को अपने बचाव में बल प्रयोग का सहारा लेना पड़ा. पुलिस का कहना है कि छात्रों के ₹ढाका मार्च₹ के कारण सुबह करीब 10 बजे शाहबाग चौराहे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई. लाठीचार्ज के दौरान मेट्रो रेल शाहबाग चौराहे पर स्थिति तनावपूर्ण रही.

**पाकिस्तान** | पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के छह जिलों में नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि

# पंजाब के छह जिलों में बाढ़ से निपटने के लिए सेना बुलाई

**एजेंसी । लाहौर (पंजाब)**

पाकिस्तान, 27 अगस्त (हि.स.). पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के छह जिलों में नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि से बाढ़ की आशंका बढ़ गई है. पंजाब सरकार तटीय क्षेत्र के गांवों को खाली करा रही है. साथ ही बचाव और राहत कार्यों में सहायता के लिए छह जिलों में सेना बुलाई गई है. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने मंगलवार देर रात कहा कि भारत ने रावी नदी पर स्थित अपने थीन बांध के सभी द्वार खोल दिए हैं. इस दौरान बारिश के कारण चिनाब नदी उफान पर है. चिनाब के निचले इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं. डान अखबार की खबर



के अनुसार, बुधवार आधीरात बाद 2 बजे हेड मराला में चिनाब और हेड जस्सर में रावी नदियां खतरे के निशान को पार कर गईं. इससे इलाके में बाढ़ आ गई. चिनाब पर स्थित हेड खानकी और हेड कादिराबाद भी अगले 24 घंटों के भीतर खतरनाक स्तर को पार कर सकते हैं. अधिकारियों को डर है कि रावी नदी से व्यापक नुकसान हो सकता है. लाहौर और कसूर सहित कई जिलों में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो गई है. कसूर में 72 गांव और 45,000 निवासी प्रभावित हुए हैं. पाकपट्टन, वेहारी, बहावलनगर और बहावलपुर सहित सतलुज बेसिन में हजारों लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने बताया कि 14,000 नागरिकों और 17,000 पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. पीडीएमए ने कहा कि उसने 130 नावें, 115 आउटबोर्ड मोटरें, 500 बचावकर्मी, 1,300 लाइफ जैकेट और 1,600 टेंट भी तैनात किए हैं. रेस्क्यू 1122 ने कहा कि उसने कसूर, ओकारा, पाकपट्टन, बहावलनगर और वेहारी से 28,055 लोगों को निकाला है. पीडीएमए के महानिदेशक इरफान अली काठिया ने नदी-तल और नालों, खासकर देग नाले से तत्काल जल निकासी के आदेश दिए हैं. इस बीच राहत आयुक्त नबील जावेद ने मुर्री और गलियत में भूस्खलन की चेतावनी जारी की है. पंजाब गृह विभाग के एक प्रवक्ता के अनुसार, लाहौर, फैसलाबाद, कसूर, सियालकोट, नरोवाल और ओकारा जिलों में जिला प्रशासन की मदद के लिए सेना की तैनाती की गई है. इस बीच राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल इनाम हैदर मलिक ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45 प्रतिशत तेजी से पिघल रहे हैं. इस वर्ष की विनाशकारी बाढ़ मुख्य रूप से हिमनदों के पिघलने के कारण आई है. उन्होंने बताया कि मौजूदा मानसून के 10 सितंबर तक रहने की उम्मीद है. यह मानसून अब तक देश भर में लगभग 800 लोगों की जान ले चुका है.

### विदेश मंत्री रुबियो कल अपने इजराइली समकक्ष से मिलेंगे

**वाशिंगटन (अमेरिका)** । अमेरिका के विदेशमंत्री मार्को रुबियो कल दोपहर विदेश विभाग में इजराइली विदेशमंत्री गिदोन सार से मुलाकात करेंगे. इसी वक्त व्हाइट हाउस में गाजा पर एक बड़ी बैठक होने की उम्मीद है. इसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप करेंगे. सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइली विदेशमंत्री गिदोन सार इस समय वाशिंगटन में हैं. रूबियो से मुलाकात के अलावा सार गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम से भी मुलाकात करने वाले हैं. नोएम इजराइली दूतावास के कर्मचारियों यारोन लिस्चिंस्की और सारा मिलग्राम की हत्या के बाद मई में इजराइल का दौरा कर चुकी हैं. विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा है कि व्हाइट हाउस में गाजा पर होने वाली अहम बैठक की रूपरेखा तैयार की जा रही है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.

गणेश चतुर्थी आज




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, बुधवार, 27 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹4
वर्ष : 3, अंक : 140


## नीरज हत्याकांड

# संजीव समेत सभी रिहा



धनबाद, 27 अगस्त 2025: झारखंड के धनबाद में बहुचर्चित नीरज सिंह हत्याकांड मामले में आज विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। इस सनसनीखेज मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत सभी 11 आरोपियों को बरी कर दिया गया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने में विफल रहा। यह फैसला 21 मार्च 2017 को हुई पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह और उनके तीन साथियों—अशोक यादव, घल्टू महतो और मुन्ना तिवारी—की हत्या से जुड़ा है, जिसमें सैकड़ों राउंड गोलियां चलाई गई थीं।फैसले के दिन धनबाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व थी। कोर्ट के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, और परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

फैसले से पहले कोर्ट के बाहर संजीव सिंह के समर्थकों की भारी भीड़ जमा थी, जो उनके पक्ष में नारे लगा रहे थे। जैसे ही कोर्ट ने संजीव सिंह और अन्य आरोपियों को बरी करने का ऐलान किया, समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कोर्ट परिसर के बाहर "संजीव सिंह जिंदाबाद" के नारे गूंजने लगे। समर्थकों ने इसे "सत्य की जीत" करार दिया। संजीव सिंह की पत्नी और झरिया की वर्तमान बीजेपी विधायक रागिनी सिंह ने कहा, "हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। आज असत्य पर सत्य की जीत हुई है।" नीरज सिंह हत्याकांड कोयलांचल की सियासत और कोयला कारोबार में वर्चस्व की लड़ाई से जोड़ा जाता रहा है। नीरज सिंह और संजीव सिंह, जो चचेरे भाई थे, एक ही राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन उनके बीच लंबे समय से तनाव था। इस हत्याकांड ने 2017 में पूरे धनबाद में सनसनी फैला दी थी। संजीव सिंह 2017 से जेल में थे और हाल ही में 8 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी।फैसले के बाद संजीव सिंह के समर्थकों ने धनबाद में जश्न मनाया। रागिनी सिंह ने कहा कि संजीव जल्द ही जनता की सेवा में फिर से जुटेंगे। दूसरी ओर, नीरज सिंह के समर्थकों में निराशा देखी गई। इस फैसले ने धनबाद की सियासत में नई चर्चा छेड़ दी है।

शुभम संदेश
धनबाद, बुधवार 27 अगस्त, 2025



# नीरज सिंह हत्याकांड के किरदार

सरायढ़ेला पुलिस ने लंबे अनुसंधान के बाद कोयलांचल में सनसनी फैलाने वाले इस शूट आउट में भूमिका निभाने वाले हर किरदार एवं उसके द्वारा किए गए कामों के विषय में विस्तार से लिखकर चार्जशीट दायर की थी. तो चलिए जानते हैं इन प्रमुख किरदारों को.





**धनंजय सिंह** - धनंजय सिंह उर्फ रणधीर धनंजय सिंह उर्फ धनजी सिंह विधायक का निजी बॉडीगार्ड जो सालों से विधायक के संग रहता था. चार्जशीट के मुताबिक उसने हत्या में दो भूमिका निभाई है. पहली भूमिका विधायक, पंकज, डबलू, संजय के साथ मिलकर मेंशन एवं कैमूर में नीरज सिंह की हत्या की योजना बनाई. दूसरे भूमिका हत्या के दिन नीरज की रैकी की और उसकी हर सूचना शूटर तक पहुंचाई.



**डबलू मिश्राः**-डबलू मिश्रा उर्फ मृत्युंजय मिश्रा उर्फ मृत्युंजय गिरी उर्फ राकेश मिश्रा विधायक का करीबी. रंजय की हत्या के बाद धनजी ने इसे फोन कर समस्तीपुर से बुलाया. शूटरों को मकान दिलाने में अहम भूमिका निभाई. डायरी के पाराग्राफ 369 घटना से एक दिन पूर्व ही 20 मार्च को डबलू समस्तीपुर भाग गया था. डबलू के मोबाईल नंबर 7677302667 एवं उसकी बेटी के पास मौजूद मोबाईल नंबर 7361090110 का सीडीआर इस बात की पुष्टि करता है. डबलू ने शूटरों को हर वो जरूरी सामान उपलब्ध कराया, जिसकी उन्हें जरूरत पड़ी.



**संतोषः** संतोष विधायक का बेहद करीबी. फर्जी आईडी कार्ड से इसने सिम कार्ड लिया. उसी सिम से वह शूटरों से बात करता था. शूटरों की बात विधायक और पंकज तक और विधायक की बात पंकज और शूटरों तक पहुंचाता था. इसने इस मामले में एक काबिल लाईजनर की भूमिका निभाई. पंकज के साथ मिलकर इसने ही हथियार की व्यवस्था की थी.



**पंकज सिंहः** सुल्तानपुर लम्भुआ निवासी पंकज सिंह विधायक का बेहद करीबी. मुन्ना बजरंगी ग्रुप का शार्प शूटर. इसने ही हत्या की सुपारी ली थी. रंजय की हत्या के बाद वह धनबाद आया था. संतोष ने उसे बुलाया था. पहले दिल्ली के दो शूटरों मोनू एवं सोनू के साथ सौदा तय किया. नीरज के बाहर चले जाने के कारण काम नहीं बन पाया. फिर वह वापस चला गया. होली के तीन-चार दिन पहले वह मेंशन आया. फिर अपने साथी शूटरों को बुलाया. हत्या को अंजाम देकर आसनसोल के रास्ते फरार हो गया.



**पिन्टू सिंहः**- पिन्टू सिंह उर्फ जैनेन्द्र सिंह बड़े भाई राजीव रंजन का मित्र. चार्जशीट के मुताबिक हत्या की योजना की उसे पूरी जानकारी थी. संतोष के मार्फत अपनी बात शूटरों तक पहुंचाता था. हत्या के वक्त इसका लोकेशन घटनास्थल के पास था. पुलिस ने दावा किया है कि इसने शूटरों को भगाने में मदद की.



**संजय सिंह ।** विधायक के करीबी रंजय सिंह का भाई संजय सिंह मेंशन का पुराना सेवादार. पिन्टू, धनजी, डबलू, संजीव के अलावे इसे भी हत्या के योजना की पूरी जानकारी थी. शूटर कब आएंगे, कहां ठहरेंगे, डबलू के साथ मिलकर इसने तय किया था. विधायक ने संजय, संतोष एवं पंकज को हत्या की जिम्मेवारी दी थी.



**संजीव सिंह** - मेंशन के बंटवारे के विवाद को लेकर अर्से से नीरज से अदावत थी. नीरज की बढ़ती लोकप्रियता से भी विधायक संजीव विचलित हो गए थे. विधायक के दाहिना हाथ माने जाने वाले रंजय सिंह की हत्या ने विधायक को और विचलित कर दिया था. उसे लगने लगा था कि कहीं उसकी भी हत्या न हो जाए. प्रतिशोध में जल रहे संजीव ने अपने करीबियों के साथ मिलकर नीरज के कब्र में कील ठोंक दी. मेंशन एवं कैमूर में संजय, डबलू, पंकज, संतोष के साथ बैठकर हत्या की पूरी प्लानिंग तैयार कर ली. शूटरों को संतोष के साथ मिलकर पनाह दिलाया और उन्हें बाहर निकलने में मदद की. घटना के वक्त विधायक का लोकेशन भी सरायढ़ेला पाया गया.

**पुलिस फाइल में संपत्ति विवाद :** सिंह मेंशन सूर्यदेव सिंह की संपत्ति है. इसमें तुमलोगों को कुछ नहीं मिलेगा. हिस्सा मांगना छोड़ दो. यदि भविष्य में फिर बंटवारा की बात किया तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो. सिंह मेंशन में बंटवारे की बात करने गए नीरज सिंह को विधायक संजीव ने घटना से पहले धमकी दी थी. विधायक ने नीरज को चांटा भी मारा था. यह बयान पुलिस को नीरज के भाई व कांड के सूचक अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने दी थी. गुड्डू ने दावा किया है कि संपत्ती विवाद के कारण ही संजीव ने उसके भाई नीरज की हत्या करवाई गई है.

कैमरे की नजर में सुरक्षा व्यवस्था की एक झलक...


















# सुप्रीम कोर्ट ने दिया था छह माह में मुकदमे के निष्पादन का आदेश

नीरज सिंह हत्याकांड में सर्वोच्च न्यायालय ने 22 मार्च 25 को एक बड़ा आदेश देते हुए नीरज सिंह हत्याकांड की सुनवाई 6 माह में पूरी करने का आदेश मामले की सुनवाई कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनबाद की अदालत को दिया था. मामले के सूचक अभिषेक सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी संख्या 17990/24 दायर कर गुहार लगाई थी कि इस मामले में बीते 8 वर्षों से फैसला नहीं हो पाया है. बचाव पक्ष लगातार इसे लंबा खींचने का प्रयास कर रहा हैं, जिस पर सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने छह माह में सुनवाई पूरी करने का आदेश दिया था.

### मार्च से अगस्त तक लगातार 95 तारीख

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए समय के मुताबिक 14 अगस्त में छह माह की अवधि पूरी होने वाली थी। लिहाजा सुनवाई कर रही अदालत ने 22 मार्च 25 से मुकदमे में लगातार सुनवाई शुरू हुई 22 मार्च 25 से लेकर लगातार 13 अगस्त 25 तक सुनवाई के दौरान मुकदमे में कुल 95 तारीख पड़े. इस दौरान बचाव पक्ष ने अपना साक्ष्य और बहस की.

## शहर में रही चाक चौबंद व्यवस्था

**प्रमुख चौराहों पर चला चेकिंग अभियान, दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग**

**कोर्ट परिसर में धारा 144 लागू, इस सख्ती का नहीं दिखा कोई खास असर**



धनबाद । धनबाद शहर में इस चर्चित हत्याकांड में फैसले को लेकर जिला पुलिस काफी सजग रही. न सिर्फ कोर्ट परिसर बल्कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान दिन भर चलाया गया. चार पहिया वाहनों की डिक्की को खोलकर पुलिस वालों ने चेक किया. इसके साथ ही कोर्ट परिसर में प्रवेश से पूर्व ही सभी की चेकिंग हो रही थी. सतर्कतावश प्रशासन ने कोर्ट परिसर में धारा 144 लागू कर रखा था, हालांकि कोर्ट परिसर में इस सख्ती का कोई खास असर देखने को नहीं मिला. मंगलवार की रात से धनबाद शहर के प्रवेश मार्गों में चेकिंग अभियान शुरू कर दी गई थी. मटकुरिया, धनसार, झरिया, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक आदि स्थानों पर पुलिस वाले तैनात रहे. देर रात तक पुलिस की सख्ती जारी रही.

# बीच सड़क पर गूंजी थी गोलियों की तड़तड़ाहट

## शाम का अंधेरा फैलने से पहले बुझ गए थे चार घरों के चिराग

शुभम संदेश

धनबाद । कोयला राजधानी धनबाद 21 मार्च 2017 की उस भयावह शाम को आज भी नहीं भूल पाई है, जब ठीक शाम 7 बजे शहर की सड़कों पर गोलियों की तड़तड़ाहट ने दहशत का ऐसा मंजर बना दिया था कि लोग सहम उठे थे. अंधाधुंध फायरिंग में नीरज सिंह, उनके करीबी अशोक यादव, निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी और ड्राइवर घोल्टू की मौके पर ही मौत हो गई थी.

शाम का समय था और अंधेरा हो रहा था. इसी बीच सरायढेला स्टील गेट के जिगजैग ब्रेकर के पास नीरज सिंह की काली रंग की स्कार्पियो धीमी होती है. इससे पहले ही स्कार्पियो जिगजैग को क्रास करती, तभी उनके चालक को सामने से चलाई गई एक गोली आकर लगती है. इसके बाद फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठता है. एक एक कर गोलियों की बौछार कर दी जाती है. स्कार्पियो में नीरज सिंह आगे में चालक के बगल वाली सीट पर बैठे होते हैं, जो गोलियों से छलनी हो जाते हैं और उनके साथ स्कार्पियो पर सवार अन्य तीन लोगों की भी मौत



हो जाती है. पुलिस रिकार्ड के मुताबिक शूटरों ने नाइन एमएम पिस्टल से गोलियां चलाई थी. पुलिस के मुताबिक चार शूटर थे और उन्होंने गोलियां खत्म होने के बाद अपने मैगजीन भी बदले थे और फिर फायरिंग की थी. यानी कि पिस्टल की गोलियां खत्म होने के बाद फिर से पिस्टल में गोलियां लोड की गई और फिर गोलियां बरसाई गई थी. एक महिला चश्मदीद जो स्कूटी पर सवार थी, उसने शूटरों को देखा था. उसने वारदात के बाद बताया था कि वो भी ब्रेकर के पास ही गिर गई थी. गोलियां चलने की आवाज पर उसने देखा था कि एक शूटर दनादन फायर कर रहा था. एक बार उसने अपनी पिस्टल का मुंह उस महिला की तरफ भी किया था, जब महिला डर के मारे आंखें बंद कर वहीं पर लेट गई थी. थोड़ी देर बाद जब गोलियों की आवाज बंद हुई तो उसने अपनी आंखें खोली थी. तब तक शूटर वहां से फरार हो चुके थे. तब महिला की जान में जान आई थी.

### जाते-जाते गर्दन पर मारी थी गोली :

शूटरों ने पहले तो वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी. इसके बाद जब उन्हें लगा कि सभी को मौत के घाट उतार दिया है. तब जाकर उनमें से एक शूटर खुद नीरज सिंह की सीट की तरफ गया, वहां जाकर उसने नीरज सिंह को करीब से देखा और फिर अपनी पिस्टल से एक गोली नीरज सिंह की गर्दन पर भी चलाई थी. शूटर का इरादा था कि नीरज सिंह के जिंदा बचने का कोई चांस न हो, और हुआ भी ऐसा ही. गोलियों से छलनी नीरज सिंह की मौत हो गई.



















